3 **राजधानी** समर एक्शन प्लान के तहत एंटी डस्ट अभियान

6 **अभिमत** कौन है गहलोत की गुगली का निशाना?

10 **विदेश** आईएस की मदद में भारतीय मूल का अमेरिकी आरोपित

12 **स्पोर्ट्स** राहुल की जगह इशान भारतीय टीम में



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 182
नई दिल्ली, मंगलवार, 9 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




वायुसेना विरासत केंद्र का उद्घाटन किया
राष्ट्रीय-11

## कर्नाटक संप्रभुता विवादः भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

# ईसी ने कांग्रेस से मांगी सफाई

- पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से सोशल मीडिया पोस्ट में सुधार करने को कहा, भाजपा ने सोनिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कांग्रेस की मान्यता रद्द करने की मांग की
- आयोग ने कर्नाटक भाजपा से कांग्रेस के खिलाफ समाचारपत्र में दिए विज्ञापन पर साक्ष्य मांगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से भेंट के बाद निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों से बात करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह व अन्य भाजपा नेता फोटोः रंजन डिमरी

**कर्नाटक** संप्रभुता विवाद पर सोमवार को भाजपा द्वारा चुनाव आयोग से कांग्रेस की शिकायत के बाद आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से सोनिया गांधी के हवाले से कर्नाटक की संप्रभुता संबंधी टिप्पणी पर पार्टी की सोशल मीडिया पोस्ट पर स्पष्टीकरण देने और उसमें सुधार करने को कहा। खरगे को निर्वाचन आयोग का पत्र छह मई को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर दिखाई देने वाले एक ट्वीट के संबंध में भाजपा द्वारा एक शिकायत किए जाने के बाद भेजा गया है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा, कर्नाटक भारत संघ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य राज्य है और भारत संघ के सदस्य राज्य की संप्रभुता की रक्षा करने का कोई भी आह्वान अलगाव के आह्वान के समान है और यह खतरनाक और घातक परिणामों से भरा हुआ है।

भाजपा ने निर्वाचन आयोग को दी अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि ट्वीट पंजीकरण के समय राजनीतिक दलों द्वारा जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 29ए (5) के तहत ली गई अनिवार्य शपथ का उल्लंघन है। निर्वाचन आयोग के पत्र में कहा गया है, उपरोक्त के मद्देनजर, आपसे सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में स्पष्टीकरण देने और सुधार के उपाय करने का अनुरोध किया जाता है, जिसे आईएनसी ट्विटर हैंडल पर कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) अध्यक्ष के हवाले से डाला गया है। कांग्रेस की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी वर्तमान में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष हैं।

कांग्रेस ने शनिवार को हुबली में एक चुनावी रैली में सोनिया गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए एक ट्वीट में कहा था कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने 6.5 करोड़ कन्नड़ लोगों को एक कड़ा संदेश दिया। पार्टी ने उनकी तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह जनसभा को संबोधित करती दिख रही हैं। कांग्रेस ने ट्वीट में कहा था, कांग्रेस किसी को भी कर्नाटक की प्रतिष्ठा, संप्रभुता या अखंडता के लिए खतरा पैदा नहीं करने देगी।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक भाजपा को नोटिस जारी करके उस समाचारपत्र विज्ञापन के बारे में मंगलवार शाम तक 'सत्यापन योग्य और पता लगाने योग्य तथ्य प्रदान करने के लिए कहा जिसमें कांग्रेस को 'दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी' बताया गया था। कांग्रेस ने भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा जारी विज्ञापन के खिलाफ निर्वाचन आयोग से संपर्क किया था। ( शेष पेज 9 )

### चुनाव केलिए प्रचार थमा, वोटिंग 10 को

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार सोमवार शाम थम गया। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता बरकरार रखने के लिए तो वहीं कांग्रेस उसे पटखनी देने के लिए जोर आजमाइश कर रही है। राज्य की तीसरी सबसे बड़ी ताकत जनता दल (सेक्युलर) ने भी मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता में क्रमिक रूप से बदलाव की 38 साल पुरानी परंपरा को तोड़ने और दक्षिण भारत में अपने गढ़ को बचाने की कोशिश में जुटी है। भाजपा से सत्ता छीनने के लिए कांग्रेस कड़ी मेहनत कर रही है और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए मुख्य विपक्षी दल के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व में जनता दल (सेक्युलर) को चुनाव प्रचार में अपनी पूरी शक्ति झोंकते देखा गया और वह (जद-एस) चुनावों में किंगमेकर नहीं, बल्कि विजेता बन कर उभरना चाहता है।

# मिग-21 गिरा, तीन महिलाओं की मौत, पायलट सुरक्षित

- हादसे के कारणों का पता लगाने को कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित, नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक घर पर गिरा विमान

**पीएनएस/एजेंसी।** जयपुर/नई दिल्ली



राजस्थान के हनुमानगढ़ में विमान दुर्घटना स्थल पर जुड़ी लोगों की भीड़

**भारतीय वायुसेना** का लड़ाकू मिग-21 विमान सोमवार सुबह हनुमानगढ़ जिले के एक गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। विमान का पायलट सुरक्षित है। वायुसेना के अनुसार, यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था और पायलट इसमें से सुरक्षित रूप से निकल गया। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया, 'घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।' विमान के पायलट का सूरतगढ़ सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसे की शिकार महिलाओं के परिजनों व रिश्तेदारों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। वे 50 लाख रुपए मुआवजा और परिजन को सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं और अधिकारियों द्वारा उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय वायुसेना का एक मिग-21 विमान आज सुबह लगभग 9:45 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने सूरतगढ़ स्थित वायुसेना के हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण परिचालन के लिए उड़ान भरी थी। इसके तुरंत बाद पायलट को आपात स्थिति का अनुभव हुआ, जिसके बाद उसने विमान को तय प्रक्रिया के अनुसार ठीक करने का प्रयास किया और इसमें विफल रहने के बाद उन्होंने विमान से बाहर निकलने की प्रक्रिया की शुरूआत की।

पायलट सुरक्षित रूप से विमान से निकल गया और उसे मामूली चोट आई। पायलट सूरतगढ़ बेस से करीब 25 किलोमीटर उत्तर पूर्व में मिला। विमान का मलबा हनुमानगढ़ जिले के बहलोल नगर में एक घर पर गिर गया, जिससे दुर्भाग्यवश तीन लोगों की मृत्यु हो गई। भारतीय वायुसेना ने जान-माल के नुकसान पर खेद व्यक्त करते हुए, शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है। सूरतगढ़ वायु सेना स्टेशन गंगानगर जिले में है। यह कस्बा हनुमानगढ़ जिले की सीमा के पास है। विमान हनुमानगढ़ जिले के बहलोलनगर गांव के बाहरी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हनुमानगढ़ के जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि लड़ाकू विमान रत्ती राम के घर पर गिरा जिसमें उनकी पत्नी और दो अन्य महिलाओं की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। ( शेष पेज 9 )

## पश्चिम बंगाल में द केरला स्टोरी पर लगा प्रतिबंध

**भाषा।** कोलकाता/मुंबई

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विवादास्पद फिल्म द केरला स्टोरी के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने का सोमवार को आदेश दिया, ताकि नफरत और हिंसा की किसी भी घटना को टाला जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। इस बीच, फिल्म द केरला स्टोरी के निर्माता विपुल शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में उनकी इस फिल्म को प्रदर्शित करने पर लगाई गई रोक के खिलाफ वह कानूनी कदम उठाएंगे। वहीं भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्देश संघ (आईएफटीडीए) ने भी फिल्म पर रोक लगाने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले की निंदा की। अधिकारी ने बताया कि फिल्म का प्रदर्शन करने वाले किसी भी सिनेमाघर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले दिन में, बनर्जी ने कहा कि द केरला स्टोरी में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है, जिसका इरादा केरल को बदनाम करना है। ( शेष पेज 9 )

# मणिपुर हिंसा प्रभावितों का पुनर्वास होः कोर्ट

- उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार को सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को पूर्वोत्तर के इस राज्य में जातीय हिंसा से प्रभावित हुए लोगों की सुरक्षा बढ़ाने, उन्हें राहत सहायता मुहैया कराने तथा उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। न्यायालय का यह निर्देश इन दलीलों पर संज्ञान लेने के बाद आया कि बीते दो दिनों में वहां कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हिंसा के बाद की स्थिति को मानवीय समस्या करार देते हुए कहा कि राहत शिविरों में उपयुक्त इंतजाम किए जाएं और वहां शरण लेने वाले लोगों को भोजन, राशन तथा चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि हम जानमाल को हुए नुकसान को लेकर बहुत चिंतित हैं। न्यायालय ने निर्देश दिया कि विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं और उपासना स्थलों की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। केंद्र और राज्य की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हिंसा से निपटने के लिए उठाए गए कदमों से पीठ को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 52 कंपनियां हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात की गई हैं। उन्होंने न्यायालय को बताया कि अशांत इलाकों में फ्लैग मार्च किया जा रहा और शांति कायम करने के लिए बैठकें की गई हैं।

मेहता ने बताया कि राज्य सरकार ने पुलिस के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी को सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए एक अन्य शीर्ष अधिकारी को मणिपुर में मुख्य सचिव के तौर पर सेवा देने के लिए रविवार को वापस बुलाया गया। उन्होंने कहा कि स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और इसके लिए हेलीकॉप्टर तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेहता ने कहा कि विस्थापितों के लिए राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं और सुरक्षा बल फंसे हुए लोगों की आवाजाही में सहायता कर रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि बीते दो दिनों में कोई हिंसा नहीं हुई और क्रमिक रूप से स्थिति सामान्य होती जा रही है। रविवार और आज सोमवार को कुछ घंटों के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई।

## अमेरिका में गोलीबारी में जान गंवाने वालों में तेलंगाना के न्यायाधीश की बेटी शामिल

**भाषा।** हैदराबाद

**अमेरिका** के टेक्सास राज्य में डलास के एक मॉल में हुई गोलीबारी की घटना में जान गंवाने वाले नौ लोगों में हैदराबाद की रहने वाली 27 वर्षीय ऐश्वर्या थाटिकोंडा भी शामिल हैं। ऐश्वर्या रंगारेड्डी जिला अदालत में जिला न्यायाधीश की बेटी थीं। न्यायाधीश के एक मित्र ने सोमवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि वह टेक्सास में प्रोजेक्ट इंजीनियर के तौर पर काम कर रही थीं। ऐश्वर्या का परिवार यहां सरूरनगर में रहता है। उन्होंने शहर के एक कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और अमेरिका से स्नातकोत्तर की डिग्री ली थी। इसके बाद वह दो साल से ज्यादा वक्त से वहां काम कर रही थीं। न्यायाधीश के दोस्त के मुताबिक, ऐश्वर्या ने शनिवार को घटना से पहले अपने परिवार से बात की थी और गोलीबारी की घटना के बाद उनके परिवार ने उन्हें फोन किया था, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। न्यायाधीश के दोस्त ने कहा, परिवार को (उनकी मृत्यु की) खबर रविवार को मिली। ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली मेट्रो में क्यूआर कोड टिकट से यात्रा

- चरणबद्ध तरीके से टोकन व्यवस्था को समाप्त करेगी डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली मेट्रो** में यात्री अब सभी लाइन पर क्यूआर कोड आधारित कागज के टिकट से यात्रा कर सकते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि डीएमआरसी चरणबद्ध तरीके से मौजूदा टोकन आधारित व्यवस्था को समाप्त करेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल यात्री स्टेशन पर स्थित काउंटर से टोकन के साथ-साथ क्यूआर कोड आधारित कागज का टिकट खरीद सकेंगे। हालांकि क्यूआर कोड वाला टिकट खरीदने वाले लोग गंतव्य से पहले बीच में उतरना चाहेंगे तो इसके जरिए निकासी संभव नहीं होगी और उन्हें ग्राहक सेवा संचालक से मुफ्त निकासी टिकट जारी कराना होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि लोग स्टेशन काउंटर से टोकन के अलावा क्यूआर आधारित कागज़ का टिकट खरीद सकते हैं।

डीएमआरसी ने कहा कि शुरू में, क्यूआर-आधारित कागज़ के टिकट के लिए सभी स्टेशनों पर दो एएफसी द्वार का उन्नयन किया गया है जिनमें से एक प्रवेश के लिए और एक निकास के लिए है। क्यूआर आधारित कागज़ के टिकट के मोबाइल से खींचा फोटो या प्रति मान्य नहीं होगी और जिन यात्रियों के पास मोबाइल से खींची फोटो होगी या टिकट की प्रति होगी उन्हें बिना टिकट माना जाएगा तथा नियमों के तहत उनसे निपटा जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि मेट्रो का लक्ष्य मई के अंत तक मोबाइल आधारित क्यूआर टिकट लाने का भी है। मोबाइल आधारित क्यूआर टिकट की व्यवस्था फिलहाल एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर उपलब्ध है।

## केरल नौका दुर्घटना की न्यायिक जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** में पर्यटक नौका हादसे के एक दिन बाद राज्य सरकार ने सोमवार को मामले में न्यायिक जांच का आदेश दिया और मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने का फैसला किया। इस हादसे में महिलाओं एवं बच्चों समेत 22 लोगों की मौत हो चुकी है। तिरुरनगांडी तालुक अस्पताल में घायलों से मुलाकात करने और अपने 12 परिजनों को खोने वाले कुल्लुम्मेल परिवार से मुलाकात के बाद यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस दुर्घटना को दुखद बताया और कहा कि सरकार उपचाराधीन मरीजों के इलाज का खर्च वहन करेगी। विजयन ने तानुर में सर्वदलीय बैठक के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा की, जिसमें विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी हिस्सा लिया था। विजयन ने मीडियाकर्मियों से कहा, सर्वदलीय बैठक में मामले में न्यायिक जांच को लेकर फैसला किया गया। जांच में अन्य मामलों के साथ नौका की सुरक्षा से संबंधित तकनीकी मुद्दों को शामिल किया जाएगा। ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### ईडी ने मुंबई में कारोबारी की 41 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पनामा पेपर में जिक्र किए गए एक कारोबारी के खिलाफ विदेशी मुद्रा से जुड़े नियमों के उल्लंघन की जांच के तहत मुंबई में एक प्रमुख स्थान पर सोमवार को 41 करोड़ रुपए मूल्य के तीन कार्यालय कुर्क किए। ईडी ने एक बयान में कहा कि जावरेह सोली पूनावाला और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ यह कार्वाई की गई। वे उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के प्रावधानों का दुरुपयोग कर विदेशी मुद्रा देश से बाहर भेजे जाने के आरोपी है। ईडी ने मुंबई के वरली इलाके में सीजय हाउस स्थित तीन अचल संपत्ति विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जब्त की है। इनकी कीमत 41.64 करोड़ रुपए आंकी गई है। पूनावाला और उनके परिवार ने अधिकतम स्वीकार्य सीमा (एलआरएस के तहत उपलब्ध) का उपयोग किया और वर्ष 2011-12 से, उन्होने परिवार के खर्च और स्वयं के खर्च आदि के बहाने गलत जानकारियो के माध्यम से विदेश मे धन भेजा। हालांकि उनके परिवार का कोई सदस्य विदेश में नही रह रहा था और न ही कोई प्रवासी भारतीय था।

# स्वर्ण मंदिर के पास फिर विस्फोट, एक घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** अमृतसर

**पंजाब** के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास एक हेरिटेज स्ट्रीट पर सोमवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ, जो 30 घंटे से भी कम समय में इस क्षेत्र में हुआ दूसरा विस्फोट है। इसके बाद अधिकारियों को सुरक्षा बढ़ानी पड़ी। इस विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया। सुबह सवा छह बजे विस्फोट उस सड़क पर हुआ, जहां हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। विस्फोट के तुरंत बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने फ्लैग मार्च किया तथा इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि घटनास्थल से कोई डेटोनेटर नहीं मिला और ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक एक डिब्बे में रखा गया था। अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि विस्फोट किसी की शरारत थी या इसके पीछे कोई आतंकी साजिश है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद डीजीपी यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सुबह सवा छह बजे हुए विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि विस्फोटक को देसी तरीके से बनाया गया था, जिसमें किसी छर्रे का इस्तेमाल नहीं किया गया, लेकिन तेज धमाका था। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में दो विस्फोटों की वैज्ञानिक रूप से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, हमारी फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद है। उन्होंने दोनों घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, हमें विस्फोट करने वाला कोई उपकरण या डेटोनेटर नहीं मिला है। यादव ने सोमवार को हुए विस्फोट के बारे में कहा कि विस्फोटक संबंधी उपकरण के अभाव का मतलब है कि यह एक देसी बम था। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक को एक डिब्बे में रखा गया था। ( शेष पेज 9 )

# मानसून से पहले कूनो में छोड़े जाएंगे पांच और चीते

**भाषा।** नई दिल्ली




फाइल चित्र

**केंद्रीय पर्यावरण** मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि जून में मॉनसून की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में अनुकूलन शिविरों से पांच और चीतों को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा जाएगा। इनमें तीन मादा और दो नर चीते हैं। इसने यह भी कहा कि चीतों को केएनपी से बाहर जाने दिया जाएगा और उन्हें तब तक आवश्यक रूप से वापस नहीं लाया जाएगा, जब तक कि वे उन क्षेत्रों में प्रवेश न करें, जहां उन्हें खतरा हो। नामीबिया से लाए गए आठ चीतों में से अब तक चार को केएनपी में अनुकूलन शिविरों से मुक्त-परिस्थितियों में छोड़ा गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, जून में मॉनसून की बारिश शुरू होने से पहले पांच और चीतों (तीन मादा और दो नर) को अनुकूलन शिविरों से केएनपी में स्वच्छंद विचरण की स्थिति में छोड़ा जाएगा। इसने कहा कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के निर्देश पर विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रोजेक्ट चीता की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया। विशेषज्ञ टीम ने कहा कि सभी चीते अच्छी शारीरिक स्थिति में हैं, वे नियमित अंतराल पर शिकार करते हैं और प्राकृतिक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। निगरानी दलों द्वारा चीतों को उनकी व्यावहारिक विशेषताओं और पहुंच क्षमता के आधार पर मुक्त विचरण के लिए चुना गया है।

शेष चीते मॉनसून की अवधि के दौरान अनुकूलन शिविरों में रहेंगे। मंत्रालय ने कहा, इन चीतों को अधिक जगह का उपयोग करने और नर एवं मादा के बीच संपर्क होने देने के लिए कुछ आंतरिक द्वार खुले रहेंगे। इसने कहा कि मॉनसून के मौसम के बाद स्थिति की समीक्षा की जाएगी और बड़ी आबादी स्थापित करने के लिए चीता संरक्षण कार्य योजना के अनुसार केएनपी या आसपास के क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से चीते छोड़े जाएंगे। बयान के अनुसार, स्वच्छंद विचरण के लिए पहले ही छोड़े जा चुके चार चीतों में से दो नर चीते (गौरव और शौर्य) उद्यान के भीतर ही रुके हुए हैं और उन्होंने इसकी सीमाओं से परे भू-क्षेत्र की खोज में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। आशा नाम की एक मादा चीता ने बफर जोन से परे केएनपी के पूर्व में दो खोजपूर्ण भ्रमण किए हैं, लेकिन वह व्यापक कूनो भू-दृश्य के भीतर बनी हुई है और मानव-वर्चस्व वाले क्षेत्रों में नहीं गई है। नर चीता पवन अपने दूसरे भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश की सीमा के पास खेत में जाने के लिए दो अवसरों पर उद्यान की सीमाओं से परे क्षेत्र में पहुंचा, जिसे केएनपी में एक अनुकूलन शिविर में लौटा दिया गया। महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 17 सितंबर को अपने 72वें जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों के पहले जत्थे को एक पृथक बाड़े में छोड़ा था। इन चीतों में पांच मादा और तीन नर थे। इस तरह के दूसरे कार्यक्रम में, 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था और 18 फरवरी को कूनो में छोड़ा गया था। नामीबियाई चीतों में शामिल साशा नामक चीते की मार्च में गुर्दे से संबंधित बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीता उदय की 13 अप्रैल को मौत हो गई।

# थाना इंचार्ज समेत 7 पुलिस वालों पर केस दर्ज

## युवक को फर्जी मुकदमे में फंसाने का लगा आरोप, दिखाई थी झूठी बरामदगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




सोरखा गांव के एक युवक को गिरफ्तार करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर थाना सेक्टर-113 के तत्कालीन थाना इंचार्ज समेत सात पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक की मां वीरवती का आरोप है कि साल 2022 में पुलिस उसके बेटे को फर्जी मुक़दमा में फंसाकर जबरन ले गए थे। वीरवती का आरोप है कि 10 अगस्त 2022 को उसके दो बेटों के बीच झगड़ा हुआ था।

इस दौरान उनके छोटे बेटे ने पुलिस को फोन कर बुलाया था। इसके बाद पुलिस आई और झगड़ा शांत करवाकर चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद देर रात दोबारा से पुलिस की गाड़ी आई और उनके छोटे बेटे को थाने लेकर चली गई। उस समय ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इसके बाद वहां पर पुलिस ने उसके साथ मारपीट की और उसको बंधक बनाकर रखा। इसके साथ ही उनके बेटे के पास से झूठी बरामदगी दिखाकर चार मुकदमे दर्ज कर दिए गए। मामले में न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी शरद कांत शर्मा, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, अरुण कुमार वर्मा, आवेश मलिक, चंद्रशेखर वालियान, सिपाही रोहित कुमार, रोहित शर्मा सहित कुल सात लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

इस मामले में 24 अगस्त को वीरवती ने सीएम, मानवाधिकार आयोग, डीजीपी व पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर को शिकायत की थी। इसके अलावा 25 अगस्त को वीरवती की बेटी ने 1076 पर अपने भाई को झूठे केस में फंसाने की पूरी जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी, इस शिकायत को आगे फार्वड किया गया। लेकिन किसी भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## घर पर अकेली महिला से पड़ोसी ने किया बलात्कार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की एक कॉलोनी में घर में घुसकर महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

शिकायत करने पर महिला व उनके पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला के पति ने पुलिस कमिशनर से शिकायत की है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। वह निजी कंपनी में नौकरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। 7 मई को वह डयूटी पर गए थे। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी युवक घर के अंदर आ गया और महिला को प्रसाद खाने को दिया। प्रसाद खाते ही वह बेहोश गई।

आरोप है कि इसके बाद युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। जब महिला को होश आया तो उसने अपने आप को अचेत अवस्था में पाया। महिला ने पति के आने के बाद अपने साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वह मोदीनगर थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# पानी का बिल अब ऐप से करे सकेंगे जमा

- सीइओ ऋतु महेश्वरी ने सोमवार को ऐप किया लांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


जल ऐप के बारे में जानकारी देती नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

नोएडा में अब जल और सीवर के बिल 100 प्रतिशत ऑनलाइन जमा हो सकेंगे। इसके लिए सोमवार को प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने ऐप लॉन्च किया। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

इससे करीब 84 हजार 500 आवंटियों को फायदा होगा। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद कंज्यूमर नंबर, प्रॉपर्टी नंबर या प्रॉपर्टी आरआईडी से पंजीकरण एव लॉग इन करना होगा। लॉग इन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालना होगा। इस पर एक ओटीपी जनरेट होगा। ओटीपी डालने के साथ आप एप का प्रयोग कर सकेंगे। इस एप पर अपना कंज्यूमर नंबर डालते ही ये बिल बता देगा। जिसका यूपीआई के जरिए भुगतान किया जा सकता है। इसके अलावा डीडी के जरिए भी भुगतान के लिए चालान जनरेट किया जा सकता है। मुख्य स्क्रीन पर पहले किए गए भुगतान, बिल विवरण साथ ही जल कनेक्शन संबंधी सूचना का विवरण भी ऐप पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस एप का आईओएस वर्जन भी जल्द जारी किया जाएगा।

इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण की ऑनलाइन वेबसाइट के जरिए भी बिलों का भुगतान किया जा सकता है। ऐप से संबंधित कोई समस्या होने पर 9818868008 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

टीएम के दौरान अभी आवंटी का नाम जल कनेक्शन के लिए मैन्यूवली बदलाना पड़ता था लेकिन इस एप में इसे अपग्रेड किया जाएगा। जिसके बाद टीएम के बाद जल बिल में भी नए आवंटी का नाम दिखेगा। भुगतान होते ही नो ड्यू सर्टिफिकेट भी इससे मिल जाएगा।

बाद में इसे वाटर मीटर की यूनिट से भी जोड़ा जाएगा। नोएडा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 5000 वाटर मीटर लगाए गए है। लेकिन अभी तक रीडिंग के अनुसार बिल प्रक्रिया नहीं शुरू की गई।

# चार हवाला कारोबारी से 10 लाख बरामद, 4 पकड़े गए

- दुबई और ऑस्ट्रेलिया के रास्ते पैसों के लेने का काम करते थे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने बीती रात को 4 हवाला कारोबारियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 लाख रुपए बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पत्रकार और एक वकील भी शामिल है।

पुलिस, आयकर विभाग और अन्य जांच एजेंसियां इनसे गहनता से पूछताछ कर रही हैं। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बीती रात को एक संदिग्ध एसेन्ट कार को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। उसमे चार लोग बैठे थे। कार से 10 लाख की रकम बरामद हुई है।

उन्होंने बताया कि कार में बैठे लोगो ने रकम के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी। कार हरियाणा नंबर की है। इस मामले की सूचना आयकर विभाग को दी गई है। आयकर विभाग के अधिकारी मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने कार से 10 लाख रुपए सहित पकड़े गए राजीव शर्मा, संदीप राणा, विशाल कुमार तथा विजय गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने प्रेस का आई कार्ड व अन्य चीजें भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों में राजीव शर्मा पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं, जबकि एक व्यक्ति अधिवक्ता है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग काला धन को सफेद करने और हवाला कारोबार से जुड़े हैं। आयकर विभाग की टीमों को पूछताछ के दौरान पता चला है कि ये लोग दुबई, ऑस्ट्रेलिया के रास्ते पैसा मंगाकर हवाला कारोबार के जरिए लोगों तक पहुंचाते हैं।

वही पुलिस को यह भी पता चला कि ये काला धन को सफेद करने के लिए विभिन्न ट्रस्ट के ट्रस्टियो से संपर्क कर वहां पर काला धन जमा करवाते हैं, तथा मोटी कमीशन लेकर ट्रस्ट से इच्छुक व्यक्ति को एक नंबर का पैसा दिलवा देते हैं।

गिरफ्तार आरोपियों से आयकर विभाग व अन्य जांच एजेंसिया गहनता से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं।

# एलिवेटेड पर बर्थडे पार्टी हुड़दंग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड पर एक बार फिर हुड़दंगबाजी और बर्थडे पार्टी हुई। कुछ लड़कों ने रोड पर बाइक्स खड़ी कर दी। 6 केक बाइक की सीटों पर सजा दिए और जश्न मनाया। कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मियों की नजर कैमर से इस बर्थडे पार्टी पर पड़ गई।

बस फिर क्या, कंट्रोल रूम से तुरंत वैन को फोन पहुंचा। वैन के पुलिसकर्मियों ने बर्थडे पार्टी करने वाले 7 लड़कों को गिरफ्तार कर लिया। स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, 7 मई की रात कौशांबी थाना क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर 7 लड़के सार्वजनिक सड़क पर अपनी बाइक खड़ी करके बर्थडे मना रहे थे। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। वहां पहुंचने पर देखा कि ये लड़के आड़े-तिरछे वाहन खड़ी करके रोड को ब्लॉक किए हैं। आने.जाने वाले राहगीरों को दिक्कत हो रही थी। साथ ही, लड़के फोन में बज रहे गाने पर डांस कर रहे थे। पुलिस ने गाड़ियां हटवाकर ट्रैफिक शुरू करवाया। फिर इन सभी 7 लड़कों को गिरफ्तार करके थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिन लड़कों को पकड़ा गया है उनके नाम अरमान, धीरज, दानिश, समीर, जानिब, शाहरुख और अलामीन हैं। इन सभी की उम्र 19 से 23 साल है। ये सभी दिल्ली पड़पड़गंज इलाके के रहने वाले हैं। इन लड़कों ने बाइकों को बराबर-बराबर खड़ी करके केक रखे थे।

## गार्ड ने मॉल से बाहर आए युवक को पीटा

**नोएडा।** लॉजिक्स मॉल के बाहर गार्ड ने एक व्यक्ति को जमकर पीटा। इसका वीडियो वहां खड़े लोगों ने बनाया। इसके बाद से वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए तीन गार्ड को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया एक व्यक्ति को गेट पर तैनात गार्ड द्वारा चेक किया गया तो उसके पास जेब से माचिस निकली। व्यक्ति को गार्ड की ओर से माचिस मॉल के अंदर ले जाने से मना किया गया।

# युवक की हत्या के मामले में पिता-भाई गिरफ्तार

- जेल से निकलते ही संपति में मांगा हिस्सा, तो दोनों ने मार दी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



थाना बादलपुर पुलिस ने दुरियाई गांव में हुई युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए तीन हत्यारों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मृतक का पिता, भाई व उसका दोस्त शामिल है।

प्रॉपर्टी विवाद में पिता ने ही अपने बेटे की हत्या की है। एडीसीपी डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि मूल रूप से ग्राम वीरपुरा थाना जारचा निवासी कपिल अपने ननिहाल गांव दूरियाई में नाना विजय सिंह के यहां रह रहा था।

एडीसीपी ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले तो पता चला कि घटना को मृतक के पिता, भाई व उसके दोस्त ने अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक के पिता रूकन सिंह, उसके बेटे रोबिन व दोस्त भोला को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियो के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथियार व कार बरामद हुई है। पूछताछ में रुकन ने बताया कि कपिल शनिवार को घर आया था और प्रॉपर्टी में हिस्सा मांग रहा था। इस दौरान जमकर वाद विवाद हुआ। कपिल ने पिता व परिवार के अन्य सदस्यों को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। कपिल के व्यवहार से गुस्साए रुकन ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई।

योजना के तहत वह अपने छोटे बेटे रोबिन व उसके दोस्त भोला को साथ लेकर दुरियाई गांव पहुंचा और कपिल को गोली मार दी।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कपिल ने वर्ष 2012 में अपने चाचा के बेटे अशोक का अपहरण कर लाखों रुपए की फिरौती मांगी थी। फिरौती न मिलने पर उसने अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी थी। घटना के वक्त कपिल नाबालिग था। इस मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने कपिल को बाल सुधार गृह भेज दिया था।

# फर्जी मैरिज ब्यूरो का खुलासा, पैसे लेकर शादी से इंकार, तीन महिला गिरफ्तार

- गाजियाबाद का युवक मेरठ में ठगा गया, सरगना फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के युवक को शादी के नाम पर मेरठ बुलाकर ठगी की गई। युवक से 12500 रुपए और चांदी की पायल एडवांस में ली गई। जब युवक शादी करने पहुंचा तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया।

मेरठ पुलिस ने रविवार रात फर्जी मैरिज ब्यूरो पकड़ा है। जहां बाहरी शहरों के युवाओं को शादी के झांसे में फंसाकर ठगी की जा रही थी। पुलिस ने मौके से 3 युवतियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह का सरगना और उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। मेडिकल थाना क्षेत्र में तेजगढ़ी के पास पुलिस ने यह फर्जी मैरिज ब्यूरो पकड़ गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह फर्जी मैरिज ब्यूरो चलाता था। भोलेभाले युवक-युवतियों को शादी का लालच देकर फंसाता। उनसे पैसे, जेवर एडवांस में लेता। इसके बाद ठिकाना बदल देता।

जब ग्राहक शादी कराने की बात करता तो उसे जान से मारने की धमकी देकर डराकर भगा देते। पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। गाजियाबाद प्रताप विहार का रहने वाले रामानंद पाठक ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी नहीं हो रही थी। इंटरनेट और दोस्तों की मदद से उसे मेरठ के इस शादी संगीत मैरिज ब्यूरो की जानकारी मिली। उसने इस मैरिज ब्यूरो की बेवसाइट पर जाकर अपना प्रोफाइल डाल दी। इसके बाद उसके पास आशु नाम के युवक का फोन आया। उसने कहा कि मेरठ शास्त्रीनगर, पीवीएस मॉल के पीछे हमारा ऑफिस है। वहां आ जाओ। यहीं हम शादियां कराते हैं। बातों को सही मानकर रामानंद अपने परिजनों के साथ 2 मई को मेरठ मैरिज ब्यूरो के दफ्तर पहुंचा। जहां उसे 3 लड़कियां दिखाई गईं। 12500 भी एडवांस लिए गए।

# संक्षिप्त समाचार


कार में लगी आग को बुझाता दमकलकर्मी।

## महिंद्रा शोरूम में लगी भीषण आग

**नोएडा।** बीटा 2 थाना क्षेत्र में महिंद्रा शोरूम में भीषण आग लग गई। यह आग शोरूम के बैकयार्ड में लगी थी। आग इतनी जबरदस्त थी कि दो गाड़ियां धूं-धूकर जलकर राख हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह आग शोरूम के बैक यार्ड में लगी। उस समय वहां पर एक्सीडेंटल गाड़ियां खड़ी थी। आग धीरे-धीरे विकराल होती चली गई। इस दौरान पुरानी थार और स्कार्पियों जलकर राख हो गईं। आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई। जिला अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीटा 2 थाना क्षेत्र के साइट 4 में के महिंद्रा शोरूम में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद पांच दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आधे घंटे में उस आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सांड से टकराकर बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** थाना फेस 2 क्षेत्र में तेज गति में आ रहा एक बाइक सवार युवक सांड से टकरा गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। मूल रूप से पीलीभीत निवासी 26 वर्षीय विकास पुत्र बेनी राम इलाहाबास गांव में किराए पर रह रहा था। वह नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। रविवार को विकास अपनी बाइक से जा रहा था। मदरसन कंपनी के पास तेज गति में बाइक से जा रहे विकास के सामने अचानक सांड आ गया। तेज गति के कारण विकास संतुलन नहीं रख पाया और बाइक सांड से टकरा गई। इस हादसे में विकास को गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना के समय विकास ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था जिस कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।

## चुनरी के फंदे से फांसी पर झूली युवती, मौत

**नोएडा।** नोएडा में किराये के मकान में रह रही एक युवती ने अपनी चुनरी का फंदा बनाकर तथा खिड़की से बांधकर अपनी जान दे दी। इसके अलावा एक युवक ने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। युवती द्वारा फांसी लगाकर जान देने के कारण जानने के लिए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना सेक्टर 58 क्षेत्रांतर्गत नवादा रसूलपुर गांव निवासी बाबूराम शर्मा के मकान में 21 वर्षीय एक युवती किराये पर रहती थी। बाबूराम शर्मा ने थाना पुलिस को जानकारी दी कि उसके मकान में किराये पर रहने वाली युवती ने कमरे की खिड़की से चुनरी से लटकर कर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल को येलो टैप से सुरक्षित कर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके पर भौतिक निरीक्षण किया गया। पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा थाना सेक्टर 24 क्षेत्रांतर्गत चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 निवासी 32 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तरुण लालवानी/अनीता लालवानी/ जवाहरलाल महेंद्र कुमार लालवानी/ प्रेमलता लालवानी/ नीटएक्ससेस कम्युनिकेशंस लिमिटेड/ टेलेक्ससेल इंफॉर्मेशन सिस्टम्स लिमिटेड/ LBDEL00002438189 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंज़िल, गुड़गाँव गेटवे, टॉवर-बी, सेक्टर-112 और 113, गाँव बजघेरा, गुड़गाँव मानेसर, गुड़गाँव-122001/ मई 05, 2023 | अप्रैल 02, 2022 रु. 2,10,13,401/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 09, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमोद कुमार जैन/ मधु जैन/ LBNOD00002393443 | अपार्टमेंट नंबर- 304, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक-ए, 7वीं एवेन्यू (जीसी-7) गौर सिटी, प्लॉट नंबर- जीएच-01, सेक्टर- 04, ग्रेटर नोएडा/ सांकेतिक कब्जे की तिथि- मई 03, 2023 | दिसम्बर 19, 2022 रु. 7,18,123/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | प्रियंका सिंह/ प्रतिज्ञा सिंह/ LBNOD00002438139 | फ्लैट नंबर 2508, 25वीं मंज़िल, टावर गंगा, महागुन मंत्रा II, प्लॉट नंबर- जीएच 01, सेक्टर 10, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/सांकेतिक कब्जे की तिथि- मई 03, 2023 | दिसम्बर 19, 2022 रु. 23,83,263/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रचना सेखरी/ अनिल कुमार सेखरी LBNOD00002886933 | फ्लैट नंबर-2519, 25वीं मंज़िल, टावर विधि, महागुन मंत्रा-I, प्लॉट नंबर-जीएच-01, बी, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश- 201307/ सांकेतिक कब्जे की तिथि- मई 03, 2023 | दिसम्बर 19, 2022 रु. 38,86,897/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 09, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1 प्लॉट संख्या -बी3, वाईफ़ाई आईटी पार्क, वागले औद्योगिक एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स एस.आर. इंटरप्राइजेज और श्री शेख शाहबाज अली और श्रीमती रेशमा खातून शेख- 005705018529 & 005755000029 | यूनिट नंबर ए-1505, 15वीं मंजिल, कासा एलीट, लेकशोर ग्रीन्स, खिडकलेश्वर, कल्याण-शील रोड, डोंबिवली ईस्ट, सर्वे नंबर 96/2ए, 150/2ए, 95/3, 150/3, 150/4ए+4बी , 97, 96/2ए, ग्राम खोनी, तालुका कल्याण, जिला ठाणे, महाराष्ट्र-421203/ मई 03, 2023 | 19 अक्टूबर, 2022 रु. 78,09,316.00/- | मुंबई |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 09, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेक्नोक्रेट्स टूलिंग प्राइवेट लिमिटेड/ उमेश कुमार सिंह/ प्रवीण राव/ एसपीएस टेक्नोलॉजी/ रीना सिंह/ 002105023126/ 002155000039/ 002155000045 | फ्लैट नंबर एनजीएच 051, 5वीं मंज़िल टॉवर एच न्यू टाउन हाइट्स सेक्टर 90 गुड़गाँव- 122001/ 04 मई, 2023 | 01-12-2022 रु. 64,82,277.00/- | गुड़गाँव, भिवाड़ी (अलवर) |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 09, 2023
स्थान : गुड़गाँव
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी में प्रीमियम बस चलाने की तैयारी

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने योजना को दी मंजूरी, ऐप की मदद से लग्जरी बसों में सफर होगा आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सड़कों से निजी वाहनों की संख्या कम करके सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के मकसद से राजधानी दिल्ली में प्रीमियम बस सेवा शुरू की जाएगी। इन बसों में सफर करने के लिए यात्रियों को पहले ऐप के माध्यम से सीट को रिजर्व करना होगा।

विकसित देशों की तरह ही दिल्ली वाले भी आने वाले दिनों में आरामदायक लग्जरी बसों में सफर कर पाएंगे। इससे न केवल सड़कों से निजी वाहनों की भीड़ कम होगी साथ ही वायु प्रदूषण में भी सुधार आएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परिवहन विभाग के प्रीमियम बस योजना को मंजूरी दे दी है। साथ ही फाइल को सोमवार को स्वीकृति के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास भेज दिया है। एलजी से मंजूरी मिलने के बाद फीडबैक लेने के लिए योजना को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। लोगों से एक महीने तक रायशुमारी करने के बाद जरूरी बदलाव किए जाएंगे और जल्द यह योजना लागू कर दी जाएगी।


प्रीमियम बस चलाने के बारे में जानकारी देते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। साथ में कैलाश गहलोत।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में प्रीमियम बस सेवा योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन पर शिफ्ट करने के मकसद से दिल्ली मोटर व्हीकल्स लाइसेंस ऑफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बसें) स्कीम 2023 लाई जा रही है। देश में यह पहली बार होगा, जब दिल्ली सड़कों पर लग्जरी प्रीमियम बसें दौड़ेंगी। इन बसों में ऐप या वेब से ही टिकट की बुकिंग होगी और सभी को सीट मिलेगी। खड़े होकर सफर करने की इजाजत नहीं होगी।

सीएम ने दावा किया राष्ट्रीय राजधानी की परिवहन व्यवस्था दुनिया के सबसे विकसित देशों के बराबर होना चाहिए। दिल्ली में निजी वाहन ज्यादा हैं। अगर कार और स्कूटर पर सफर करने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर ले जाना है तो आरामदायक, सुरक्षित और इसका समय सुनिश्चित करना होगा।

दिल्ली के ट्रांसपोर्ट सेक्टर में सबसे बड़ी क्रांति तब आई थी, जब मेट्रो शुरू हुई थी। मीडिल और अपर मीडिल क्लास अपनी गाड़ियां छोड़ कर मेट्रो से जाना शुरू किया। लेकिन धीरे-धीरे मेट्रो खचाखच भर गई हैं। लोगों को मेट्रो में बैठने की जगह नहीं मिलती है और सफर आरामदायक भी नहीं है। इसलिए काफी लोग फिर से अपने निजी वाहनों सफर करने लगे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि लोग अपनी कार छोड़ इन प्रीमियम बसों में जरूर सफर करेंगे। केजरीवाल ने प्रीमियम बसों के लाइसेंसिंग शर्तों के बारे में बताया कि प्रीमियम बस स्कीम के तहत जो भी बसें लाई जाएंगी, वो तीन साल से पुरानी नहीं होंगी। सारी बसें सीएनजी की होंगी। 1 जनवरी 2024 के बाद जो भी बस खरीदी जाएंगी, वो सभी इलेक्ट्रिक की होंगी। इसके तहत एग्रीगेटर को लाइसेंस दिया जाएगा। इसमें उसे कुछ लाइसेंस फीस देनी होगी। वहीं, इलेक्ट्रिक बसें लाने वाले एग्रीगेटर को कोई लाइसेंस फीस नहीं देनी होगी।

### निजी ऑपरेटर ही बाजार के अनुसार किराया तय करेगा

सीएम ने कहा कि इस योजना में खास बात यह है कि बसों को चलाने के लिए रूट का निर्धारण दिल्ली सरकार नहीं करेगी, बल्कि यात्रियों के अनुसार एग्रीगेटर खुद बसों का रूट तय करेगा, लेकिन उसे सरकार को इसकी सूचना देनी होगी। जहां यात्री अधिक हैं, वहां ज्यादा बसें चलेंगी। एग्रीगेटर ही मार्केट के अनुसार प्रीमियम बसों का किराया तय करेगा। दिल्ली सरकार की एक ही शर्त है कि डीटीसी के किराए से प्रीमियम बस का किराया अधिक होना चाहिए। प्रीमियम बसों का एक 'लोगो' कलर कोड और यूनिफार्म तय किया जा रहा है। एग्रीगेटर बस के अंदर विज्ञापन कर राजस्व प्राप्त कर सकता है।

# आफताब पूनावाला पर आज तय हो सकता है आरोप

**श्रद्धा वालकर हत्याकांड**

- मामले में 29 अप्रैल को संबंधित जज के अवकाश पर होने के चलते बढ़ी थी तारीख



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लिव-इन-पार्टनर की हत्या और उसके शव के टुकड़े टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय किए जाने पर अदालत द्वारा आज (मंगलवार) आदेश सुनाए जाने की संभावना है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश 29 अप्रैल को यह उल्लेख करते हुए टाल दिया था कि संबद्ध न्यायाधीश अवकाश पर हैं। अदालत ने मृतका (श्रद्धा) के पिता विकास कुमार की उस अर्जी पर भी सुनवाई नौ मई के लिए टाल दी है, जिसमें उन्होंने न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि उनकी बेटी के शव के अवशेषों को अंत्येष्टि के लिए परिवार को सौंप दिया जाए। उन्होंने अदालत से कहा कि परंपरा और संस्कृति के अनुसार यह रस्म पूरी करना जरूरी है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना ने आरोप तय करने के विषय पर दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 15 अप्रैल को अपना आदेश 29 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया था। वालकर के पिता की अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए 15 अप्रैल को समय मांगा था।

# टिल्लू हत्याकांड में हाईकोर्ट ने चाकू बरामद होने पर पूछे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तिहाड़ परिसर से चार चाकू बरामद होने के संबंध में जेल अधिकारियों से जवाब तलब किया है। तिहाड़ जेल में ही पिछले दिनों कुख्यात अपराधी टिल्लू ताजपुरिया की कथित तौर पर एक प्रतिद्वंदी गिरोह के कैदियों ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी।

अदालत ने जेल के अधिकारियों से पूछा कि जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में जब पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई थी, तब उस वक्त अधिकारियों ने कोई निवारक कार्रवाई क्यों नहीं की। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने ताजपुरिया के पिता और भाई की ओर से दाखिल याचिका पर महानिदेशक कारागार (दिल्ली), दिल्ली सरकार तथा पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। ताजपुरिया के पिता और भाई की ओर से दाखिल याचिका में दो मई को तिहाड़ जेल परिसर में हुई जघन्य हत्या मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में कहा कि वे डीटीसी में चालक हैं और उन्होंने अपने लिए पर्याप्त सुरक्षा की भी मांग की। इस पर उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को दोनों की रक्षा तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अदालत ने मामले को 25 मई को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। उच्च न्यायालय ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को हलफनामा दाखिल करके यह भी बताने को कहा कि जेल में चार चाकू कैसे पाए गए। साथ उसने संबंधित जेल अधीक्षक को अगली सुनवाई के दौरान मौजूद रहने के भी निर्देश दिए।


टिल्लू की हत्या के आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

### तमिलनाडु विशेष पुलिस के 7 कर्मी निलंबित

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के वक्त तिहाड़ जेल में ड्यूटी पर तैनात तमिलनाडु विशेष पुलिस (टीएनएसपी) के सात कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें घटना के वक्त कथित तौर पर मूक दर्शक बने रहने के लिए वापस तमिलनाडु भेजा जाएगा।एक जेल अधिकारी ने कहा, तमिलनाडु पुलिस ने अपने सात कर्मियों को निलंबित कर दिया है और उन्हें वापस बुलाया है। तमिलनाडु विशेष पुलिस जेल परिसर में सुरक्षा उपलब्ध कराती है। गौरतलब है कि ताजपुरिया की कथित तौर पर प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह के चार सदस्यों- दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान ने मंगलवार की सुबह हत्या कर दी थी।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** अदालत ने आबकारी मामले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि 23 मई तक बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने सिसोदिया की हिरासत बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने ईडी के विशेष लोक अभियोजक एन. के. मत्ता की उन दलीलों पर गौर किया कि एजेंसी ने आरोपी के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है जिस पर 10 मई को विचार किया जाना है। अदालत ने पहले जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था, आर्थिक अपराध का मामला है।

# वजीराबाद ट्रीटमेंट प्लांट पर गंदगी देख बिफरे एलजी

- दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वजीराबाद जल संयंत्र में गंदगी और खस्ताहालत के लिए दिल्ली जल बोर्ड को जमकर फटकार लगाई है।

उन्होंने मुख्यसचिव को इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही उन्होंने 15 दिन के भीतर पर इस पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। उपराज्यपाल कार्यालय एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने 9 मार्च को वजीराबाद ट्रीटमेंट प्लांट और इसके जल भंडारण वाले क्षेत्र (फीडर पौंडेज एरिया) का दौरा किया था जहां उन्होंने इसे काफी दयनीय स्थिति में पाया था। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस संबंध में पत्र भी लिखा था। इसके बावजूद अब तक साइट की दयनीय स्थिति बनी हुई है। उपराज्यपाल ने इसे गंभीरता से लिया है और कहा कि जिन-जिन मूल मुद्दे को रेखांकित किया गया था, उनमें से किसी भी मुद्दों पर दिल्ली जल बोर्ड ने ध्यान नहीं दिया है। जल बोर्ड ने 6 अप्रैल को भेजी अपनी रिपोर्ट में न तो वजीराबाद और चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता में सुधार करने संबंधी किसी योजना का जिक्र किया है और न ही गाद निकालने संबंधी कोई तात्कालिक योजना के बारे में।


विनय कुमार सक्सेना

### उपराज्यपाल को इन्फ्रास्ट्रक्चर की परवाह नहीं : भारद्वाज



नई दिल्ली। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को राजनीति से प्रेरित निर्देश पर कड़ा ऐतराज जताया। भारद्वाज ने कहा है कि एलजी इस बात से अच्छी तरह जानते है कि दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों की तरह दिल्ली जल बोर्ड भी फंड की कमी से जूझ रहा है। यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है क्योंकि वित्त विभाग के अधिकारी बार-बार बेवजह जानकारी मांग रहे हैं। प्रमुख सचिव वित्त द्वारा सितंबर 2022 से ही बार बार जानकारी मांगने की वजह से डीजेबी को दिल्ली सरकार द्वारा 2021-22 के लिए आवंटित पूरी धन राशि भी प्राप्त नहीं हुई है।

# सीताराम बाजार में दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के चांदनी महल के सीता राम बाजार इलाके में दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

मृतक की पहचान दिलीप यादव के रूप मे हुई है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद में रह रहा था। घटना रविवार देर की है। पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सेन ने बताया रविवार देर रात करीब तीन बजे एलएनजेपी अस्पताल से चांदनी महल पुलिस थाने को जानकारी मिली थी कि सीताराम बाजार इलाके में दीवार गिरने से दो लोग घायल हो गए हैं और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने जांच के बाद दिलीप यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि एक अन्य मजदूर चित्तन मंडल के पैर में चोटें आई है। मंडल का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक, घटना देर रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर उस समय हुई जब कुछ मजदूर एक दीवार तोड़ रहे थे तभी वह दीवार अचानक उन दोनों पर गिर गई।

# प्रदर्शन में पहुंचे किसानों ने तोड़े अवरोधक

- पहलवानों को समर्थन देने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे जंतर-मंतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सोमवार को किसानों ने पुलिस अवरोधक तोड़ दिए। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर किसी अप्रिय घटना से इनकार किया। घटना से संबंधित कथित वीडियो में किसान अवरोधकों पर चढ़ते और यहां तक कि इनमें से कुछ को घसीटते और धकेलते हुए विरोध स्थल पर प्रवेश करने का प्रयास करते दिखते हैं।

पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) प्रणव तायल ने कहा कि यह घटना तब हुई जब कुछ किसान धरना स्थल पर पहुंचने की जल्दी में थे।

उन्होंने कहा कि किसानों को प्रदर्शन स्थल तक ले जाने के लिए अवरोधक हटा दिए गए थे और बैठक शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है।

पुलिस उपायुक्त ने एक ट्वीट में कहा कि किसानों के एक समूह को जंतर-मंतर तक ले जाया गया। वे धरना स्थल तक पहुंचने की जल्दी में थे और उनमें से कुछ अवरोधकों पर चढ़ गए जो नीचे गिर गए तथा उन्हें हटा दिया गया। पुलिसकर्मियों ने उनके प्रवेश की सुविधा के लिए अवरोधकों को एक तरफ कर दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी धरना स्थल पर पहुंच गए हैं और बैठक शांतिपूर्वक चल रही है।

पुलिस ने जोर देकर कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ कोई झड़प नहीं हुई और स्थल पर पुलिस प्रदर्शनकारियों को सुविधा प्रदान करने तथा शांतिपूर्ण सभा सुनिश्चित करने का काम कर रही है।

दिल्ली पुलिस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक ट्वीट में कहा गया, सभी से अनुरोध है कि वे फर्जी खबरों पर विश्वास न करें। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों को सुविधा दी जा रही है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएफएमडी के माध्यम से प्रवेश को विनियमित किया जा रहा है। कृपया शांतिपूर्ण रहें और कानून का पालन करें। पहलवान 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे हैं और महासंघ के प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एकजुटता व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर एकत्र हुए हैं।


जंतर-मंतर पर अवरोध तोड़ते प्रदर्शनकारी।

### शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी समर्थन में पहुंची

नई दिल्ली। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से सोमवार को मुलाकात की और उनका समर्थन किया। उन्होंने ट्वीट में कहा, हमारी महिला पहलवानों के साथ एकजुटता में। न्याय मिलना चाहिए, सरकार को आरोपियों को बचाना बंद करना चाहिए। पहलवान भाजपा सांसद सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगा रही है।

# मणिपुर से आज अपने घर पहुंचेंगे दिल्ली के चार छात्र

- केजरीवाल ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मणिपुर के अपने समकक्ष एन बीरेन सिंह से राष्ट्रीय राजधानी के चार छात्रों को वापस लाने के संबंध में बात की, जो हिंसा प्रभावित राज्य में फंसे हुए हैं।

केजरीवाल ने कहा कि सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि छात्रों को हर जरूरी मदद मुहैया कराई जाएगी। गौरतलब है कि मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के कदम को लेकर पिछले हफ्ते राज्य में हिंसक झड़पें हुईं। इस कदम का विरोध कर रहे नगा और कुकी आदिवासियों द्वारा तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद हिंसक झड़पें हुईं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के चार छात्र मणिपुर में हैं और उन्हें मंगलवार को वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे सुरक्षित हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री से बात की। ज्ञात हो कि हिंसा में कम से कम 54 लोग मारे गए हैं और मणिपुर में हिंसा प्रभावित इलाकों से 23,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल के पांच छात्रों को निकालने के लिए खुद किया खर्च



*हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में फंसे राज्य के पांच छात्रों को निकालने के लिए अपनी जेब से 60 हजार रुपए खर्च किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने फंसे हुए छात्रों के लिखित संदेश का तत्काल जवाब दिया और छात्रों को घर वापस लाने के लिए 60,000 रुपए खर्च किए। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों को पांच छात्रों सिमरन, सुजल कौंडल, अश्विनी कुमार, नवांग छेरिंग और केशव सिंह को वापस लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनमें से तीन एनआईटी मणिपुर में पढ़ाई करते हैं जबकि अन्य दो इंफाल में खुम्बन लंपक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हैं।*

### शादी का झांसा देकर अमेरिकी महिला के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक अमेरिकी महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में आगरा के एक युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान गगनदीप (32) के तौर पर की गई है जो आगरा में होमस्टे की सुविधा मुहैया कराता है। पीड़िता (62) ने अपनी शिकायत में कहा कि 2017 में वह भारत आई थी और गगनदीप के होमस्टे में ठहरी थी, बाद में दोनों के बीच मित्रता हो गई और संबंध भी बने। शिकायत में महिला ने आरोप लगाए हैं कि पिछले कुछ वर्षों में वह गगनदीप से मिलने भारत आती रही और शादी का झांसा देकर कई मौकों पर गगनदीप ने उसके साथ संबंध बनाए।

# उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र भी सीखेंगे उद्यमशीलता के गुर

- शिक्षा मंत्री आतिशी ने आईआईआईटी का दौरा कर एंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए छात्रों से मांगे सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, केजरीवाल सरकार देश के आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए अपने उच्च शिक्षा संस्थानों में उद्यमशीलता वाले विचारों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों में भी उद्यमशीलता के गुर सीख सकें।


आईआईआईटी में छात्रों से बात करती शिक्षा मंत्री आतिशी।

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने सोमवार को राजधानी के इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) के इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा कर उद्यमियों से उच्च शिक्षा संस्थानों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को लेकर सुझाव मांगे। मंत्री ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में, एंत्रप्रेन्योरशिप एक महत्वपूर्ण स्किल बन गया है जो हर छात्र में होना चाहिए।

इसे लेकर ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो युवा एंत्रप्रेन्योर्स को आवश्यक संसाधन के साथ ही समर्थन प्रदान करें और उनके विचारों को सफल उद्यमों में बदल दें।

### स्टार्टअप्स के लिए तैयार हो रहा अनुकूल वातावरण

केजरीवाल सरकार के उच्च शिक्षा संस्थान आईआईआईटी, दिल्ली का इनक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है। ये इनक्यूबेशन सेंटर, विभिन्न सामाजिक समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से विभिन्न स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रहा है। इनमें से कुछ स्टार्टअप भारत के सबसे लोकप्रिय एंटरप्रेन्योरशिप शो में से एक शार्क टैंक का हिस्सा भी बन चुके हैं। आईआईआईटी दिल्ली के इनक्यूबेशन सेंटर से अब तक 64 स्टार्टअप शुरू किए जा चुके हैं।

आतिशी ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे देश के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए उद्यमशील विचारों के लिए ज़रूरी व्यवस्था का होना आवश्यक है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि आईआईआईटी दिल्ली का इन्क्यूबेशन केंद्र युवा उद्यमियों के पोषण और उनके सपनों को साकार करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों से दिल्ली में उच्च शिक्षा संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव माँगे। उन्होंने छात्रों के सुझावों की सराहना की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा संचालित उच्च शिक्षा संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनाते समय सरकार उनके सुझावों पर विचार करेगी। मंत्री के साथ अपने सुझाव साझा करते हुए छात्रों ने कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर ने उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहां के एक्सपर्ट्स द्वारा दिया गया सपोर्ट उन्हें एंत्रप्रेन्योरशिप की चुनौतियों का सामना करने में उनकी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर का हिस्सा होने के कारण उन्हें नेटवर्क बनाने, सहयोग करने और दूसरों से सीखने के अवसर प्रदान किए हैं, जो स्टार्टअप के डेवलपमेंट के लिए महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर छात्रों ने सुझाव दिया कि स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप एजुकेशन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के साथ और अधिक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाने चाहिए।

# बच्चों के विकास के लिए मिलकर काम करना होगा : महापौर

- विज्ञान मेले का उद्घाटन कर शिक्षकों को किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बच्चों को न केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि समग्र विकास के लिए भी तैयार करना चाहिए।

शैली ने सोमवार को एमसीडी के रोहिणी सेक्टर-16 जे स्थित प्राइमरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन किया और शिक्षकों सम्मानित किया। इस मौके पर महापौर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्कूली छात्रों के बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के प्रयासों की सराहना की। माता-पिता और उनके बच्चों के बीच उचित संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों से अपने-अपने छात्रों और बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# खिलाड़ियों की खान है हमारा हरियाणा : सुंदर लाल यादव

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नगर** निगम मानेसर के गांव शिकोहपुर में ओकिनावा ओपन कराटे कप-2023 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 4 वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक लगभग 300 बच्चे देशभर से खेलने पहुंचे। सभी खिलाड़ियों को सरपंच सुन्दर लाल यादव और संजय यादव एमडी फिल्बी रियल इस्टेट की तरफ से मेडल और ट्राफी भेट कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच सुन्दर लाल यादव ने कहा हरियाणा खिलाड़ियों की खान है।

### गांव शिकोहपुर में ओकिनावा ओपन कराटे कप-2023 का हुआ आयोजन

### देशभर से 4 से 25 साल के करीब 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

यहां एक से एक बढ़कर खिलाड़ी देश को दिये हैं। खिलाड़ियों ने हरियाणा का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आपसी प्रेम की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। सुंदर लाल यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने खेलों व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए काफी सराहनीय कार्य किए हैं। शिकोहपुर गांव के पूर्व सरपंच श्योचंद यादव ने कहा कि देश भर से आये सभी खिलाड़ी का हम अपने गांव शिकोहपुर में पहुंचने पर स्वागत किया।

इस तरह की प्रतियोगिता आगे भी भविष्य में होती रहनी चाहिए। शिकोहपुर गांव इस तरह के आयोजन के लिए सदा आगे रहेगा। सभी खिलाड़ियों और कोच को विजयपाल सरपंच नाहरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा, पंकज यादव रामपुरा, दयाराम चेयरमेन नरेंद्र (मोगली), हरीश यादव, दीपक यादव, पवन यादव, राहुल यादव (मनसा), गोल्डन यादव, नवीन यादव (काला) सहित इस टूर्नामेंट के आयोजक आशीष यादव और दीपक यादव मौजूद रहे। फिल्बी रीयल इस्टेट के एमडी संजय यादव ने टूर्नामेंट के आयोजक आशीष यादव और दीपक यादव को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के लिये निवेदन किया। साथ ही फिल्बी रियल इस्टेट बच्चों को खेलों में बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन को अपना समर्थन देता रहेगा।


गुरुग्राम के गांव शिकाहपुर में ओकिनावा ओपन कराटे कप-2023 का शुभारंभ करते अतिथि सरपंच सुंदर लाल व अन्य।

# अब सरकारी गाड़ियों की जीवी सीरीज के साथ होगी अलग पहचान



इस तरह से नंबर के बीच में लगा होगा जीवी।

### सभी विभागाध्यक्ष अपनी गाड़ी का नंबर जीवी सीरीज में करवाएं कनवर्ट

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की ओर से सभी सरकारी वाहनों को यूनिक नंबर जारी किए जा रहे हैं, जिनमें पंजीकरण नंबर के बीच में ही जीवी यानि गवर्नमेंट व्हीकल लिखा हुआ होगा। सभी सरकारी वाहनों की नंबर प्लेट नए सिरे से जारी करने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने जिला के सभी सरकारी विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि जिन विभागों ने अपनी सरकारी गाड़ी का नंबर जीवी सीरीज में नहीं बदलवाया है वे अपने नंबर को शीघ्र जीवी सीरीज में बदलवा लें, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

डीसी यादव ने बताया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों के सरकारी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों को जीवी सीरीज में कन्वर्ट कराने के लिए इन वाहनों के मूल दस्तावेज सम्बंधित एसडीएम कार्यालय अथवा आरटीओ कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सभी सरकारी वाहनों के रजिस्ट्रेशन अब जीवी सीरीज में बदले जा रहे हैं। इसके लिए विभागों को वाहनों के बीमा संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद अथॉरिटी की ओर से नई सीरीज जीवी के नंबर जारी किए जाएंगे।


परिवहन आयुक्त हरियाणा यशेंद्र सिंह।

**सरकारी वाहन के नम्बर जीवी सीरीज में अनिवार्य :** परिवहन आयुक्त हरियाणा यशेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से सभी विभागों की सरकारी गाड़ियों पर पंजीकरण के तहत अब जीवी सीरीज अलॉट की जा रही है। ऐसे में नए नम्बर अनुरूप मिले जीवी सीरीज को नम्बर प्लेट पर लिखना अनिवार्य किया हुआ है। इससे सरकारी गाड़ियों की पहचान नंबर प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर देखने से ही हो जाएगी। प्रदेश के सभी सरकारी विभागाध्यक्ष अपनी सरकारी गाड़ी के पुराने नम्बर को जीवी सीरीज में कन्वर्ट करवाना सुनिश्चित करें।

# पंजीरी प्लांट की जमीन पर सामुदायिक केंद्र और पार्क बनाने की सिफारिश

### नवीन गोयल के नेतृत्व में 11 सदस्यीय कमेटी ने डीसी से की मुलाकात

### डीसी ने नगर निगम से जमीन के मामले में मांगा ब्यौरा

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**लंबे** समय से उपयोग में नहीं आ रही पंजीरी प्लांट की जमीन पर सामुदायिक केंद्र और पार्क बनाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। सोमवार को इस मांग को लेकर 11 सदस्यीय कमेटी के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की। उन्हें क्षेत्र के लोगों की तरफ से इस जमीन की जानकारी उपायुक्त को दी।


गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार स्थित पंजीरी प्लांट में सामुदायिक केंद्र व पार्क बनाने को लेकर क्षेत्र की कमेटी के सदस्यों के साथ डीसी से मुलाकात करते नवीन गोयल।

कम्युनिटी सेंटर निर्माण कमेटी के 11 सदस्यों में प्रधान प्रद्युम्न जांघू, सदस्य मिथलेश मिश्रा, सेवानिवृत लेक्चरर सतबीर सिंह, सेवानिवृत लेक्चरर रामफल शर्मा, सेवानिवृत लेक्चरर जयमंगल पांडेय, सेवानिवृत लेक्चरर अशोक तिवारी, एडवोकेट रीनू माहेश्वरी, गृहिणी संगीता चौहान, प्रकाश चंद, विशाल अग्रवाल, ठाकुर संतोष सिंह, पंकज पाठक शामिल रहे। नवीन गोयल ने सभी सदस्यों के साथ डीसी निशांत कुमार यादव को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि लक्ष्मण विहार में जो पंजीरी प्लांट है, वह कई साल से बंद पड़ा है।

पंजीरी प्लांट की जमीन कई एकड़ है। वहां किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा। इस क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मण विहार, अशोक विहार और भीमगढ़ खेड़ी आते हैं। इन तीनों कालोनियों में ऐसा कोई स्थल नहीं है, जहां पर लोग अपने घरेलू कार्यक्रम विवाह आदि कर सकें। लोगों को काफी परेशानी होती है। विशेषकर सामान्य व गरीब लोगों के लिए अपने बच्चों के विवाह-शादी करने में कठिनाई होती है। वाटिका आदि में शादी करना उनकी हैसियत से बाहर की बात है। इसलिए क्षेत्र के लोगों की मांग है कि पंजीरी प्लांट की जमीन पर एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जाए, ताकि यह जमीन लोगों के भले के काम आए। साथ ही यहां पर पार्क का भी निर्माण कराया जाए, क्योंकि इन क्षेत्रों में कोई पार्क भी नहीं है।

नवीन गोयल ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से कहा कि वे इस मामले में व्यक्तिगत तौर पर प्रयास करें तो क्षेत्र के लोगों को सहूलियत होगी। डीसी ने कमेटी को आश्वस्त किया कि इस पर वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे। साथ ही उन्होंने मौके पर नगर निगम अधिकारियों से बात करके इस जमीन संबंधी जानकारी मांगी।

## ग्रेडिंग में राजकीय महिला आईटीआई देश में पांचवें, गुरुग्राम जिले में अव्वल



राजकीय आईटीआई गुरुग्राम।

**गुरुग्राम।** देशभर की 14 हजार 951 राजकीय आईटीआई कालेज में गुरुग्राम की राजकीय महिला आईटीआई का दबदबा रहा है। कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी रैंकिंग में गुरुग्राम की राजकीय महिला आईटीआई ने देशभर में 9.2 ग्रेड लेकर पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई है। वहीं प्रदेश स्तर की रैंकिंग में गुरुग्राम में अव्वल स्थान पाया है।

इस राष्ट्रीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत सरकार द्वारा कुल आठ मानक निर्धारित किए गए थे, जिसमें संस्थान में गत तीन वर्ष का दाखिला प्रतिशत महिला परीक्षार्थियों का दाखिला प्रतिशत, नए युग अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन, गत तीन वर्ष का रिजल्ट व कंप्यूटर आधारित परीक्षा में परीक्षार्थियों का भाग लेना में प्राप्त अंकों का औसत प्रतिशत जैसे कई अन्य मानक शामिल थे।

आईटीआई के प्रधानाचार्य जयप्रकाश यादव ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के सभी तकनीकी व गैर तकनीकी स्टाफ सदस्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिले में अव्वल रहने वाली आईटीआई महिला गुरुग्राम का यह पहला मौका है जब इसे राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि मिली है। यहां कुल 6 ट्रेड व 8 यूनिट चल रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के साथ चलाई जा रही है। इसके अलावा आने वाले वर्ष 2023-24 के लिए अन्य ट्रेड को भी दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत लिया जा रहा है, जिसमें कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड, सेविंग टेक्नोलॉजी ट्रेड व सर्फेस ऑनार्मेंटेशन तकनी ट्रेड भी शामिल है।

# कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग में नाट्य उत्सव के लिए दें आवेदन : बिजेंद्र कुमार

### दस मई तक भिजवाए जा सकते हैं आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हरियाणवी** नाट्य उत्सव 2023 में भाग लेने के लिए 10 मई तक कला एवं सांस्कृतिक विभाग की वेबसाईट आर्टएंडकल्चरलअफेयर्सएचआरवाई.जीओवी.इन पर आवेदन किए जा सकते हैं।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से हरियाणवी नाट्य उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आवेदन पत्र कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की वेबसाइट आर्टएंडकल्चरलअफेयसज़्एचआरवाई.जीओवी.इन से डाउनलोड किया जा सकता है। जिला जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि नाटक हरियाणवी भाषा में होना अनिवार्य है। नाटक की अवधि 45 मिनट से 1 घंटे तक होनी चाहिए।


डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार।

आवेदन में नाटक का पूर्ण विवरण, नाटक की विषय-वस्तु, निर्देशक व लेखक का विवरण तथा कुल कलाकारों की संख्या आदि का उल्लेख होना चाहिए। नाट्य उत्सव में भाग लेने वाले रंगकर्मियों को उनके नाटक की प्रस्तुति की तिथि, समय व स्थान के बारे में दूरभाष पर सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कलाकार आवेदन पत्र को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा, एससीओ नंबर-29, पहली मंजिल, सेक्टर-7-सी मध्यमार्ग, चंडीगढ़ कार्यालय में भिजवा दें। इसके बाद उनसे आवेदन के आधार पर संपर्क कर सकते हैं।

## 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी 30 प्रतिशत छूट

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है, पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 30 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले वर्ग को राहत मिलेगी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं। डीसी ने कहा कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। प्रॉपर्टीटैक्स की ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट का लाभ अधिकतम लोगों को मिले इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बकायेदारों को प्रॉपटीज़ टैक्स जमा कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं, ताकि नगर निगमों व नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए पैसा प्राप्त हो सके।


डीसी निशांत कुमार यादव।

# सभी को सुरक्षा देगा यह किफायती टर्म प्लान

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज एलियांज लाइफ ग्रुप टर्म लाइफ- एक नॉन-लिंक्ड नॉन-पार्टिसिपेटिंग ग्रुप टर्म इंश्योरेंस प्लान पेश किया है, जो भारत में पोस्ट पेमेंट्स बैंक ग्राहकों के लिए एक किफायती प्रोटेक्शन प्लान है। इससे ग्राहकों को छोटी राशि का भुगतान करके पर्याप्त लाइफ कवर के साथ अपनी बीमा सुरक्षा शुरू करने की सुविधा मिलती है, इससे उनके प्रियजनों को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा भी मिलती है। इसके अलावा, बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर, जो आम तौर पर परिवार का कमाऊ सदस्य होता है, बजाज आलियांज लाइफ़ ग्रुप टर्म लाइफ में किसी भी तत्काल खर्च को कवर करने के लिए एकमुश्त राशि प्राप्त करने के लिए नॉमिनी दिए जाने का भी प्रावधान है, ताकि परिवार को 5, 7 या 10 साल तक नियमित मासिक आय का भुगतान होता रहे।

बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस के इंस्टीट्यूशनल बिजनेस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर और हेड धीरज सहगल, ने कहा, 'लाइफ गोल्स' के रूप में हम अपने सभी ग्राहकों और उनके परिवारों को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने में मदद करने के लिए बेजोड़ पेशकश देने के लिए उत्सुक हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के साथ हमारी साझेदारी देश भर के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करने में मदद करती है। हमारी नई पेशकश बहुत बेहतरीन है क्योंकि यह उन परिवारों की मदद करने के लिए तैयार की गई है जो आईपीपीबी के साथ बैंकिंग करते हैं। उस वित्तीय कमी का सामना कोई भी कर सकता है, जो कमाने वाले की मृत्यु के कारण होती है। मुझे विश्वास है कि यह कम प्रीमियम और ज्यादा कवर अधिक ग्राहकों को अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उनके दुनिया में न होने पर भी उनके लाइफ गोल पूरे होते रहें।'

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के चीफ जनरल मैनेजर और चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर गुरशरण राय बंसल ने कहा, 'अपने वित्तीय और जीवन के लक्ष्यों को बिना परेशानी पूरा करने के लिए जीवन बीमा सबसे आवश्यक वित्तीय उत्पादों में से एक है।

# गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे पर म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट ट्रम्पेट के डिजायन में बना है फ्लाईओवर

### पूरे द्वारका एक्सप्रेस-वे पर फ्रांस के एफिल टावर जितना लगा है स्टील

### गुरुग्राम-दिल्ली से आने-जाने वालों के लिए आधा समय घटाएगा यह रास्ता

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**आपने** शादी-विवाह में बैंड पार्टी में देखा होगा ट्रम्पेट म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट। उसमें स्टील की पाइप को घुमावदार बनाकर एक आकार दिया जाता है। ठीक उसी तरह से बनाया गया है गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-83-84 के पास का फ्लाईओवर। इसे नाम भी ट्रम्पेट फ्लाईओवर दिया गया है। हवाई चित्र या वीडियो में देखने से इसका सही आकार आपको नजर आएगा। वर्ष 2006 में कांग्रेस सरकार में इसे बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया था, जो अब 17 साल बाद जनता को समर्पित होने जा रहा है।

करीब 9 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे 27.6 किलोमीटर के गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम के हिस्से में काम लगभग पूरा हो चुका है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट महिपालपुर स्थित शिवमूर्ति के पास से द्वारका एक्सप्रेस-वे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 से (पुराना एनएच-8) गुरुग्राम के लिए कट जाएगा। इसके बनाने का मुख्य कारण यही है कि दिल्ली से आने वाला यातायात दिल्ली के इस हिस्से व गुरुग्राम के बीचोबीच जाम का का कारण ना बने। आधे से ज्यादा वाहनों को दिल्ली से सीधे जयपुर या अन्य स्थानों के लिए जाना होता है। ऐसे में वे अब तक अनावश्यक ही दिल्ली-गुरुग्राम के जाम में फंसे रहते हैं। जैसे ही यह एक्सप्रेस-वे चालू होगा तो वाहन नॉन स्टॉप महिपालपुर से गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास उतरेंगे और आगे निकल जाएंगे। जून 2024 में जनता के लिए इसे पूरी तरह से खोल दिया जाएगा। हालांकि इस पर वाहन अभी से फर्राटा भर रहे हैं। इस एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-83-84 के पास बनाया गया फ्लाईओवर व टर्निंग प्वायंट अहम है। गढ़ी-हरसरू फ्लाईओवर से जब आगे बढ़ेंगे तो थोड़ी दूरी पर ही मुख्य फ्लाईओवर से कटकर एक अन्य फ्लाईओवर उसकी ऊंचाई पर बनाया गया है। मुख्य फ्लाईओवर आगे से लेफ्ट साइड में मुड़ जाएगा, जो कि सीधे एनएच-48 होते हुए आगे खत्म होगा। फिर सड़क मार्ग वाटिका चौक होते हुए फरीदाबाद रोड में मिल जाएगा। वाटिका चौक पर भी अंडरपास का काम जारी है। बात करें ट्रम्पेट फ्लाईओवर की तो मुख्य फ्लाईओवर में से कटकर जो फ्लाईओवर अलग से ऊंचाई पर बनाया गया है, आगे चलकर वह लेफ्ट साइड में मुड़ते हुए वापस मानेसर की तरफ उतारा गया है। यानी द्वारका से आने वाले वाहन अगर एनएच-48 पर जाना चाहते हैं तो वे मुख्य फ्लाईओवर से जाएंगे और मानेसर व अन्य सेक्टर्स की तरफ जो जाना चाहते हैं वे इस ट्रम्पेट फ्लाईओवर का इस्तेमाल करेंगे।


म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट ट्रम्पेट के डिजायन में द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम में फ्लाईओवर।


गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर ट्रम्पेट फ्लाईओवर पर अलग-अलग दिशाओं में जाने के रास्तों का हवाई दृश्य।

**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 का प्वाइंट भी खास :** द्वारका से चलकर गुरुग्राम में इस एक्सप्रेस-वे का राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 का प्वाइंट खास होगा। यहां से जयपुर, दिल्ली जाने वाले वाहनों के लिए विशेष कनेक्टिविटी दी गई है। यहां बटर फ्लाई की शेप में फ्लाईओवर तैयार किया गया है। द्वारका से आकर यहां से दिल्ली, फरीदाबाद, जयपुर के लिए यहां से वाहन जा सकेंगे। इसी तरह फरीदाबाद, सोहना आदि से आने वाले वाहन भी यहां से द्वारका, जयपुर, दिल्ली के लिए सड़क मार्ग बदल सकेंगे।

**गलती हुई तो लगाना होगा लंबा चक्कर :** अगर गलती से भी मानेसर जाने वाले वाहन चालक मुख्य फ्लाईओवर से ऊंचाई वाले फ्लाईओवर पर नहीं चढ़ते हैं तो उन्हें एनएच-48 को पार करके थोड़ा आगे प्वायंट पर नीचे उतरकर फिर दूसरी तरफ से द्वारका एक्सप्रेस-वे पर चढ़ना होगा। आगे उनके लिए अंडरपास व ऊपरी सड़क मार्ग से मानेसर की तरफ जाने के दो विकल्प होंगे। यानी उनकी जरा सी गलती पर कई किलोमीटर का जाना-आना मजबूरी होगी।

**एफिल टावर जितना लगा है इस एक्सप्रेस-वे में स्टील :** वैसे तो द्वारका एक्सप्रेस-वे में महिपालपुर से एनएच-48 के बीच फ्रांस के पेरिस शहर में बने एफिल टावर जितना स्टील लगाया गया है। गुरुग्राम में गढ़ी-हरसरू फ्लाईओवर से ठीक आगे करीब तीन हेक्टेयर में बने ट्रंपेट फ्लाईओवर के पास ही स्टील का फ्लाईओवर भी बनाया गया है, जो यहां की खूबसूरती को भी बढ़ाता है। यहां तीन तरह का सड़क मार्ग होगा। पहला अंडरपास, दूसरा मुख्य सड़क और तीसरा फ्लाईओवर। यानी यातायात जाम की यहां कोई स्थिति नहीं बनेगी। द्वारका-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे के पूरी तरह से शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 का करीब 50 फीसदी यातायात दबाव कम होगा। द्वारका एक्सप्रेस-वे के इस फ्लाईओवर के आसपास सेक्टर-36ए, 36बी, सेक्टर-83, सेक्टर-84, सेक्टर-88 हैं। आने वाले समय में इन सेक्टर्स के लिए यह सड़क मार्ग काफी लाभकारी साबित होगा।

**फ्लाईओवर्स पर दोनों ओर लगाए ध्वनि रोधक बैरिकेट :** पूरे द्वारका एक्सप्रेस-वे के फ्लाईओवर्स पर दोनों ओर ध्वनि रोधक बैरियर भी लगाए गए हैं, जो कि ऊपर चलने वाले वाहनों की आवाज को नहीं फैलने देंगे। यानी वाहनों की आवाज आसपास रहने वाले लोगों को परेशान नहीं करेगी। फिलहाल यहां नए प्रोजेक्ट आने शुरू हुए हैं। आने वाले 5-10 साल में इस क्षेत्र में आबादी बढ़ेगी। एनएच-48 से द्वारका तक इस एक्सप्रेस-वे अन्य दिशाओं में जाने की बात करें तो गुरुग्राम से जयपुर के लिए, रेवाड़ी के लिए, झज्जर के लिए, नजफगढ़ के लिए पहला प्वायंट दौलताबाद चौक व दूसरा प्वायंट बजघेड़ा होगा।

# नागरिक अस्पताल की आयुष वाटिका में औषधीय पौधों का रोपण किया


सोमवार को सोहना के नागरिक अस्पताल परिसर में बनी आयुष वाटिका में पौधारोपण करने को तैयार अतिथिगण।

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल की आयुष वाटिका में जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने औषधिय पौधें लगाए। विद्यार्थियों ने छह माह तक पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया है। आयुष वाटिका में औषधिय पौधों की संख्या 50 से बढ़कर 70 हो गई है।

जीवन में पौधों का महत्व और जीवन सुरक्षित करने के उद्देश्य से जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नगर अस्पताल की आयुष वाटिका में औषधिय पौधे लगाते हुए युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया है। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. दशरथ, आयुष के डॉक्टर कुलभूषण, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर सतबीर सरौहा, शिक्षक हुकम सिंह, जीडी गोयनका से आए डॉक्टर सुरुति, लक्ष्मी, लवकेश विकास आदि ने इस पौधारोपण में हिस्सा लिया। पौधारोपण के दौरान आयुष की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने रौपे गए पौधों की कम से कम छह माह तक देखरेख करने का संकल्प लिया है।

इस अवसर पर डॉक्टर पूजा माथूर ने कहा कि हर सप्ताह एक बार विद्यार्थियों की टीम पौधों की देखरेख के लिए आएंगे। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर दशरथ ने कहा आने वाला समय को बचाने के लिए पौधारोपण बहुत ही जरुरी है। जान लेवा बीमारियों को प्रकोप खराब खान-पान से बढ़ता जा रहा है। आक्सीजन देने वाले से लेकर औषधिय पौधे से ही जीवन सुरक्षित रह सकता है। डॉक्टर लक्ष्मी ने कहा कि युवाओं को पौधारोपण की प्रेरणा देते हुए जीवन में पौधो का महत्व की जानकारी देना बहुत महत्वपूर्ण है।

# साइबर ठगी गिरोह के दो आरोपियों को अवैध हथियार सहित किया काबू

**आरोपियों के कब्जे से ठगी के 13 लाख 78 हजार और 28 एटीएम कार्ड बरामद**


ठगी के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ पुलिस अधिकारी।


आरोपियों से बरामद सामान।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिंदर के नेतृत्व में साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में लोकेश और हरीराम का नाम शामिल है। दोनों आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव काहारिका के रहने वाले है। टीम ने दोनों आरोपियों को सूचना पर डिलाइट गार्डन के सामने सेक्टर-21 वाले रोड के पास से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।

आरोपी लोकेश की तलाशी लेने पर देशी कट्टा 315 बोर, 17 एटीएम कार्ड और 13 लाख तथा हरीराम से 78000 तथा 11 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपियों से हथियार, कार्ड व पैसे के संबंध में पूछताछ की तो सामने आया कि वे साइबर ठगी गिरोह के लिए काम करते हैं। उनके साथियों द्वारा किए गए साइबर फ्रॉड के पैसे को अलग अलग खाते से एटीएम कार्ड से दिल्ली व एनसीआर एरिया की एटीएम मशीन से पैसे निकालकर ले जाने का काम है।

वे पैसे निकालकर ले जाने के लिए कमीशन लेते हैं। आरोपियों के साथी राजस्थान में बैठकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए अवैध हथियार साथ में रखते हैं। उनके खिलाफ अवैध हथियार व जालसाजी की धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनके अन्य साथियों को क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिख सहायता की मांग की



**फरीदाबाद।** दिवंगत अतिथि अध्यापक ताहिर खान की विधवा ने मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखकर अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। हरियाणा सरकार ने 2019 में अतिथि शिक्षक सेवा सुरक्षा बिल बनाकर अतिथि अध्यापकों की नौकरी को सुरक्षित तो कर दिया, लेकिन आज तक कोई भी सुविधा अतिथि अध्यापकों को सरकार नहीं दे सकी। अतिथि अध्यापकों के परिवार मुश्किल जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं।

सबसे अधिक परेशानी उन विधवा महिलाओं के परिवारों को हो रही है, जिनके पति नौकरी करते हुए असमय दिवंगत हो गए। दिवंगत अतिथि अध्यापक की पत्नी ने अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र लिखकर मांग की है कि आपने नौकरी तो सुरक्षित कर दी, लेकिन परिवार सुरक्षित नहीं हो पाए हैं। खून से लिखे पत्र को शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर को 14 मई को सौंपा जाएगा। अतिथि अध्यापक अपने परिवारों का इलाज कराने के लिए अपनी जमीन बेचने को मजबूर हो रहे हैं। पति के मरने के बाद बच्चों की भूख का कोई इंतजाम सरकार के द्वारा नहीं किया गया। संघ के जिला प्रधान रघु वत्स के अनुसार अतिथि अध्यापकों को किसी भी प्रकार की सुविधा सरकार के द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती। असमय मृत्यु होने पर कोई वेतन भी नहीं दिया जाता। फरीदाबाद की रजिया बेगम ने अपने तीन लड़कों और दो लड़कियों के साथ खून से पत्र लिखा। अतिथि अध्यापक की विधवा ने कहा है कि लाखों रुपये बीमारी में लग गए। हमारा सब बिक गया और अब रोटी के लाले पड़ रहे हैं। इस अवसर पर उपप्रधान विजयपाल नरवाल, ब्लॉक प्रधान सुंदर भड़ाना, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र दीक्षित, हरि सिंह, किशोरी लाल आदि से उपस्थित रहे।

# केवल कागजों तक सीमित है भाजपा सरकार का विकास : राजेंद्र शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ग्रामीणों के साथ आप नेता राजेंद्र शर्मा।

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा ने गांव बाघौला और देवली का दौरा कर लोगों से जनसंपर्क किया व उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने शर्मा को बताया कि गांव बाघौला में अंडरपास नहीं होने के कारण यह गांव पूरी तरह से कटा हुआ है। हालात यह है कि दूरदराज जाने के लिए लोगों को अन्य मार्गों का प्रयोग करना पड़ता है। जिससे उनके समय और पैसों दोनों की बर्बाद होनी है। यही नहीं बल्कि अगर गांव में श्मशान घाट जाने के लिए भी तीन किलोमीटर तक जाना पड़ता है।

सरकार ने यहां अंडरपास बनाने का वायदा तो किया था, लेकिन आज तक उस पर काम शुरू नहीं हुआ, जिससे उन्हें परेशानी पेश आती है। कई बार इस मामले को लेकर वह विधायक व अन्य माध्यमों से सरकार व प्रशासन के समक्ष उठा चुके हैं, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों की समस्या सुनने के बाद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीति और रीति दोनों ही खराब है। यह सरकार केवल कागजों में विकास की बातें करती है, जबकि जमीनी स्तर पर शून्य है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार हर वर्ग का सम्मान विकास कर रही है और यही कारण है कि आज लोगों का रूझान आम आदमी पार्टी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी इस मांग को लेकर वह संबंधित अधिकारियों से मिलकर इसे दूर करवाने का प्रयास करेंगे। राजेंद्र शर्मा को गांव देवली में लोगों ने बताया कि उनके गांव में अंडरपास तो बना दिया है, लेकिन वह किसी काम का नहीं है। नीचा होने के कारण उसमें जलभराव हो जाता है, जिसके चलते लोग आवागमन नहीं कर पाते। इसलिए यहां अंडरपास की जगह ओवरब्रिज बनना चाहिए था।

वहीं ग्रामीणों ने जंतर-मंतर पर बैठी महिला खिलाड़ियों के धरने प्रदर्शन को भी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया, आज सरकार उनकी सुध नहीं ले रही। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। पंडित राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से खिलाड़ियों के साथ है और उनके इस धरने प्रदर्शन में उनका समर्थन करेगी। इस अवसर पर ओमप्रकाश, हरीश कुमार, मुकुल, रिंकू, मुकेश, भूदत्त शर्मा, दिनेश कुमार, रामप्रसाद, देवराज गौड़, राधेलाल मास्टर, हरदेव, दौलतराम सरपंच ककड़ीपुर, विजय सरपंच देवली, सुभाष जयपाल, सुरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# झूठी सूचना देकर निर्दोष को फंसाने पर डॉक्टर को किया गिरफ्तार

**रंजिश के चलते एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल में चरस रखकर किया था पुलिस को कॉल**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह व उनकी टीम ने झूठी सूचना देकर निर्दोष व्यक्ति को फंसाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सतबीर उर्फ विनय है, जो पेशे से डॉक्टर है और मोहना रोड बल्लभगढ़ में अपना क्लीनिक चलाता है।

आरोपी ने किसी रंजिश के चलते एक निर्दोष व्यक्ति की मोटरसाइकिल में चरस रखकर पुलिस को गलत सूचना दी। जिसके आधार पर पुलिस ने हेमचंद को काबू किया था। जिसके मोटरसाइकिल में 72 ग्राम चरस बरामद की गई। हेमचंद से जब पूछताछ की गई तो सामने आया कि उसने अपने जीवन में कभी भी तंबाकू सुल्फा या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं किया। उसने बताया कि आरोपी सतबीर उर्फ विनय उसके साथ रंजिश रखता है, जिसके चलते उसने मुझे फंसाने के लिए यह चरस मोटरसाइकिल में रखी है।

मामले में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जब मामले की जांच की तो सामने आया कि आरोपी सतबीर ने हेमचंद के बारे में झूठी सूचना दी थी। दरअसल मामला यह है कि आरोपी का अपना क्लीनिक है और उसके पास एक महिला काम करती थी। जो हेमचंद के साथ जागरण में गाना बजाना गाने के लिए जाती थी। जो आरोपी सतबीर को पसंद नहीं था। इसी के चलते डॉक्टर का महिला के साथ झगड़ा हुआ और वह क्लीनिक छोड़कर चली गई। क्लीनिक छोड़कर जाने के बाद डॉक्टर से काम संभाला नहीं जा रहा था, इसलिए वह हेमचंद के साथ रंजिश रखने लगा।

इसी रंजिश के चलते आरोपी ने एक जीपीएस डिवाइस हेमचंद के मोटरसाइकिल में लगा दी और ऐप के माध्यम से उसके ट्रैकिंग करने लगा। जिससे उसको हेमचंद्र के मोटरसाइकिल के लोकेशन लगातार पता चल रही थी। उसने पलवल से चरस लाकर हेमचंद की मोटरसाइकिल में रख दी।

आरोपी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके पश्चात पुलिस ने मामले में निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपी सतबीर के खिलाफ झूठी सूचना देकर निर्दोष व्यक्ति को फंसाने की धाराओं के तहत सेक्टर-8 थाने में मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से जीपीएस डिवाइस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# मीडिया विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा।

**जेसी** बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में पत्रकारिता के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के 30 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

दो चरणों में होने वाली इस प्लेसमेंट ड्राइव का प्रथम चरण पूर्ण हुआ। परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत द्वितीय चरण में साक्षात्कार होगा, उसके उपरांत प्लेसमेंट की जाएगी। इस ड्राइव में रिपोर्टिंग, वीडियो एडिटिंग, वॉइस ओवर के अतिरिक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के चेयरमैन डॉ. पवन सिंह ने बताया कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों को मल्टी टास्किंग स्किल के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि वर्तमान मीडिया चलन के अनुसार बहुप्रतिभाशाली प्रशिक्षु पत्रकार मीडिया हाउस को उपलब्ध हो सके। मलिक ने बताया कि संचार एवं मीडिया प्रोद्यौगिकी विभाग के अंतर्गत बीए जर्नलिज्म, एमए जर्नलिज्म, बीए समाज कार्य के साथ नया कोर्स बीएससी पत्रकारिता जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

# नगर निगम के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगम** कर्मचारियों ने बीके चौक स्थित निगम मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया ने की तथा मंच का संचालन कृष्ण चंडालिया कर रहे थे।

प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उप महासचिव सुनील चंडालिया, राज्य उपप्रधान कमला व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहेर, कोषाध्यक्ष मास्टर भीम सिंह व नगर पालिका संघ के जिलाध्यक्ष सुदेश कुमार, सचिव नानक खेरालिया, महिला राज्य सब कमेटी की नेता सुरेश मुख्य तौर पर उपस्थित रहीं। सभी नेताओं ने 28 मई को जींद रैली में शामिल होने के लिए निगम कर्मचारियों से अपील की। अनिल चंडालिया, मनोज शर्मा, देवी चरण शर्मा, चौधरी हरवीर रावत, प्रेमपाल, शक्ति सिंह, श्रीपाल मौर्य, देवेंद्र मंझावली, रघुवीर चौटाला, महेंद्र कोडिया, राकेश चंडालिया, दर्शन सिंह, महिला नेता सत्तू, ललिता, कमलेश, शकुंतला, ज्ञानवती, राजवती आदि भी शामिल थे।

# व्यापारियों के कल्याण के लिए किया व्यापार कल्याण बोर्ड का गठन : मूलचंद शर्मा

**बल्लभगढ़ के मेन बाजार में महाराजा अग्रसेन स्मारक के सौंदर्यीकरण के बाद लोकार्पण किया**



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि महाराजा अग्रसेन स्मारक साल 1982 में बनाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक किसी भी सरकार ने इस स्मारक की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया था। अब बीजेपी सरकार ने इसका सौंदर्यीकरण करवाकर एक नया रूप दिया है। शर्मा ने बल्लभगढ़ मेन बाजार में व्यापारियों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों में महाराजा अग्रसेन स्मारक के सौंदर्यीकरण को लेकर खुशी की लहर है। लोकार्पण अवसर पर हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शहर के व्यापारियों ने मुख्य अतिथियों का इस अवसर पर जोरदार स्वागत किया। मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने भी व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि वे व्यापारियों की समस्याओं को दूर कराने और व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू कराने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ताकि हरियाणा का व्यापारी अपने व्यापार को बुलंदियों पर पहुंचा सकें। बल्लभगढ़ मेन बाजार में शोभा यात्रा निकाल कर अग्रसेन चौक पहुंचकर महाराजा अग्रसेन स्मारक का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, पारस जैन, सौंद्रीकरण समिति की प्रधान राहुल गोयल, ईश्वरदास गोयल, उद्योगपति मनमोहन गुप्ता, चौधरी प्रवीण गर्ग के अलावा शहर के गणमान्य लोगों में ललित बंसल, आरडी गुप्ता, जे के गर्ग,लोकेश मंगला, मनोज अग्रवाल, मनीष मित्तल, गिर्राज प्रसाद अग्रवाल, प्रधान कैलाश चंद सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यस्तीय प्रदर्शनी में जिला रेडक्रॉस फरीदाबाद को मिला दूसरा स्थान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**विक्रम** सिंह उपायुक्त एवम् प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन में सोमवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला में किया गया। जिसमें राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की।

इस अवसर पर सभी जिला शाखाओं द्वारा अपनी अपनी गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद शाखा द्वारा दिव्यांगजन सेवा, तपेदिक रोगी कल्याण सेवा, प्राकृतिक चिकित्सा, सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण आदि से संबंधित क्रियाकलापों का सचित्र प्रदर्शन राज्यपाल के समक्ष प्रदर्शित किया गया। जिसके अनुसार फरीदाबाद के प्रदर्शन को मद्देनजर रखते हुए गतिविधियों के प्रदर्शन आधार पर आंकलन कमेटी द्वारा फरीदाबाद के बेहतर प्रदर्शन को मद्देनजर रखते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनियों में सम्मिलित करते हुए द्वितीय स्थान पर रखा गया। राज्य शाखा द्वारा निर्धारित इनाम राशि 75 हजार हजार चेक के रूप में सचिव बिजेन्द्र सौरोत को सौंपी गई। राज्यपाल हरियाणा द्वारा जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं की सराहना की। इसमें भागीदारी के लिए पुरुषोत्तम सैनी जिला प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ. राकेश कुमार फिजियोथैरेपिस्ट, जयपाल सिंह, मधु भाटिया टीबी कोर्डिनेटर, डॉ. एमपी सिंह, दर्शन भाटिया, अरविंद कुमार, पवनकुमार, ज्ञानप्रकाश, भगवान दास प्रसाद के अलावा दिव्यांगजन निर्मल, राजू, शियानंद फोटोग्राफर की भागीदारी सराहनीय रही।

## संक्षिप्त समाचार

### रमणीक प्रभाकर अंतर्राष्ट्रीय इंडो नेपाल कर्म रत्न अवार्ड से सम्मानित




**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वावधान में भारत नेपाल के बहुआयामी संबंधों पर रमणीक प्रभाकर महासचिव एमएएफ को अंतराष्ट्रीय इंडो नेपाल कर्म रतन अवार्ड, शाल, नेपाली टोपी, गोल्ड मैडल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति परमानंद झा और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, समरसता मंच के प्रधान महावीर प्रसाद तोरडी, युगांडा के राजदूत और राज्य सभा सांसद अशोक वाजपेयी की उपस्थिति में दी इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ न्यू दिल्ली में किया गया। रमणीक प्रभाकर ने कहा अंतराष्ट्रीय समरसता मंच एक गैर राजनैतिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था है। जो सर्व धर्म समभाव की विचारधारा के अनुसार विश्व बंधुत्व की भावना से मानव सेवा हितार्थ सांस्कृतिक समन्वय एवं शोध कार्यों द्वारा मानवीय एकता व समरसता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों का एक ऐसा समूह है। स्व प्रेरणा एवं स्व अनुशासन के माध्यम से जनहित के कार्यो के लिए सदस्य के रूप में कार्य करते हैं। मंच का कार्य अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अनुसार भारत नैपाल की वैदिक कालीन सांस्कृतिक का पूर्ण उत्थान हो, भारत पुन: वैदिक कालीन जगतगुरु के आसन पर पदस्थापित हो। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में वीटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्र सदस्यों का मित्रवत सहयोग की आशा से चलाया जा रहा प्रेरित अभियान है।

### दीप स्कूल के पूर्व छात्र राजेश व छात्रा हिमांशी ने किया नाम रोशन




**पलवल।** दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल असावटी में स्कूल के पूर्व छात्र राजेश पुत्र गोपाल को अमेरिका के बहुचर्चित होटल में चयन के लिए सम्मानित किया गया। जहां उसकी सालाना आय 60 लाख होगी। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर जगदीश चंद कौशिक, चेयरमैन कुलदीप कौशिक, प्रिंसिपल गोपाल चौहान व सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने छात्र राजेश को सम्मानित किया व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राजेश के पिता ने अपने पुत्र की इस कामयाबी के लिए स्कूल प्रबंधन व अध्यापक-अध्यापिकाओं का धन्यवाद किया। वहीं स्कूल की पूर्व छात्रा हिमांशी पुत्री ज्ञान चंद को अकादमिक परफॉरमेंस में अच्छे परिणाम के लिए भिवानी बोर्ड की तरफ से प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर जगदीश चंद कौशिक, चेयरमैन कुलदीप कौशिक, प्रिंसिपल गोपाल चौहान व सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने छात्रा हिमांशी को सम्मानित किया व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### स्वच्छता में होता है परमात्मा का वास : संदीप शर्मा



**फरीदाबाद।** पृथला क्षेत्र के गांव दयालपुर से वरिष्ठ बसपा नेता संदीप शर्मा पन्हेड़ा ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इस अभियान की शुरूआत स्वच्छता अभियान संत सुरक्षा मिशन के महंत आचार्य राजेंद्र द्वारा की गई। इस दौरान संदीप शर्मा पन्हेड़ा व अन्य ग्रामीणों ने झाड़ू चलाई और कूड़ा उठाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए संदीप शर्मा पन्हेड़ा ने कहा कि स्वच्छता में परमात्मा का वास होता है, इसलिए हमें अपने घरों, प्रतिष्ठानों व बल्कि अपने मोहल्लों व गलियों को भी साफ-सुथरा रखना चाहिए और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कई लाभ है, साफ सफाई होने से जहां बीमारियां नहीं फैलतीं। वहीं स्वच्छ रहने से लोगों में अच्छे विचारों का आगमन होता है और समाज में सुख-समृद्धि आती है। संदीप शर्मा ने बताया कि यह अभियान आज दयालपुर से आरंभ हुआ है, जो कि पृथला क्षेत्र के 104 गांवों में चलाया जाएगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित और जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर गुल्लू सरपंच, विनय ब्लॉक मेंबर, जिला पार्षद श्वेत स्नेहा, सौदान सिंह मास्टर, अंग्रेज सिंह राजपूत और सभी पंचायत सदस्य मौजूद थे।

### जेई ने सरकारी काम में बाधा डालने की दी शिकायत

**फरीदाबाद।** नगर निगम के जेई प्रवीण कुमार ने कुछ लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत दी है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि शनिवार को वह अपने कर्मचारियों संग जेसीबी मशीन द्वारा नैन चौक से एयरफोर्स रोड-60 फुट की तरफ नाले की सफाई करा रहे थे। कुछ लोगों ने आकर जेसीबी को बंद करा दिया व गाली गलौज करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली। उस रोड पर पानी भरा हुआ है, जिसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त तक थी। जब कर्मचारियों को लेकर जेसीबी मशीन से कार्य करने लगे तो उन्होंने काम को बंद करा दिया।


### वाहन चोरी के आरोपी को मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम ओमपाल है। आरोपी बल्लभगढ़ की त्रिरखा कॉलोनी का रहने वाला है। टीम ने सूचना पर एनआईटी के एरिया मस्जिद चौक से मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल को थाना खेडी पुल के एरिया सेक्टर-86 की मार्किट से चोरी किया था। आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ती के लिए आरोपी चोरी करने की वारदातों को अंजाम देता है। पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### 570 ग्राम गांजा सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विक्की है, जो ओल्ड फरीदाबाद की भूड कॉलोनी का रहने वाला है। तलाशी लेने पर आरोपी से 570 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि दिल्ली के सुभाष नगर चौक के पास किसी मद्रासी व्यक्ति से 8000 रुपये का एक किलोग्राम गांजा खरीद कर लाया था।

### नेशनल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**फरीदाबाद।** नेशनल ओपन फ्री स्टाइल मार्शल आर्ट टोंग अल मूडू प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र में की गई। इस प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, आसाम, राजस्थान, दिल्ली, तेलंगाना, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश सहित देश के मुख्य राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। हरियाणा फरीदाबाद की सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा चेष्टा ने अंडर-17, 70+ किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अपने जिले फरीदाबाद एवं हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया।

## विमानन क्षेत्र

### व्यवस्थागत समस्या

**एयरलाइनों** के एनसीएलटी पहुंचने से स्पष्ट है कि विमानन क्षेत्र में कोई व्यवस्थागत समस्या विद्यमान है। पिछले सप्ताह पहले गो फर्स्ट ने अमेरिकी कंपनी प्रैट एंड व्हिटनी पर 'खराब इंजनों' की सप्लाई का आरोप लगाया जिसके कारण गो फर्स्ट के आधे बेड़े को उड़ान से रोकना पड़ा था। उसने न्यायाधिकरण से दीवालिया समाधान प्रार्थना की। इसके कुछ ही दिन बाद स्पाइसजेट की एक पट्टाधारक एयरकैसल ने एयरलाइन को राष्ट्रीय कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी में घसीट लिया। वह बकाया न अदा करने के कारण एयरलाइन के खिलाफ दीवालिया प्रक्रिया शुरू करना चाहती थी। हालांकि, मामले की सुनवाई के पहले स्पाइसजेट ने कहा कि उसे 'बिना अदालती कार्यवाहियों के मामले के समाधान की आशा है और वह एयरकैसल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम से बातचीत कर रही है।' उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसा होगा, लेकिन तथ्य यह है कि स्पाइसजेट को वर्ष 2018-19 से घाटा हो रहा है। ये घटनायें संकेत देती हैं कि विमानन क्षेत्र में कोई व्यवस्थागत समस्या है। हालांकि भारत में विमानन ट्रैफिक में तेजी से वृद्धि हो रही है। पिछले दशक में घरेलू यात्रियों की संख्या में 14 मिलियन बढ़ोत्तरी हुई और यह 144 मिलियन पहुंच गई। भारतीय अर्थव्यवस्था ने काफी दृढ़ता प्रदर्शित की है और वह वैश्विक महामारी के संकट से उबरने में सफल रही है। उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था निकट भविष्य में कम से कम 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। सरकार ढांचागत विकास में लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है। ऐसे परिदृश्य में यह समझ में नहीं आता है कि विमानन कंपनियां क्यों बंद हो रही हैं। दुर्भाग्य से 1994 में यह क्षेत्र खोलने के बाद से ही नागरिक विमानन की यही स्थिति है। पिछले 29 साल में 27 एयरलाइनें बंद हो चुकी हैं। इस प्रकार हर साल एक विमानन कंपनी बंद होना कोई अच्छी बात नहीं है।




यदि सबसे बुरी स्थिति में आने के कारण दो एयरलाइनें-गो फर्स्ट व स्पाइसजेट बंद होती हैं तो घरेलू विमानन क्षेत्र के लिए दुविधा वाली स्थिति पैदा हो जाएगी। इस समय 56 प्रतिशत शेयर के साथ विमानन क्षेत्र में इंडिगो का पहला स्थान है तथा 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ टाटा स्वामित्व वाली एयरलाइनें दूसरे स्थान पर हैं। प्रतियोगिता से किसी क्षेत्र में जीवन्तता आती है, पर भारत में नवोदित विमानन बिजनेस में गिरावट आ रही है। इस बिजनेस को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इंजनों से संबंधित समस्या इस सूची में काफी ऊपर है। वास्तव में इंडिगो को भी इसका सामना करना पड़ा था, पर कंपनी इसका समाधान करने में सफल हुई। लेकिन गो फर्स्ट इससे निपटने में विफल रही। विमानन सलाहकार व शोध संस्था 'कापा इंडिया' के अनुमानों के अनुसार, विभिन्न समस्याओं के कारण देश में 110 विमान या देश के कुल बेड़े का 15 प्रतिशत जमीन पर खड़े हैं। सभी एयलाइनों को समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है, हालांकि कुछ में समस्यायें अधिक हैं और कुछ में कम। गो फर्स्ट को सर्वाधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा और यह बंद हो गई। भारतीय एयरलाइनों के समक्ष ईंधन की अधिक लागत एक और बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही नियमनों की अधिकता भी है। सरकार ने 'उड़े देश का आम नागरिक' संदेश के साथ सस्ती विमानन योजना 'उड़ान' शुरू की है। इसका अर्थ एयरलाइनों को कम आकर्षक रूटों पर भी उड़ान भरनी है। एयरलाइनों के समक्ष मौजूद समस्याओं को देखते हुए समय आ गया है कि विमानन नीति की समीक्षा की जाए। इसे एक ओर कंपनियों के स्वास्थ्य तथा दूसरी ओर सरकारी राजस्व व सामजिक दायित्वों के बीच संतुलन बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# खैरातों के कारण कर्ज में डूबते राज्य

खैरात बांटने से खजाना खाली होने के कारण राज्य भारी कर्ज लेते हैं। मुफ्त योजनायें शुरू करने वाले राज्य कर्ज के बोझ से दब रहे हैं।

**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार अपने भाषणों में 'रेवड़ियां' या खैरात बांटने की राजनीति से सावधान किया है। इससे देश बरबाद हो रहा है। पिछले एक या दो दशक में विभिन्न राज्यों की राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार की मुफ्त योजनायें चलाती हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की मुफ्त यात्रा, किसानों को उनकी जमीन के आधार पर नकदी हस्तांतरण, मुफ्त मंगलसूत्र, मुफ्त लैपटाप, मुफ्त स्कूटर, मुफ्त टीवी व ऐसी अनेक खैराती योजनाओं की घोषणायें अक्सर राज्य करते हैं। अनेक राजनीतिक पार्टियों को इन खैरातों का लाभ भी मिला है और वे कुछ राज्यों में सरकारों में आने में सफल हुई हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि राज्य सरकारें अपने बजट में की गई घोषणाओं से अधिक सार्वजनिक कर्ज लेती हैं जो चिन्ता का विषय है। वर्ष 2020 में आंध्र प्रदेश सरकार ने बजट में की गई घोषणाओं से बहुत अधिक कर्ज लिया। आंध्र प्रदेश के अलावा रिजर्व बैंक ने 9 अन्य राज्यों को चेतावनी दी है कि उनके द्वारा लिया कर्ज उनकी क्षमताओं से बहुत अधिक है। कहा जाता है कि इस कारण पंजाब, बिहार, केरल व पश्चिम बंगाल पर भारी दबाव है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा व केरल का औसत कर्ज संबंधित राज्यों की जीडीपी के पांच प्रतिशत से अधिक है। पंजाब में सरकारी कर्ज 9.6 प्रतिशत तथा आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल में 6.0 प्रतिशत है। इसके अलावा यह हरियाणा में 5.3 प्रतिशत तथा केरल में 5.1 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि भारत राज्यों का संघ है, इसलिए केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों के कुल कर्ज को केन्द्र सरकार का कर्ज कहा जाता है। एफआरबीएम एक्ट, 2003 के अनुसार एफआरबीएम समिति ने 2017 में संस्तुति की थी कि केन्द्र व राज्य सरकारों को मिला कर सरकार के समग्र कर्ज का जीडीपी से अनुपात 60 प्रतिशत से कम होना चाहिए। इसके अनुसार केन्द्र व राज्य सरकारों की कर्ज सीमा क्रमशः 40 प्रतिशत व 20 प्रतिशत है।

वर्ष 2020-21 देश और दुनिया के लिए अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण रहा। एक ओर वैश्विक महामारी के कारण सरकारों की आय में भारी कमी आई, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य, सामाजिक सेवाओं तथा खाद्य सहायता पर खर्च में बेतहाशा वृद्धि हुई। स्वाभाविक रूप से जीडीपी के प्रतिशत के रूप में केन्द्र सरकार का कुल दायित्व 2019-20 में 50.9 प्रतिशत से बढ़ कर 2020-21 में 61.01 प्रतिशत हो गया। लेकिन इसके बाद उसमें कमी आई और वह 2021-22 में 57.33 प्रतिशत तथा 2022-23 में 55.88 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार राज्य सरकारों का कुल दायित्व जो 2019-20 में जीडीपी का 26.66 प्रतिशत था, 2021-22 में बढ़ कर 28.71 प्रतिशत तथा 2022-23 में 27.87 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार राज्य सरकारों व केन्द्र सरकार का कुल दायित्व 2019-20 में 77.56 प्रतिशत से बढ़ कर 2020-21 में 92.09 प्रतिशत हो गया। इसके बाद इसमें कमी आई और यह 2021-22 में 86.04 प्रतिशत तथा 2022-23 में 83.75 प्रतिशत हो गया। महत्वपूर्ण है कि केन्द्र सरकार की कमी और दायित्व बहुत पारदर्शी है और उसमें गलत प्रदर्शन की संभावना बिल्कुल नहीं है। लेकिन यही बात राज्य सरकारों के दायित्व के बारे में नहीं कही जा सकती है। हाल ही में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने राज्यों के बजटीय व राजकोषीय प्रबंधन के बारे में कुछ टिप्पणियां की हैं। इन टिप्पणियों में भी वर्ष 2020-21 के उपलब्ध डेटा के आधार पर राज्य सरकारों के कर्ज पर चिन्ता व्यक्त की गई है। सीएजी ने कहा कि कर्ज व जीएसडीपी का अनुपात अधिकांश राज्यों में एफआरबीएम द्वारा निर्धारित 20 प्रतिशत लक्ष्य से अधिक है। यह 2020-21 में पंजाब में 48.98 प्रतिशत, राजस्थान में 42.37 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 37.39 प्रतिशत, बिहार में 36.73 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 35.30 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 31.53 प्रतिशत, तेलंगाना में 27.80 प्रतिशत, तमिलनाडु में 27.27 प्रतिशत तथा छत्तीसगढ़ में 26.47 प्रतिशत पहुंच गया।

उल्लेखनीय है कि सीएजी के आंकड़े राज्य सरकारों द्वारा दिए आंकड़ों से अलग हैं। यदि राज्य सरकारों के उद्यमों तथा राज्य सरकार द्वारा दी गई गारंटियों को शामिल कर लिया जाए तो 2020-21 में राजस्थान का कर्ज जीएसडीपी अनुपात 54.94 प्रतिशत व पंजाब में 58.21 प्रतिशत हो जाएगा। आंध्र प्रदेश में भी इसके लगभग 53.77 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसी प्रकार यह तेलंगाना और मध्य प्रदेश में क्रमशः 47.89 प्रतिशत तथा 47.13 प्रतिशत हो जाएगा। यह पश्चिम बंगाल में 40.35 प्रतिशत, बिहार में 40.51 प्रतिशत तथा तमिलनाडु में 39.94 प्रतिशत हो जाएगा। यदि सीएजी द्वारा पेश आंकड़ों तथा इन राज्य सरकारों द्वारा दायित्वों के अनुमान के बीच अंतर पर गौर किया जाए तो यह 10 से 20 प्रतिशत अधिक होगा। इस प्रकार कहा जा सकता है कि राज्य सरकारों पर कर्ज का बोझ राज्य सरकारों द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से काफी अधिक है। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों का दायित्व एफआरबीएम एक्ट द्वारा निर्धारित सीमा से सीएजी द्वारा किए आंकलन के अनुसार अधिक है, पर राज्य सरकारों के मामले में एफआरबीएम द्वारा संस्तुत सीमा से खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। जहां तक खैरातों व राज्यों पर बढ़ते कर्ज के बोझ का सवाल है, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि पंजाब खैरातों पर सर्वाधिक खर्च करने वाला राज्य है। पंजाब में कुल कर राजस्व को 45.5 प्रतिशत तथा आंध्र प्रदेश में 30.3 प्रतिशत मुफ्त योजनाओं पर खर्च होता है। राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद के अनुसार राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 2.7 प्रतिशत पंजाब में तथा 2.1 प्रतिशत आंध्र प्रदेश में मुफ्त योजनाओं पर खर्च होता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश अपने कर राजस्व का 28.8 प्रतिशत तथा झारखंड 26.7 प्रतिशत खैराती योजनाओं पर खर्च करते हैं।

सीएजी के आंकलन के अनुसार उन राज्यों पर सामान्य कर्ज भी अधिक है जहां मुफ्त योजनाओं पर और खर्च किया जा रहा है। इसमें भी पंजाब और आंध्र प्रदेश सबसे ऊपर हैं। यहां कर राजस्व का बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च होता है। आंध्र प्रदेश के अलावा मुफ्त योजनाओं पर भारी खर्च करने वाला तमिलनाडु एक और दक्षिणी राज्य है। हालांकि, दिल्ली ऐसी योजनाओं में बहुत आगे है, पर इससे दिल्ली का कर्ज नहीं बढ़ता है क्योंकि राज्य का प्रति व्यक्ति राजस्व राष्ट्रीय अवस्थापना की तुलना में लगभग दूना है। लेकिन दिल्ली सरकार द्वारा मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी व सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की मुफ्त यात्रा पर खर्च से दिल्ली की वित्तीय स्थिति संकटग्रस्त हो गई है। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले 20 नए कालेज खोलने, मुफ्त वाईफाई प्रदान करने, 20,000 सार्वजनिक शौचालय बनाने, महिला सुरक्षा बल बनाने, 5 लाख सीसीटीवी लगाने, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने, 8 लाख रोजगार सृजित करने, एक लाख नौजवानों को कौशल प्रशिक्षण देने, आदि वादे किए थे, पर वे सब हवा हो गए हैं। इससे दिल्ली की नागरिक सुविधाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नई सड़कें, फ्लाईओवर, स्कूल व कालेज बनाना तो दूर, दिल्ली की स्वास्थ्य सेवायें भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

जब राज्य अपने कर राजस्व का इतना बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च करे तो स्वाभाविक रूप से आवश्यक सेवाओं व ढांचागत संरचना पर उसका पूंजीगत खर्च घटेगा। ऐसी राज्य सरकार पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जाता है जिससे शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सामाजिक सेवाओं तथा परिवहन व अन्य आवश्यक सेवाओं पर खर्च प्रभावित होता है। किसी राज्य के विकास के लिए निवेश बढ़ाना आवश्यक है। ढांचागत संरचना के अभाव में निवेश प्रभावित होता है और इसके कारण राज्य का विकास तथा रोजगार सृजन के अवसर भी प्रभावित होते हैं। ऐसे में जरूरी हो गया है कि राज्यों द्वारा बांटी जानी वाली 'रेवड़ियों' या मुफ्त योजनाओं पर लगाम लगा कर देश के विकास को प्रोत्साहित किया जाए।

# कौन है गहलोत की गुगली का निशाना?

> "ऐसा बयान देकर अगर गहलोत अपनी राजनीतिक मित्र का नुकसान करना चाहते थे तो उन्हें अपने मकसद में सफलता मिल गयी है।"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक, पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अचानक बैठे बिठाए तीन साल पहले उनकी सरकार के खिलाफ उनकी ही पार्टी के नेता सचिन पायलट द्वारा की गई बगावत या तख्तापलट की कोशिश को विफल करने में भाजपा नेता व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया को मददगार बताकर कांग्रेस व भाजपा दोनों दलों में सियासी सरगर्मी पैदा कर दी है। फिलवक्त यह समझ पाना अपने आप में एक चुनौती है कि गहलोत की गुगली का निशाना आखिर है कौन?

अशोक गहलोत एक चतुर राजनेता है इस बारे में बहस की कोई गुंजाइश ही नहीं है। अलबत्ता उन्होंने जो कुछ कहा वह जेरे बहस है ही साथ ही यह भी कम रहस्यपूर्ण नहीं है कि गहलोत ने इस कथित सनसनीखेज घटना से पर्दा उठाने के लिए यही वक्त क्यों चुना। गहलोत का यह बयान इस लिहाज से और महत्वपूर्ण हो जाता है कि राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा व गहलोत को अंदरूनी तौर पर एक दूसरे का शुभचिंतक माना जाता है। अभी हाल ही में गहलोत के धुर विरोधी सचिन पायलट ने इस ओर अप्रत्यक्ष रूप से इशारा भी किया था।

गौरतलब है कि सचिन पायलट ने गत 11 अप्रैल को राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ धरना दिया था । हालांकि सीधी बगावत का ठप्पा लगने से बचने के लिए पायलट ने कहा था कि धरना पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार पर गहलोत सरकार द्वारा कार्रवाई न करने के खिलाफ है। कहने को पायलट कुछ भी कहें लेकिन सभी जानते हैं कि उनके निशाने पर गहलोत ही थे और वसुंधरा का उल्लेख कर उन्होंने दोनों की राजनीतिक निकटता की ओर इशारा भी किया था। बकौल गहलोत वर्ष 2020 में जब गहलोत सरकार के खिलाफ पायलट ने बगावत की थी तब वसुंधरा राजे के अलावा भाजपा नेता कैलाश मेघवाल व शोभारानी कुशवाहा ने उनकी सरकार बचाने में मदद की थी। वैसे गहलोत ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मदद किस तरह की गई। खैर बात यहीं तक होती तो भी गनीमत थी लेकिन उन्होंने आगे जो कुछ कहा वह राजनीतिक ही नहीं अपितु कानूनी व एक हद तक नैतिक तौर पर भी कई तरह के सवाल खड़े करता है जो कुल मिलाकर पहले से ही रसातल में जा रही राजनीतिक विश्वसनीयता को और भी तेजी से पतित कर रही है।



अशोक गहलोत ने यह कह कर सनसनी फैला दी है कि उनकी सरकार गिराने के लिए कांग्रेस के कई विधायकों ने गृह मंत्री अमित शाह से पैसा लिया था और कांग्रेस विधायकों को अब वह पैसा लौटा देना चाहिए। गहलोत ने सरकार गिराने की सजिश में केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान व गजेंद्र शेखावत के भी शामिल होने का आरोप लगाया। अब अगर थोड़ी देर के लिए यह मान लिया जाए कि अशोक गहलोत सच बोल रहे हैं तो फिर तो यह मामला बहुत बड़ा स्कैंडल बन जाता है। एक मुख्यमंत्री देश के गृह मंत्री पर भ्रष्ट आचरण अपनाने का आरोप तो लगा ही रहा है लेकिन साथ ही वह अपने दल के विधायकों के घूस लेने की बात स्वीकार करते हुए अब उसे लौटने की बात भी कर रहा है। कोई भी साधारण समझ वाला व्यक्ति यह समझ और समझा सकता है कि सीआरपीसी व आईपीसी की कितनी सारी धाराओं का सदुपयोग इस मामले में किया जा सकता है। यह तो हुई कानूनी स्थित और जहां तक नैतिकता की बात है तो इस प्रकरण में तो उसका जिक्र नैतिकता को ही शर्मसार कर देगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि वसुंधरा राजे और भाजपा शीर्ष नेतृत्व के बीच रिश्ते पिछले विधानसभा चुनाव के समय से ही असहज चल रहे हैं। भाजपा नेतृत्व ने न तो उन्हें प्रदेश संगठन की बागडोर सौंपी न ही उन्हें विधायिका का प्रमुख बनाकर नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने के लिए उपयुक्त समझा। हालांकि भाजपा में यह मानने वालों की कमी नहीं है कि चुनाव की दृष्टि से आज भी राजस्थान में भाजपा का सबसे प्रभावशाली चेहरा वसुंधरा का ही है। जैसी अपेक्षा थी वसुंधरा राजे ने अशोक गहलोत के बयान को अपने खिलाफ गहरी साजिश करार दिया है । बहरहाल ऐसा बयान देकर अगर गहलोत अपनी राजनीतिक मित्र का नुकसान करना चाहते थे तो उन्हें अपने मकसद में सफलता मिल गयी है। वसुंधरा व गहलोत की सियासी दोस्ती की पृष्ठभूमि में गहलोत की बात सच भले न हो लेकिन सच जैसी लग अवश्य सकती है। और यही बात वसुंधरा के केस को कमजोर करती है।बीते साल राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व की अवहेलना कर चुके अशोक गहलोत के लिए सचिन पायलट की चुनौती फ्लिवक्त कमजोर भले ही लग रही हो लेकिन इसे समाप्त मान लेना जल्दबाजी भी होगी और भूल भी। बहरहाल अशोक गहलोत ने वसुंधरा की कथित मदद के प्रकरण को जिस अंदाज में उठाया है वह तो दिलचस्प है ही लेकिन उससे भी ज्यादा कौतूहल इस बात को लेकर है कि आखिर गहलोत के असल निशाने पर कौन है और क्या यह घटनाक्रम गहलोत की भविष्य की किसी योजना का हिस्सा है या राजस्थान के सीएम भाजपा में अंदरूनी कलह को हवा देकर अपने आलाकमान को खुश करना चाहते हैं। बहरहाल वसुंधरा से नजदीकी होने व मदद लेने की बात गहलोत के लिए बहुत सुखद हो ऐसा भी नहीं होने वाला। कांग्रेस में उनकी विरोधी लॉबी इसे उनके खिलाफ टूल की तरह इस्तेमाल करने से नहीं चूकेगी।

## आप की बात

### चार्ल्स का राज्याभिषेक

**ऐसा** दर्शाने की कोशिश की गयी थी कि किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक के दिनए यानी 6 मई को पूरा ब्रिटैन जश्न में डूबा है। मगर क्या सच में ऐसा था? क्या सभी ब्रिटिश नागरिक इस रंगारंग भव्य आयोजन के साथ खड़े थे? 21वीं सदी के 23 वे वर्ष में जब इस दुनिया से राजतंत्र करीब करीब खत्म हो गया है और राजाओं के स्थान पर चुनी हुई लोकतंत्र सरकारों ने ले ली है, ऐसे में ब्रिटिश राजशाही को जीवित रखने का क्या मतलब है? इस समय ब्रेक्सिट के कारण जिस देश की माली हालत इतनी खस्ता हो गई हो कि वह अपने कामगारों को वेतन देने में समर्थ नहीं हो रहा हो वहां एक राजा के राजतिलक में इतना सारा धन क्यों बर्बाद कर रहा है? इतना ही नहीं इस राजशाही आडम्बर के खिलाफ जो लोग प्रदर्शन करने निकले थे उनमे से 52 लोगों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार कर लिया है । मतलब उस देश में राजा के विरोध करने को भी अपराध घोषित कर दिया गया है। इसी से पता चलता है कि ब्रिटेन में लोकतंत्र के बजाय राजतंत्र चल रहा है। किंग चार्ल्स प्रतीकात्मक रूप से 40 अन्य देशों के भी राजा माने जाते हैं। सवाल है कि क्या यह राजशाही प्रतीक उचित है और आखिरकार ब्रिटेन इससे मुक्ति क्यों नहीं पाने के प्रयास करता है?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### एआई पर दुविधा

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई के खतरों को भापते हुए चैट जीपीटी पर रोक लगाने वाला इटली दुनिया का पहला देश बन गया है। मगर किसी भी नई तकनीक के आजाने के बाद उस पर यूं बंदिशें लगा देना मशीनी ही नहीं, मानव के विकास में भी रुकावट लाने जैसा है। हम मशीनों की इंटेलिजेंस इसे क्यों डर रहे हैं? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निरंतर विकसित होते जाने से 2052 तक यदि मशीन इंसानों की बराबरी कर लेती है तो यह स्वागत योग्य बात होगी। इससे इंसान को खतरनाक कामों में हाथ नहीं डालना पड़ेगा, वहीं यह मशीन उसके सभी काम में सहयोग देकर उसका जीवन आसान कर देगी। रहा सवाल इंसानों के रोजगार छिन जाने का तो आज से तीन दशक पहले कंप्यूटर आने पर भी यही आशंका व्यक्त की गई थी, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। इंसानों ने इनके सहयोग से अपने काम का विस्तार किया और कंप्यूटर में नए रोजगार सृजित किए। ऐसे ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाली वाली मशीनें भी नए कामों का आयाम खोल देगी। वस्तु निर्माण में परिश्रम की दिशा को बदल कर न्यूनतम लागत में चीजें बनने लगेगी। यह मशीन रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### पवार की राजनीति

**शरद पवार** राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी होने के साथ-साथ अपनी सुविधानुसार नीति नियम निर्धारण भी करते हैं। उनका इस्तीफा देना और वापस लेना देश के लिए कोई नई बात नहीं है। उन्होंने इस नाटक से एक तीर चला कर कई निशाने साध लिए हैं। उन्होंने अजीत पवार की हलचल को ठंडा कर दिया है तथा अपनी बेटी सुप्रिया सुले के लिए भावी सत्ता सुख की नींव रख दी है। आम आदमी ही यही सोच रहा है कि रिटायरमेंट की इस उम्र में भी पवार अपने लिए फुलपावर बनाए रखना चाहते हैं, जबकि उन्हें अपना स्वास्थ्य व उम्र को देखते हुए इस मौके का फायदा उठाकर अपनी बेटी को एनसीपी का अध्यक्ष बना देना चाहिए था और अजीत पवार को भी कोई सम्मानजनक ओहदा देकर वह पार्टी की सर्वोच्चता अपने हाथ में रखते हुए भी रिटायरमेंट ले सकते थे। मगर हमारे देश में तो चपरासी से लेकर आईएएस तक के रिटायर्ड होने की उम्र तय है मगर नेताओं के लिए कब्र में पैर लटके होने के बावजूद कुर्सी से चिपके रहने का उन्हें अमर वरदान प्राप्त है। जब तक कोई उन्हें धक्का देकर ही अलग न कर दे, उनके लिए स्वेच्छा से पद से हटना शायद संभव ही नहीं है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बेटियों की सुरक्षा

**जहां** एक और देश मे बेटियों को प्रोत्साहित किया जाता है, लाड़ली लक्ष्मी व अन्य कहीं योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाता है, वही कहीं-कहीं बेटियों को बेकसूर सजा भुगतनी पड़ती है। आधार जिले के निमरानी बैड़ी के एक पिता ने अपनी चार माह की मासूम बेटी का गला घोंटकर उसकी जान ले ली। मानवता की हत्या के साथ इस समाज के दुश्मन ने पिता शब्द को तो कलंकित किया ही साथ ही इंसानियत को कटघड़े मे खड़ा किया है। इससे लगता है कि अभी भी कहीं लोग बेटा-बेटी के फर्क को लेकर चल रहे हैं। ऐसे अंधे दानवो को समझ लेना चाहिए कि बेटियां किसी भी क्षेत्र मे बेटों से पीछे नहीं हैं। मदर टेरेसा, कल्पना चावला, सुभद्रा कुमारी चौहान, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई तथा और भी महान हस्तियां इस भारत भूमि की शान रहीं, वह सभी बेटियां ही थीं। समाज में लोगों को लड़का-लड़की को एक समान दृष्टिकोण अपनाने हेतु कारगर पहल की आवश्यकता है। बेटियों की सुरक्षा हेतु सरकार, समाज तथा सभी जागरूक लोगों को उचित कदम उठाने की जरूरत है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# जिन्होंने पानी के लिए तरसाया, उन्हें एक-एक वोट को तरसाइए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में कहा कि जिन लोगों ने आपको एक एक बूंद पानी के तरसाया था आज उनको एक एक वोट के लिए तरसाइए। परिवारवादी लोगों को विकास से कोई मतलब नहीं है। वो लोग पहले आपके विकास में बाधा पैदा करते थे, बैरियर लगाते थे। गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती डालने का काम करते थे। डबल इंजन की सरकार आपके पीने के पानी की समस्या का समाधान करने जा रही है। बहुत ही जल्द आपको शुद्ध पेयजल मिलेगा।

सीएम योगी ने छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि मां विंध्यवासिनी के धाम में भव्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस धाम को हम वाटर वे से भी जोड़ चुके हैं, इसकी जेट्टी बनकर तैयार हो चुकी है। इससे यहां के किसानों की उपज आसानी से देश और दुनिया के बाजार तक पहुंचेगी। इससे यहां पर किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिल पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि मिर्जापुर में मेडिकल कॉलेज की भी सुविधा मिल रही है। यहां विंध्यवासिनी विश्विद्यालय बन रहा है। सीएम ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में उनकी तीन पीढ़ियां जुड़ी हैं। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि जो देख रही है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर अपनी कृपा का प्रसाद बरसाएंगे। संतों के सानिध्य में एक बार फिर से भारत सनातन धर्म की परंपरा को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने का अभियान है। सीएम ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी होने के नाते हम इसे सोलर सिटी बनाने जा रहे हैं। अयोध्या में पहले हमने नगर निगम बनाया क्योंकि इसे स्मार्ट व सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। फिर जनपद, कमिश्नरी का नाम बदला। अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। अयोध्या से हम वाटरवेज़ प्रारंभ करने जा रहे।

## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज मुख्यमंत्री कानपुर, बांदा व चित्रकूट में करेंगे जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निकाय** चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर, बांदा तथा चित्रकूट में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेगें। मुख्यमंत्री सुबह 11:40 बजे कामर्शियल मैदान, किदवईनगर, कानपुर तथा दोपहर 1:15 बजे जीआईसी ग्राउंड, बांदा में जनसभा को सम्बोधित करेंगें जबकि दोपहर 2:40 बजे रामायण मेला परिसर, चित्रकूट में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेगें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मंगलवार को मेरठ, बागपत व गाजियाबाद के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुबह 10 बजे भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे दिगम्बर जैन इंटर कालेज, बडौत, बागपत में रोड शो में सम्मिलित रहेंगे एवं जनसभा को सम्बोधित करेगें। वहीं दोपहर 3:30 बजे रामलीला मैदान, लोनी, गाजियाबाद में रोड शो एवं जनसभा को सम्बोधित करते हुए विजय शंखनाद करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौय मंगलवार को भदोही तथा अयोध्या में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मौर्य दोपहर 12 बजे जूनियर हाई स्कूल ग्राउण्ड, रहमलपुर, भदोही में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 1:50 बजे सिविल लाइन अयोध्या में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं दोपहर 2:30 बजे युवा मोर्चा द्वारा आयोजित अयोध्या के नाका चुंगी से बाइक रैली को रवाना करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार को कानपुर व फर्रूखाबाद में जनसभा को सम्बोधित करेगें। पाठक सुबह 11:05 बजे जनता महाविद्यालय, घाटमपुर, कानपुर तथा दोपहर 12:30 बजे रामलीला मैदान, नगर पालिका चौराहा, कानपुर में जनसभा को सम्बोधित करेगें। जबकि दोपहर 02:05 बजे फ रूखाबाद में गुडगांव देवी मंदिर से लाल गेट तक रोड शो में सम्मिलित रहेंगे।

## परियोजना के दूसरे चरण के लिए डीपीआर शीघ्र भारत सरकार को भेजा जाए: सीएस

- मुख्य सचिव ने इंडो-नेपाल बार्डर मार्ग परियोजना व बहुउद्देश्यीय हब के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने इंडो-नेपाल बार्डर मार्ग परियोजना व अंतरराष्ट्रीय/अन्तरराज्यीय सीमा पर बहुउद्देश्यीय हब के निर्माण की प्रगति समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सीमा के निकट बहुउद्देश्यीय हब का निर्माण कर उच्चतम गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। ये हब राज्य की छवि को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे अत: राज्य सीमा के निकट बहुउद्देश्यीय हब के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाए। हब के विकास के लिए उप्र राजकीय निर्माण निगम को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया जाए और विभिन्न गतिविधियों के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य की सीमा पर बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन समेत अन्य विभाग की उपलब्ध सुविधाओं व भवनों का आवश्यकतानुसार उन्न्यन व नवनिर्माण का कार्य दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जनपदों के बॉर्डर पर गेट के निर्माण के लिए डिजाइन को मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है, गेट के निर्माण कार्य को वर्ष 2024 से पूर्व पूर्ण करा लिया जाए। इंडो-नेपाल बार्डर मार्ग निर्माण परियोजना के लिए द्वितीय चरण के कार्यों की स्वीकृति के लिए डीपीआर यथाशीघ्र भारत सरकार को प्रेषित की जाये।

बैठक में बताया गया कि इंडो-नेपाल बार्डर मार्ग निर्माण परियोजना के द्वितीय चरण में अनुमानित लागत 1692 करोड़ रुपए से 232 किमी लंबाई के सड़क मार्ग निर्माण के लिए डीपीआर भारत सरकार को प्रेषित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। डीपीआर स्वीकृति होने के उपरान्त पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व महराजगंज में सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

इंडो-नेपाल बार्डर मार्ग निर्माण परियोजना के प्रथम चरण में 235.349 सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसके तहत पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा सिद्धार्थनगर व महराजगंज में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी,,प्रमुख सचिव पर्यटन, मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## कानपुर बस अड्डे से सात रोहिंग्या सहित आठ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आतंकवाद** निरोधक दस्ता, उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व से ही अवैध बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्या के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें एटीएस को उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त हुई हैं। इसी क्रम में अवैध रूप से सीमा करके भारतीय नागरिक बनकर रह रहे सात रोहिंग्या सहित आठ अभियुक्तों को एटीएस ने कानपुर के झकरकटी बस अड्डे से गिरफ्तार किया। इनमें तीन महिलाएं और एक दलाल भी शामिल है। सभी पर फर्जी दस्तावेज तैयार करके भारत में रहने का आरोप है। एटीएस के लखनऊ थाने में सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एटीएस को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि कानपुर में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। जिसके बाद लखनऊ से एटीएस की एक टीम कानपुर भेजी गई। टीम ने झकरकटी बस अड्डे पर सुलभ शौचालय के पास छापेमारी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया।


पकड़े गए लोगों में त्रिपुरा निवासी दलाल सुबीर शब्दाकर,य म्यांमार (वर्मा) मोहम्मद जकारिया, बांग्लादेश निवासी नूर मुस्तफा, म्यांमार निवासी शोएब, म्यांमार निवासी नूर हबीबा, म्यांमार निवासी फारसा, म्यांमार निवासी रजिया और म्यांमार निवासी सबकुर नाहर शामिल है। इनके पास से एक पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, चार आधार कार्ड, दो डेबिट कार्ड, चार मोबाइल, दो कार्ड यूनाइटेड नेशन हाई कमिश्नर फ ॉर रिफ्यूजी (बांग्लादेश), एक कार्ड यूनाइटेड नेशन हाई कमिश्नर फ ॉर रिफ्यूजी (भारत), 12 रेलवे टिकट और 11980 रुपए बरामद किए गए हैं।

एटीएस के अनुसर गिरोह के सदस्य रोहिंग्या नागरिकों को म्यांमार से बांग्लादेश लाकर रोहिंग्या कैंपो में रुकवाते हैं। इसके बाद इन्हें पश्चिम बंगाल, असम अथवा त्रिपुरा की अंतरराष्ट्रीय सीमा से चोरी-छिपे भारत में प्रवेश कराया जाता है। त्रिपुरा सीमा से प्रवेश कराए गए रोहिंग्याओं को गिरोह के सदस्य रेल मार्ग से कुमारघाट व धर्मानगर रेलवे स्टेशन से गुवाहाटी तक लाया जाता है। गुवाहाटी से रेल मार्ग से इन्हें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों में ले जाया जाता है। इन राज्यों में विभिन्न स्थानों पर इन्हें कूट रचित भारतीय दस्तावेज़ तैयार कर भारतीय नागरिक के रूप में प्रतिरूपित कर आवासित कराया जाता है। जिसमें पूर्व से भारत में निवास कर रहे इनके रिश्तेदारों द्वारा भी सहयोग किया जाता है।

## दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर आज शाम से थम जाएगा चुनाव प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### मतदान 11 को, मतगणना 13 मई को होगी



**यूपी** में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण का मतदान 11 मई को है। गुरुवार 11 मई को होने वाली वोटिंग को लेकर कल 9 मई मंगलवार की शाम से चुनाव प्रचार थम जाएगा। आगामी 11 मई को राज्य के 38 जिलों के नगरीय निकायों में वोट डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के 38 जिले में से सात नगर निगमों, 590 नगर निगम वार्डोंए 95 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, 2551 सदस्य नगर पालिका परिषद वार्ड, 268 अध्यक्ष नगर पंचायत एवं 3495 सदस्य नगर पंचायत वार्ड सहित अर्थात् 370 निकायों एवं 6636 वार्डों में 7006 पदों का चुनाव कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन सात नगर निगमों में 6111 मतदान स्थल 1798 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 3969294 पुरुष मतदाता एवं 3457512 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषदों में 8198 मतदान स्थल तथा 2537 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 3886525 पुरूष मतदाता एवं 3444385 महिला मतदाता हैं। आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि 268 नगर पंचायतों एवं 3495 नगर पंचायत वार्डों में 5309 मतदान स्थल एवं 2043 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 2361173 पुरुष मतदाता एवं 2113115 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार 370 निकायों एवं 6635 वार्डों के लिए 19618 मतदान स्थल तथा कुल 6378 मतदान केन्द्र बनाए गए हैंए जिनमें कुल पुरुष मतदाता 10216992 और कुल महिला मतदाताओं की संख्या 9015012 है। आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि सात नगर निगम के महापौर पदों के 92 नामांकन प्राप्त हुए थे जिसमें 90 नामांकन वैध पाए गए हैं। इन नगर निगमों के महापौर पद पर निर्वाचन लड़ने वाले 83 उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि इन सात नगर निगमों के 581 पार्षदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले 3840 उम्मीदवार हैं, 95 नगर पालिका अध्यक्षों के लिए 969 उम्मीदवार, नगर पालिका परिषद के 2520 सदस्यों हेतु 13315 उम्मीदवार और 267 नगर पंचायत अध्यक्षों के पद के लिए 2942 उम्मीदवार तथा 3459 नगर पंचायत सदस्यों के लिए 17997 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस प्रकार 6929 विभिन्न पदों के लिए 39146 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## बीजेपी का तथाकथित शराब घोटाला हवा हवाई निकला: दिनेश सिंह

- आप का आरोप, पीएम मोदी के इशारे पर ईडी ने रची थी बदनाम करने की साजिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि बीजेपी का तथाकथित शराब घोटाला हवा हवाई निकला। कोर्ट के ऑर्डर के बाद पूरी दुनिया को पता चल गया पीएम मोदी के कहने पर ईडी ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की गहरी साजिश रची थी जो बेनक़ाब हो गई। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्ष से भाजपा नेता एवं प्रवक्ता विभिन्न मंचों से यह कहते आ रहे हैं कि नई शराब नीति के अंतर्गत आम आदमी पार्टी ने 100 करोड़ का शराब घोटाला किया है और इस पैसे को आम आदमी पार्टी ने गोवा के चुनाव प्रचार में खर्च किया है, जिसके चलते ईडी और सीबीआई ने राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। दिनेश सिंह पटेल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शराब घोटाले का पूरा प्रकरण जब कोर्ट पहुंचा और वहां ईडी और सीबीआई एक रुपए का भी भ्रष्टाचार का सबूत पेश नहीं कर पाई तो कोर्ट ने 6 मई को राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को बेल दे दी गई। ईडी और सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि कि आम आदमी पार्टी ने गोवा के विधानसभा चुनाव में 19 लाख रुपए मात्र खर्च किए थे। कोर्ट को ईडी और सीबीआई 30 करोड़ के साक्ष्य नहीं दे पाए। तथाकथित शराब घोटाला फर्जी निकला। यह सच दुनिया के सामने आ गया कि अरविंद केजरीवाल एक कट्टर ईमानदार नेता है और आप एक कटर ईमानदार पार्टी है। आम आदमी पार्टी की छवि को खराब करने के लिए और देशवासियों के सामने आप की नकारात्मक छवि बनाने की नाकाम कोशिश करने में भाजपा जुटी हुई है लेकिन वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों एवं उनके आदर्शों को हिला नहीं सकती। उन्होंने कहा भाजपा द्वारा लगाए गए हर तरह के आरोप निराधार हैं, जिसका ताजा उदाहरण है कि ईडी ने अभी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह का नाम अपनी चार्जशीट में दायर किया तो सांसद संजय सिंह ने प्रमुखता के साथ प्रेस वार्ता में इस बात को रखा की किस आधार पर ईडी ने मेरा नाम चार्जशीट में दाखिल किया है साथ ही उन्होंने मानहानि की लीगल नोटिस भी जारी की तब ईडी ने क्षमा पत्र जारी करते हुए कहा कि हम माफी चाहते हैं। राहुल सिंह नाम की जगह हमने संजय सिंह नाम गलती से डाल दिया था।

## 59 खिलाड़ियों को 14.15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय

- एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत प्रदान की जाएगी फेलोशिप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने खेल एवं खिलाड़ियों का प्रोत्साहन तथा संवर्द्धन के लिए एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत 59 खिलाड़ियों को 14.15 लाख रुपये की आर्थिक सहायताध्फैलोशिप प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय सब जूनियरए जूनियर एवं सीनियर वर्ग की चैम्पियनशिप में पदक विजेता 108 खिलाड़ियों को उनके द्वारा अर्जित उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार स्वरूप 42.15 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि एकलव्य क्रीड़ा कोष के अंतर्गत प्रदेश के पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शारीरिक संवर्द्धन, डाइटमनी एवं खेल उपकरण क्रय करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

इसी प्रकार प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाता है तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कीर्तिमान स्थापित करने वाले खिलाड़ियों को भी नगद पुरस्कार देने का प्राविधान है।

## विपक्ष के नेता हार से भयभीत हैं: भूपेन्द्र चौधरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है हम जो कहते है उसे करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान पूरे देश में अपराधियों के राजधानी के रूप में होती थी, लेकिन 2017 के बाद माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने की दिशा में अग्रणी है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम को छू रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आज अमेठी में केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के साथ रोड शो में सम्मिलित हुए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का संकल्प समाज के हर तबके तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकारों में विकास की योजनाएं तो बनती थी, लेकिन वे धरातल पर नहीं उतरती थी लेकिन भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता युवराजों को नकार चुकी है और यही कारण है कि विपक्ष के नेता निश्चित हार से भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव.दर.चुनाव जनता द्वारा नकारे जाने के बाद विपक्षी दलों के नेता अपने कार्यकर्ताओं में ढांढस बधाने के लिए ईवीएम सहित तमाम तरह के नए.नए हार के बहाने ईजाद करके दरकी हुई राजनैतिक जमीन को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं।

## सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर उप चुनाव को प्रभावित कर रही भाजपा व अपना दल: सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के पूर्व राज्यसभा सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर शिकायत की है कि मिर्जापुर के विधान सभा क्षेत्र-395 छानबे के उपचुनाव में सत्तापक्ष भाजपा व अपना दल द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। इसके लिए समाजवादी पार्टी समर्थक, प्रधानों, प्रमुख कार्यकर्ताओं, नेताओं पर फर्जी मुकदमे कायम कराकर उन्हे जेल भेजने की साजिश की जा रही है। पत्र में कहा गया है कि ऐसा संज्ञान में आया है कि भाजपा व अपना दल के जिलाध्यक्षों ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उन पर दबाव बनाने के लिए उनके नाम पुलिस को दिए है जिन्हें पुलिस लगातार प्रताड़ित कर रही है इनमें बऊ यादव प्रधान मिश्रपुर, आशीष यादव प्रधान खैरा, सुब्बालाल प्रधान पंजरा, गणेश यादव ग्राम जयकरकलां, योगेश यादव ग्राम सोनबरसा एवं आरडी यादव ग्राम बरडीहा के नाम प्रमुख है। इसी क्रम में बऊ यादव प्रधान मिश्रपुर को पुलिस उठा ले गयी है। वहां की सरकारी मशीनरी सत्तापक्ष भाजपा-अपना दल के कार्यकर्ता बनकर काम कर रही है। जो आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन व निर्वाचन आयोग की मंशा के विपरीत है। इस तरह निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव की कल्पना नहीं की जा सकती जो लोकतंत्र की हत्या है।

समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि बऊ यादव प्रधान मिश्रपुर को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने तथा पुलिस-प्रशासनिक मशीनरी को चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष रहकर कार्य करने का आदेश दिया जाए। जिससे चुनाव आचार संहिता का पालन हो सके व भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव सम्भव हो सके।

### मतदान में धांधली रोकने के करे जाएं पुख्ता इंतजाम: चौधरी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने निर्वाचन आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित पत्र में 11 मई 2023 को प्रदेश के 38 जनपदों में स्थानीय निकायों के चुनावों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान को सुनिश्चित करने की मांग की है। राजेन्द्र चौधरी ने पत्र में लिखा है कि निकाय चुनाव के प्रथम चरण में जो चार मई 2023 को 37 जनपदों में सम्पन्न हुआ, उसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की शिकायतें मिली थीं। मतदाता सूची में गड़बड़ी के साथ मतदान केन्द्रों में भी अनपेक्षित बदलाव किए गए। इससे हजारों की संख्या में मतदाता मतदान से वंचित रह गए। उन्होंने 11 मई 2023 को सभी 38 जनपदों में किसी भी किस्म की धांधली रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

## भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास रोका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को अलीगढ़ और मेरठ में समाजवादी पार्टी के महापौर प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास रोक दिया है। शिक्षा.स्वास्थ्यए कानून व्यवस्था सब चौपट है। नगरों में रहने वाली जनता को सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री जी और भाजपा के नेता जनता की सुविधाओं, महंगाई, बेरोजगारी, बिजलीए पानीए सड़कए सीवरए नाली और सफाई की बात नहीं करते हैं। महंगाईए बेरोजगारी चरम पर है। खाने पीने से लेकर हर चीज के दाम बढ़ गये हैं। जनता परेशान है।

भाजपा सरकार ने शहरों के इंफ्रास्टक्चर पर काम नहीं किया। स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट की। सरकार बताये कि स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शहरों में क्या काम किया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने शहरों का सीवर सिस्टम बर्बाद है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा सरकार जनता से हाउस टैक्स लेती है लेकिन कोई सुविधा नहीं दे रही है। कूड़े का निस्तारण तक नहीं हो रहा है। शहरों में कूडा भरा पड़ा है। सड़कों पर सांड घूमते हैं। सांडो के चलते प्रदेश में हर दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें लोगों की मौतें हो रही है। इन सब समस्याओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। अखिलेश ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से नाराज है। इस बार लोग भाजपा की डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी दूसरों के परिवार पर बात करते हैं लेकिन वह खुद मठ में परिवारवाद की वजह से बैठे हैं। अगर उनके परिवार के लोग मठ में न होते तो वे वहां नहीं बैठ पाते। भाजपा वाले इतना भ्रष्टाचार कर रहे है जिसकी कोई कल्पना नहीं है।

सरकार प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए लाया गया बजट नहीं खर्च कर पाई है। मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर और प्रोफेसर नहीं है। सरकार लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दे पा रही है। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता के लिए कोई काम नहीं किया। इसलिए हर बात पर तमंचा की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी भारी जीत हासिल करने जा रही है। भाजपा हारेगी।

## नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में कांग्रेस ने भी झोंकी ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में चल रहे नगर निकाय चुनाव अपने चरमोत्कर्ष पर है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव, प्रांतीय अध्यक्ष सहित तमाम नेता दूसरे चरण के होने वाले चुनाव के अंतिम दौर के प्रचार में पूरी ताकत झोंकते हुए प्रत्याशियों के पक्ष में सघन जनसंपर्क, सभाएं एवं रोड शो कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने आज बांदा में रोड शो के साथ ही सोना सुपर बाजार, बदौसा रोड, अत्तरा, तिन्दवारी में जनसभा की तथा जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इसी क्रम में पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने सोमवार को बाराबंकी में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क कर जिताने की अपील की। राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने शाहजहांपुर के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसंपर्क एवं सभाएं की। कांग्रेस विधानमंडल दल के पूर्व नेता प्रदीप माथुर एवं प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने अलीगढ़ में कांग्रेस मेयर प्रत्याशी के पक्ष में कई सभाएं एवं जनसंपर्क किया। प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय आज मिर्जापुर में आयोजित रोड शो कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा जनसभा को सम्बोधित किया। उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया चेयरपर्सन पंखुड़ी पाठक ने जनपद सुल्तानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क किया। पार्टी नेता पूनम पंडित ने कन्नौज, बुलंदशहर, मेरठ में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में सभाएं एवं जनसंपर्क किया।

## मासूम बेटे की हत्या के बाद पिता ने की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गोसाईगंज इलाके में एक ऐसी वारदात सामने आई जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया जहां एक पिता अमेठी कस्बा स्थित मुंशीगंज निवासी विनोद यादव 43 ने मासूम बेटे की हत्या करने के बाद बेटी को भी मारने का प्रयास किया। बेटी किसी तरह जान बचाकर भागी और पड़ोसियो को बताया। बेटे की हत्या के बाद आरोपी पिता ने भी फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता पुत्र के शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज दीपक पाण्डेय के मुताबिक विनोद यादव प्राइवेट वाहन चलाता है। रविवार रात को खाना खाकर विनोद बेटे श्याम सुंदर 6 व बेटी मानवी 8 के साथ सो गया। सोमवार सुबह करीब पांच उठा और सो रहे बेटे की केबिल तार से गला दबाकर हत्या कर दी। भाई की चीखें सुनकर मानवी भी जग गई और पिता को रोकने का प्रयास किया। बेटे को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी ने बेटी को भी मारने का प्रयास किया लेकिन बेटी किसी तरह जान बचाकर भाग गई। इसी बीच आरोपी पिता ने भी कमरे में दीवार के रोशनदान से केबिल के तार से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पाते ही इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी पिता का शव नीचे उतारकर बेटे के शव के साथ पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। जमीन में हिस्सा न मिलने से था नाराज पैतृक जमीन में हिस्सा न मिलने से विनोद नाराज था। इसका खुलासा मौके पर मिले सुसाइड नोट से हुआ।

# 15 केंद्रों पर होगी पीसीएस प्री परीक्षा

● जिलाधिकारी ने ली तैयारी बैठक

● जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर 6503 अभ्यर्थी देंगे यूपी पीसीएस परीक्षा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जिले** के 15 केन्द्रों पर 14 मई को होने वाली सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा ;पीसीएस प्रारंभिकद्ध परीक्षा.2023 को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासनित तैयारी तेज हो गयी है। जिले में पहली बार इस बड़ी परीक्षा का आयोजन हो रहा है। सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा के लिए बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेटए स्टैटिक मजिस्ट्रेटए केंद्र व्यवस्थापक की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में ली। डीएम ने पीसीएस परीक्षा को शुचिता के साथ सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा ;प्रा0द्ध परीक्षा.2023 में चौदह मई को 15 केंद्रों पर आयोजित होगी। जिसमें 6503 परीक्षार्थी शामिल होने के लिए पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए प्रशासन के स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9रू30 बजे से 11रू30 बजे तक होगी। दूसरी पाली दोपहर 2रू30 बजे से 4रू30 बजे तक होगी। डीएम ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार ही परीक्षा को संपादित करना है। इसलिए गाइडलाइन को अच्छे से पढ़ ले। ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि ना हो। परीक्षा के दौरान कक्षा में अभ्यार्थियों को सीटिंग प्लान के अनुसार ही बैठाएं। उन्होंने सभी के परीक्षा के दौरान आईडी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने परीक्षा संचालन के सभी नियम बताए। निर्देश दिए कि परीक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। परीक्षा के मद्देनजर डीएम ने एआरएम रोडवेज को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था के निर्देश दिएए ताकि परीक्षार्थियों को परिवहन में कोई असुविधा ना हो। एडीएम संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन ब्लूटूथ अन्य संचार संबंधी उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। बताया कि परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में फोटोकापिर मशीन भी प्रतिबंधित रहेगी। एएसपी नेपाल सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। परीक्षा की शुचिता को किसी भी दशा में भंग नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर विधेश, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## ये हैं सेंटर

**राजकीय** इंटर कालेज, गांधी विद्यालय इंटर कालेज, केसरी इंटर कालेज, कृषक समाज इंटर कालेज फत्तेपुर, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कालेज, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कालेज, अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कालेज, इस्लामियां इंटर कालेज, धर्म सभा इंटर कालेज, पं. दीन दयाल उपा0 सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज लखीमपुर (यूपी बोर्ड), पं. दीन दयाल उपा0 सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज (सीबीएससी बोर्ड), युवराज दत्त महाविद्यालय, लखनऊ पब्लिक स्कूल, पीके इंटर कॉलेज।

# उप मुख्यमंत्री ने सपा पर किए करारे प्रहार

● बताया सपा को गुंडा पार्टी

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**उत्तर** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए सपा को गुंडा की पार्टी कह दिया उपमुख्यमंत्री यही पर नहीं रुके उन्होंने कहा पिछली सरकारों ने यूपी में माफिया पैदा किए और योगी सरकार ने माफियाओं को साफकर दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में कानून का राज है गुंडे या तो इस दुनिया से जा चुके हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्यों में चले गए हैं। जलालाबाद नगर पालिका क्षेत्र के ब्लू हैवेन मैरिज गार्डन में डिप्टी सीएम बीजेपी प्रत्याशी मनमोहन द्विवेदी उर्फ गोपाल के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने मतदाताओं को खिताब करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की मजूदगी में डिप्टी सीएम ने सपा को गुंडागर्दी वाली पार्टी बताया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सीएम योगी और मोदी के सुशासन और विकास के एजेंडे पर जनता बीजेपी को भारी बहुमत से जिताएगी। अपने अभिभाषण के दौरान डिप्टी सीएम समाजवादी पार्टी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने यूपी में माफिया पैदा किए और योगी सरकार ने माफियाओं को साफकर दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में जंगलराज है। आज गुंडे या तो इस दुनिया से जा चुके हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्यों में चले गए हैं।कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने सरकार की योजनाओं को सबका साथ सबका विकास की योजनाए करार देते हुए जनता को योगी और मोदी के सुशासन और विकास से प्रभावित बताते हुए नगर निकाय चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ बीजेपी की जीत को सुनिश्चित बताया । कार्यक्रम में भारी संख्या में पुलिस तैनात थी।

# मतगणना 13 मई को सुबह होगी शुरू

● चिन्हित सात स्थानों पर की वोटों की गिनती 216 टेबल लगेंगे

**सीतापुर।** जिले के सभी 11 नगर निकायों की मतगणना 13 मई को सुबह शुरू हो जाएगी। मतगणना चिन्हित 7 स्थानों पर की जाएगी। जिसके लिए 216 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर 5-5 कार्मिक मतगणना करेंगे। मतगणना के क्रम में सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। सीतापुर नगर पालिका में पड़े मतों की गिनती सबसे अधिक 68 टेबल लगाई जाएंगी, जिनपर 340 कार्मिक मतों की गणना करेंगे। नगर पंचायत पैंतेपुर में पड़े मतों की गणना के लिए सबसे कम 4 टेबल लगाई जाएंगी, जिनपर 20 कार्मिक मतों की गणना करेंगे। नगर पालिका लहरपुर में पड़े मतों की गिनती के लिए 24 टेबल पर 120 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पालिका महमूदाबाद में पड़े मतों की गिनती के लिए 22 टेबल पर 110 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पालिका बिसवां में पड़े मतों की गिनती के लिए 22 टेबल पर 110 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पालिका खैराबाद में पड़े मतों की गिनती के लिए 20 टेबल पर 100 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पालिका मिश्रिख में पड़े मतों की गिनती के लिए 10 टेबल पर 50 कार्मिक तैनात होंगे। मतगणना के लिए नगर पंचायत महोली में पड़ें मतों की गिनती 14 टेबल पर 70 कार्मिकों द्वारा की जाएगी। नगर पंचायत हरगांव में 8 मतगणना टेबल पर 40 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पंचायत सिधौली में 12 टेबल पर 60 कार्मिक तैनात होंगे, नगर पंचायत तंबौर में 12 टेबल पर 60 कार्मिक तैनात होंगे। प्रत्येक मत टेबल पर एक गणना सुपरवाइजर, तीन गणना सहायक और हेल्पर की तैनाती रहेगी। मतगणना के क्रम में सबसे पहले डाक मत गिने जाएंगे, इसमें कुल 600 कार्मिकों में 279 ने डाक द्वारा मतदान किया है, इसमें अध्यक्ष पद के लिए 143 और सभासद पद के लिए 136 कार्मिकों ने डाक मतदान किया है। मतगणना के दौरान सबसे पहले डाक मत गिने जाएंगे।

# कलेक्ट्रेट में निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित, जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में स्थापित कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं प्रेक्षक गिरिजेश कुमार त्यागी ने सोमवार को जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निपटारे के सम्बन्ध में जानकारी ली। प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देश दिए कि प्राप्त सूचनाओं पर फौरन कार्यवाही सुनिश्चित कर समय पर उनका निपटारा करे। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से समस्त प्रकार की सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रेषण तथा निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं उड़नदस्ता आदि टीम से समन्वय स्थापित करने हेतु कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम अनवरत रूप से सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे संचालित किया जा रहा है, जिसमे कर्मचारियों की तैनाती की जा चुकी है। निर्वाचन के दौरान सम्बन्धित इलैक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कन्ट्रोल रूम द्वारा किया जायेगा तथा निर्वाचन के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 05842-297105 एवं 05842-297106 पर दी जा सकती है।

# धूमधाम से मना विश्व रेडक्रॉस दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आज** 8 मई, विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जेसीआई के सहयोग से नेशनल पब्लिक स्कूल ओयल में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनान्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ततपश्चात जे सी आई अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर दीपाली गोयल द्वारा रेडक्रॉस के सभी आजीवन सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। आजीवन सदस्य आर्येन्द्र पाल सिंह, विजय यादव, आरती श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव द्वारा रेडक्रॉस दिवस क्यूँ मनाया जाता है, रेडक्रॉस के कार्यो, महत्व एवं रेडक्रॉस की थीम एवरीथिंग वी डू कम्स फ्रॉम द हार्ट पर प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में जे सी आई एवम स्कूल प्रबंधन द्वारा रेडक्रॉस आजीवन सदस्य सपना कक्कड़ए राखी चोपड़ा, आर्येन्द्र पाल सिंह, अनिल श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, अनुराग सक्सेनाए सुनीता सिंह, हर्यक सिंह आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रेडक्रॉस लखीमपुर खीरी द्वारा डायरेक्टर दीपाली गोयल, जे सी आई अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, समग्र संवाददाता प्रशांत आदि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उक्त कार्यक्रम में डायरेक्टर दीपाली गोयलए आर्येन्द्र पाल सिंहए सपना कक्कड़, राखी चोपड़ा, आरती श्रीवास्तव, डॉ विजय यादव, सौरभ गुप्ताएतनु गुप्ता, अनुराग सक्सेना, हर्यक सिंह, सुनीता सिंह , स्कूल स्टाफ सहित तमाम बच्चों ने केक काटकर हर्षोल्लास से रेडक्रॉस के संस्थापक का जन्मदिवस मनाया गया।

## क्विक न्यूज

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम में एक 25 वर्षीय युवक की पेड से लटककर हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने गांव के चार लोगों पर आत्म हत्या के लिए उकसाने मे रिपोर्ट दर्ज करवाई है। क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके छोटे भाई सरोज यादव का गांव की एक लडकी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लडकी उसके भाई के साथ शादी करना चाहती थी। आरोप है कि जिसके लिए उसका भाई व परिवारीजन तैयार नहीं थे और बराबर धमकी दे रहे थे कि अगर लड़की का पीछा नहीं छोड़ा तो जान से मार डालूंगा। दो मई को लड़की की शादी थी। प्रेमिका का प्रेमी प्रेमिका के बुलाने पर मकान के पास गया। लड़की के पिता व चाचा ने उसे डरा धमकाकर भगा दिया। जिससे उसका भाई नाराज होकर चला आया और उसके भाई का शव गांव के पूरब आम के पेड़ में तीन मई को लटका मिला। पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे हैंगिंग बताई जा रही है।

### एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मनाया विश्व थैलेसीमिया दिवस

**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ने केक काट कर विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने बताया कि दुनियाभर में 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। रक्त संबंधी यह रोग आनुवंशिक होता है। इसीलिए यह बीमारी पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। जन्म के समय इसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। डा.मिलन जायसवाल, डा.सुरभि चंद्रा, डा.अनीता कुमारी और डा.पीएल प्रसाद ने थैलेसीमिया क्या है ? इसका उपचार कैसे होता है ? की जानकारी देने के साथ इससे जुड़ी भ्रांतियां पर भी चर्चा की। साथ ही उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिए। पैनल डिस्कसन में उन्होंने बताया कि नजदीकी रिश्तेदारी में होने वाली शादियों में जन्म लेने वाले बच्चों में प्रायः यह रोग देखने को मिलता है। इसमें खून ठीक से बन नहीं पाता। इसका अंतिम उपचार बोन मैरो ट्रांसप्लांट है। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए। इस मौक पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.सीएम चतुर्वेदी, डा.अतुल कुमार, डा.अनिमेष सहित पीडियाट्रिक विभाग के सभी डाक्टर व स्टाफ मौजूद रहा।

### निशुल्क फुल बॉडी चेकअप कैम्प हुआ आयोजित

**बरेली।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट के तहत टाटा वन एमजी लैबस समय समय पर अलग अलग राज्यों में विभिन्न जातियों के साथ जेनेटिक बॉडी टेस्ट कैंप का आयोजन कराती है। इसी के तहत टाटा वन एमजी लैब एवं जीनोम इंडिया द्वारा बरेली में कन्या पाठशाला स्कूल प्रांगण में निशुल्क फुल बॉडी चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। टाटा वन एमजी देहरादून से आयी टीम में प्रो0 जी एन झा (प्रोजेक्ट हैड), डॉ शफीक (सीबीआर ), निशांत जौहरी (जोनल हेड) , संजीव गम्भीर, हेमंत बनकोटी आदि का अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पश्चिम उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार जौहरी ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। टाटा वन एमजी द्वारा आयोजित इस निशुल्क बॉडी चेकअप कैम्प में भारी संख्या में कायस्थ कम्युनिटी के लोगों ने चेकअप कराया, जिसमें सभी प्रकार की खून की जांचें, लिवर, किडनी, शुगर, थायराइड, लिपिड प्रोफाइल, सीआरपी आदि जांचें शामिल रही। टाटा वन एमजी के जोनल हेड निशांत जौहरी ने निशुल्क कैम्प में विभिन्न जांचों के लिए आये हुए सभी व्यक्तियों एवं अखिल कायस्थ महासभा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष जौहरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी बबिता रेक्रिवाल, अनिल कुमार जौहरी, पंकज सिन्हा, रोहित रेक्रिवाल, अभिषेक आनन्द, लायंस विद्या मंदिर स्कूल की प्रधानाचार्य वैशाली जौहरी आदि उपस्थित रहे।

### ट्रक में आग लगने से लदा सामान जल कर खाक

**खीरी टाउन।** कस्बा खीरी से लहरपुर मार्ग पर जा रहे एक ट्रक में लगी आग को देख कर मार्ग पर निकल रहे लोगो मे भगदड़ मच गई। मालूम हो कि सोमवार समय लगभग एक बजे के बीच लोगो ने देखा कि एक ट्रक कस्बा खीरी की मेन रोड लहरपुर मार्ग पर जा रहा है जिसमे धुंआ उठ रहा है। थोड़ी ही देर में सामान से लदा ट्रक कस्बा खीरी के लहरपुर मार्ग पर स्थित इंडियन बैंक के करीब पहुचा तो उस ट्रक पर लदे सामान पर आग अपनी पकड़ बना चुकी थी। आग इतनी तेजी से फैली थी कि ट्रक के चारो तरफधुंआ ही धुंआ नजर आ रहा था। जैसे ही ट्रक ड्राइवर को इस बात का आभास हुआ कि उसके ट्रक में आग लग गयी है उसने अपने ट्रक को वही रोक दिया और बाहर निकल आया। लेकिन तब तक आग पूरी तरह ट्रक पर लदे सामान को अपनी चपेट में ले चुकी थी।स्थानीय लोगो ने अपने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया जैसे तैसे थोड़ी बहुत आग बुझी।जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने अग्निशमन की गाड़ी बुलवाकर ट्रक में लगी आग पर काबू पाया जा सका। आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन ट्रक पर लदा सामान जो लाखो का बताया जा रहा है। वो सामान सब जल कर नष्ट हो चुका था बताया जाता है कि उसमें से थोड़ा सामान ही जलने से बचा था।स्थनीय लोग तथा पुलिस के प्रयासों से ट्रक में लगी आग से दूसरी दुकाने एवम मकान चपेट में आने से बच गये।

### किंग्स इलेवन ने दर्ज की तीसरी जीत

**सीतापुर।** बेसिक शिक्षकों की किक्रेट प्रतियोगिता टीचर्स प्रीमियर लीग आरएमपी इंटर कालेज के मैदान पर जारी है। प्रतियोगिता के 11वें लीग मैच में किंग्स इलेवन ने सुपर जंबोज को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले नवीन की मेंटरशीप वाली टीम के कप्तान ज्ञानेंद्र ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआत अच्छी नहीं रही किंग्स के ओपनर जल्दी आउट हो गए। बाद के बल्लेबाजों ने संघर्ष करते हुए किसी तरह स्कोर को निर्धारित 15 ओवर में 186 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में बेटिंग करने उतरी जंबोज की शुरूआत तो अच्छी रही, लेकिन मिडिल आर्डर ध्वस्त होने के चलते उनकी टीम 40 रनों से मैच हार गई। मैच रेफरी आशीष पांडेय ने ज्ञानेंद्र को मैन आफद मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान मदन मोहन त्रिवेदी, आशीष पाण्डे, नित्यानंद, पवन इटारी, रत्नेश, मोहम्मद वाइज, अनिल अवस्थी, राजकुमार सिंह, एहतेशाम, दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली सदर क्षेत्र में छात्रा से लूट का प्रयास

**लखीमपुर खीरी।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत कॉलेज से पढ़कर जा रही छात्रा से लूट करने का मामला संज्ञान में आया है। बाइक से बाली लूट कर भाग रहे। लुटेरे को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। शनिवार की देर रात गोली लगने से युवक घायल हो गया। 2 दिन बाद सोमवार को एक बार फिर लुटेरों ने छात्रा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। सदर में हो रही घटनाओं से लोग डरे हुए हैं। आशा पांडे पत्नी राजकुमार निवासी मोहल्ला गोकुलपुरी कोतवाली लखीमपुर सदर ने तहरीर देकर बताया कि कि सोमवार 8 मई 2023 को दोपहर करीब 1 बजे उनकी पोती स्नेहा पांडे वाई0डी0 कॉलेज से पढ़कर पैदल घर जा रही थी। स्टेशन के सामने रेलवे कॉलोनी रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से कान की बाली नोचने के लिए झपट्टा मार दिया। छात्रा के चिल्लाने पर स्थानीय लोगों की मदद से लुटेरे को पकड़ लिया गया है। दिनदहाड़े हो रही घटनाओं से लोग डरे हुए हैं। इस संदर्भ में कोतवाल चन्द्र शेखर सिंह ने बताया कि हम हाईकोट लखनऊ आये है।

# प्राचीन मां भगवती देवी मंदिर में दुर्गा मूर्ति की हुई स्थापना

**संवाददाता।** निघासन खीरी

**झण्डी** में स्थापित माता भगवती देवी के प्राचीन मंदिर में स्थानीय लोगों की इच्छा पर राजा राज राजेश्वर सिंह ने मंदिर में सौंदर्यिकरण कर दुर्गा जी की प्रतिमा की स्थापना करवायी। देवी जी का यह प्राचीन मंदिर झण्डी राज परिवार द्वारा सन 1926 में रानी सूरज कुवर द्वारा निर्मित्त किया गया थाए जिसका स्थानीय लोगों में काफी आस्था है व दूर दूर से लोग दर्शन हेतु आते हैं। लंबे समय से स्थानीय लोगों ने इस मंदिर में दुर्गा जी की मूर्ति लगवाने की राजा साहब से मांग की। जनता की प्रबल इच्छा को देखते हुए राजा साहब नें जयपुर में निर्मित दुर्गा जी की सुंदर प्रतिमा मंगवाकर गाँव वालों को मंदिर के लिये भेंट की व आचार्य पिंकू शुक्ला व उनकी 5 ब्राह्मणों की टोली के द्वारा विधी विधान से स्थापना करवाया। स्थापना के उपरांत हवन व जागरण एवं भंडारे का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुये। इस पूरे कार्यक्रम में झण्डी निवासी पूर्व जेलर वेद प्रकाश मिश्रा, पंचायत मित्र सुरजीत कश्यप, चंद्रशेखर जोशी, गुरु प्रसाद, मुल्लूराम, विनीत पाठक, सुनील दत्त आदि ने सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका का निर्वाहन किया। मंदिर की मूर्ति देखकर गाँव वालों मे खुशी की लहर है।



# डीएम ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को नगर पंचायत खुटार एवं नगर पंचायत बंडा क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र खुटार के खंड विकास अधिकारी कार्यालय खुटार एवं काकोरी शहीद इंटर कालेज खुटार में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुनानक इंटर कालेज बंडा में बनाए गए मतदान केंद्रों को भी देखा । जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोलिंग बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। इसके साथ ही गर्मी के मौसम के दृष्टिगत शीतल पेय जल आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होने निर्देश दिये कि मतदान केंद्रों पर मानकों के अनुसार पूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सभी तैयारियां पूर्ण की जाय। जिलाधिकारी ने पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भी आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने मतदान के महत्व के विषय में बताते हुए सभी मतदाताओं से अपील की है कि वह दिनांक 11 मई 2023 को अपने मतदान केंद्रध्बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री एस आनंद ने आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि मतदान के दृष्टिगत सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात रहे। उन्होने कहा कि गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# निष्पक्ष मतगणना कराने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

नगर निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी डा इरा ने गम्भीर सवाल उठाया हैं। निर्वाचन आयोग को शिकायत भेजकर निष्पक्ष मतगणना किए जाने की मांग की है। निर्दलीय प्रत्याशी डॉ इरा ने आयोग को भेजे गए पत्र में बताया है कि मतदान होने के बाद मत पेटी राजापुर मंडी में रखी गई थीए जिनकी सुरक्षा मे लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद रहे। बिजली की आपूर्ति बाधित रही और जनरेटर भी प्रशासन द्वारा नहीं चलाया गया। मत पेटीयों में छेड़छाड़ की सम्भावना है। मत पेटी बदली जा सकती है। चुनाव प्रभावित होने की सम्भावना बनी हुई है। प्रशासन से मांग की गई है कि स्ट्रांग रूम पर भारी सुरक्षा व्यवस्था रखना जरूरी है। बिजली आपूर्ति एवं सीसीटीवी चलना जरूरी है। मंडी समिति में लाइट का चले जाना व घंटें लाइट का ना आनाएजनरेटर का ना चलनाएऔर सीसीटीवी कैमरे भी ना चलना कहीं ना कहीं संदिग्ध प्रतीत होता है। नियमों की पूरी तरह से अनदेखी है। इसकी जवाब देही किसकी है। यह जनता तय करेगी। हालांकि इसके साथ की अन्य पार्टियों ने भी इस पर पहले ही शंका व्यक्त की थी कि कोई घटना न घट जाए। इसलिए मंडी में रखी मत पेटी की सुरक्षा बहुत जरूरी है।

# जिला अस्पताल में किया गया फलों का वितरण

**संवाददाता।** सीतापुर

**शूरवीर** महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा की सीतापुर इकाई द्वारा जिला अस्पताल में फल वितरण किया गया। फल वितरण में महासभा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदोरिया, जिला प्रभारी रिपुदमन सिंह, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर शीतल बख्शसिंह चौहान जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ आर के सिंह, सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रभालगुप्ता और विनय सिंह का सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुनील सिंह गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदू सिंह चौहान, दीपक सिंह, योगेश सिंह, यश श्रीवास्तव, .अभिमन्यु, .योगेश सिंह, दिव्यांश तोमर, .कुसुम सिंह चौहान आदि लोगों ने शूरवीर महाराणा प्रताप को नमन किया। प्रदेश सचिव ने बताया कि 9 मई को प्रात: 8 बजे महाराणा प्रताप पार्क स्थित महाराणा प्रताप एवं भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शत शत नमन किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे कलेक्ट्रेट कैंपस के अधिवक्ता चेंबर नंबर 16 में गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर द्वारा किया जाएगा।

# लक्ष्य से अधिक घरों में यज्ञ संपन्न हुआ

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**अखिल** विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में संपूर्ण विश्व में एक साथ आयोजित 5 6 7 मई को गायत्री यज्ञ में जिले भर मे लक्ष्य अनुरुप लोगों ने अपने घरों में यज्ञ किए। संपूर्ण ब्रह्मांड एवं वातावरण की शुद्धि के साथ विचार क्रांति अभियान में जन जन की सहभागिता हेतु इस यज्ञ में भाग लिया। जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने बताया कि लगातार इस संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। यज्ञ के लिए आनलाइन वीडियो लिंक भी दिया गया एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर पत्रक भी भेजा गया जिसके द्वारा भी लोगों ने यज्ञ संपन्न किया। गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना के अंतर्गत शाहजहांपुर नगर में पुवाया, बंडा खुटार, निगोही जलालाबाद, मिर्जापुर, कलान, कांट खुदागंज तिलहर आदि क्षेत्रों में जो लोग किसी कारणवश 5 मई को यज्ञ नही कर पाए, सभी ने 6 - 7 मई को घर घर में गायत्री यज्ञ संपन्न किया। 8 बजे 12 बजे तक हजारों लोगों ने अपनी आहुतियां समर्पित कीं। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में दैनिक यज्ञ में भी लोगों ने भाग लिया। बताया कि घर-घर गायत्री यज्ञ उपासना में जिले भर में 1200 घरों में यज्ञ का लक्ष्य रखा गया था और लक्ष्य के ऊपर यज्ञ संपन्न हुआ। संपूर्ण विश्व के घरों में गायत्री यज्ञ हुआ। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में एक साथ लाखों लोगों ने यज्ञ कर वातावरण की शुद्धि एवं विचारों शुद्धि के लिए एक साथ कार्य किया। कार्यक्रम की सफलता पर गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा शाहजहांपुर मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य ने युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं जिले भर के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

● मतदाता जागरूकता शपथ के साथ सम्पन्न हुई रैली

**संवाददाता।** बरेली।

डीएम / नियन्त्रक सिविल डिफेंस के निर्देशानुसार, उपनियत्रंक राकेश मिश्रा व सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर के प्रोत्साहन पर चीफ वार्डन राजीव शर्मा व डिप्टी चीफ वार्डन दिनेश कटियार के नेतृत्व में उप प्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल द्वारा आयोजित श्री अलखनाथ प्रभाग की मतदाता जागरूकता रैली झूलेलाल द्वार राजेन्द्र नगर से प्रारम्भ होकर के. के. अस्पताल, राजेन्द्र नगर कालोनी, श्री बाँके विहारी मन्दिर, जनकपुरी, प्रभात नगर, प्रेमनगर धर्मकांटा, मैकेनियर रोड, श्री त्रिबटीनाथ कालोनी होते हुए कोहाड़ापीर पर मतदाता जागरूकता शपथ के साथ सम्पन्न हुई। रैली में उपस्थित वार्डनों ने रैली मार्ग के समस्त निवासियों व राहगीरों को विभिन्न नारों व स्लोगनों के उच्चारण जैसे श्पहले मतदान - फिर जलपानश् श्जन जन का नारा है - वोट देना अधिकार हमारा हैश् श्सारे काम छोड़ दो - सबसे पहले वोट दोश् श्भारत भाग्य विधाता हैं - क्योंकि हम मतदाता हैंश् से मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में डेलापीर, इज्जत नगर, राजेन्द्र नगर, मॉडल टाउन, शाहबाद, त्रिबटीनाथ, प्रेम नगर, शास्त्री नगर, बड़ा वाजार, शिवाजी मार्ग, साहूकारा, गुलाब नगर, सी बी गंज, खलीलपुर से लेकर मथुरापुर व परसाखेड़ा क्षेत्रों के वार्डन सम्मिलित रहे। रैली के समापन के पश्चात चीफ वार्डन राजीव शर्मा जी ने उपस्थित सभी वार्डनों, क्षेत्रीय निवासियों व राहगीरों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया, तत्पश्चात उपप्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों पदाधिकारियों व वार्डनों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित होने पर धन्यवाद दिया। रैली में स्टाफ आफिसर टू चीफवार्डन अमित पंत, प्रभारी स्टाफआफिसर टू डि. वा. हरीश भल्ला आई. सी. ओ. कंवलजीत सिंह, संजीव धुस्सा, राजीव छाबड़ा, गीता शर्मा पोस्ट वार्डन विशाल सक्सेना, रितु अग्रवाल, सुनील वर्मा, हरपाल मौर्या, साबिर हसन खान, संजय खंडेलवाल, अनुकाम शर्मा, पोस्ट वार्डन आर. गौरव अग्रवाल डिप्टी पोस्ट वार्डन नीतू द्विवेदी, सर्वेश मौर्य, प्र. डिप्टी पोस्ट वार्डन आरिफ खान, राजेश शाक्य, अरुण कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रेम पाल गंगवार सेक्टर वार्डन आयूष अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, मुदित अरोरा, पुनीत अग्रवाल, कमल कुमार, रवीश कौशिक, सुशांत पांडेय, संजीव कुमार गर्ग, सुधांशु उपाध्याय, संदीप सिंह, जितेंद्र कुमार गंगवार, विभूति शर्मा, संतोष चावला, संजीव कुमार गुप्ता, विजय कुमार सक्सेना, संजीव कुमार गुप्ता, संजय वर्मा, कुमार दीपांशु, अभय रस्तोगी, अमन कुमार, आशीष कुमार एडवोकेट, प्रभात चौधरी, अमित आनंद, मो. रिजवान खान, राजेश कुमार मौर्य, नीलम रस्तोगी, कमलजीत कौर, मो. अलीम, रमेश साहू, राजू, अंकुर अग्रवाल, बीनू गोस्वामी,पूजा कालरा, अजय राज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत : सांसद पटेल

● व्यापारियों को पीले चावल बांट सांसद ने किया योगी की चुनावी सभा में आमंत्रित

● सांसद और प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता ने सैकड़ों भाजपाइयों के साथ किया नगर भ्रमण



**संवाददाता।** चित्रकूट

**प्रदेश** में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने को बेताब भाजपा का चुनाव प्रचार चरम पर है। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 9 मई को होने वाली सीएम योगी की चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सोमवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल और नगर पालिका कर्वी से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता ने सैकडों भाजपाईयों के साथ नगर भ्रमण कर व्यापारियों को पीले चावल बांटकर रैली में आमंत्रित किया।

निकाय चुनाव के दूसरे चरण में चित्रकूट जिले की कर्वी नगर पालिका और राजापुर, मानिकपुर और नवसृजित मऊ नगर पंचायत के लिए 11 मई को चुनाव होने है। भाजपा समेत सपा,बसपा,कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोकें हुए है। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 9 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगें। वहीं सीएम योगी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने सोमवार को चित्रकूट नगर पालिका से अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता,वरिष्ठ भाजपा नेता दिव्या त्रिपाठी आदि ने जनसम्पर्क कर व्यापारियों को पीले चावल बांटकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया।

# सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क



● आईजी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** चित्रकूट


**पुलिस** महानिरीक्षक प्रयाग राज जोन चंद्रप्रकाश, डीएम अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 9 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को देखते हुए मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ब्रीफिंग की गई।

आईजी चंद्र प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा व्यवस्था के अनुसार कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराना है। सभी पुलिस अधिकारी सतर्क दृष्टि रखकर कार्यक्रम को कराएंगे पुलिस अधीक्षक ने जो सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया है उसी के अनुसार करें आप हम सब लोग वीआईपी ड्यूटी करते हैं लेकिन जब नई जगह ड्यूटी करने जाते हैं तो वहां पर सतर्क रहकर ड्यूटी करें सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी कार्ड धारण करें जिन लोगों के जिन स्थलों पर ड्यूटी लगी है वह अच्छी तरह से ड्यूटी करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से सख्त निर्देश है कि जो सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश हैं उसी के अनुसार सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी ड्यूटी में तैनात रहकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं। फ्लीट के रास्ते में भीड़ एकत्र न हो।

# जादू के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान को किया जागरूक

● अधिकारों में मतदान सबसे बड़ा अधिकार- प्रमोद झा

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**स्थानीय** निकाय निर्वाचन के मद्दे नजर तहसील प्रशासन द्वारा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विस्तारित क्षेत्र राजापुर के विभिन्न वार्डों में जादूगर अरुण प्रताप सिंह बांदा के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें तहसील प्रशासन के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नगर पंचायत राजापुर के अधिशाषी अधिकारी की मौजूदगी में जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नं1 हनुमानगंज, वार्ड नं 2 काशीनगर, वार्ड नं 4 कारखाना, वार्ड नं 5 आजादनगर तथा वार्ड नं 8 माधवगंज सहित कई वार्डों में मतदान का महत्व तथा जागरूकता पर जादूगर अरुण प्रताप सिंह बांदा ने अपने जादू द्वारा एकता और अनेकता पर जादू के माध्यम से बताया कि गिलास में थोड़े से दूध का क्या महत्व होता है और पूरे भरे हुए दूध का महत्व एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में यदि शत प्रतिशत मतदान होता है तो लोकतंत्र अधिक मजबूती के साथ देश के विकास में महत्व रखता है।

यदि कोई भी मतदाता प्रलोभन, दबाव तथा खरीद फरोख्त में अपना मतदान करता है तो वह एक सड़ी लकड़ी के समान लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।

## 95 लीटर शराब बरामद

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में बरगढ़ पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सपना पत्नी रमेश निवासी गाहुर मजरा भरतपुरवा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दो कुंतल लहन भी नष्ट किया गया।

## चित्रकूट की बेटी प्रिया संसद भवन में देगी भाषण

**चित्रकूट।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय की बीएड की छात्रा प्रिया त्रिपाठी नौ मई को संसद में भाषण देने को चुनी गई है। विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। इससे पहले प्रिया विश्वविद्यालय स्तर पर चित्रकूट और सतना में भाषण प्रतियोगिता जीत चुकी है। इसी आधार पर उनका चयन किया गया है। चयन होने के बाद चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक काफी खुश हैं। प्रिया के माता-पिता भी बेहद खुश हैं। वह अपने आप को सौभाग्यशाली मान रहे हैं। जिन्हें देश की संसद भवन में भाषण देने का मौका मिला है। प्रिया त्रिपाठी मूल रूप से यूपी के जिले के नांदीतौरा पहाड़ी क्षेत्र के गांव की है।

# अटरिया में शरारती तत्वों ने देवी की मूर्ति तोड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

● अराजक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए सीओ कालपी ने गठित की टीम



**आटा,** जालौन। थाना क्षेत्र के ग्राम अटरिया के जूनियर विद्यालय के पास बने संकटा माता मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर संकटा माता की मूर्ती को कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दी। सुबह जब ग्रामीण पूजा करने पहुंचे तो मूर्ती का सिर टूटा हुआ पड़ा मिला, यह देख लोगों में आक्रोश फैल गया, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए, सूचना पाकर आटा थाना पुलिस भी पहुंची जिन्होंने गुस्साए ग्रामीणों को शांत कराया। रविवार की देर रात आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अटरिया में पंद्रह साल पहले संकटा माता मंदिर बनवाया गया था, जिमसें संकटा माता की मूर्ती स्थापित की गई थी, इस मूर्ती को आराजक तत्वों ने तोड़कर खंडित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया इस संकटा मंदिर को गांव के ही रामभरोसे कुशवाहा ने इस मंदिर का निर्माण 2008 में कराया था, जिमसें संकटा माता की मूर्ती को स्थापित किया गया था, मगर कुछ आराजक तत्वों ने मूर्ति को तोड़ दिया। सुबह लोग मंदिर पूजा करने पहुंचे तो मंदिर के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था और संकटा माता की मूर्ति टूटी पड़ी थी, जानकारी पाकर राष्ट्रीय बजरंगदल के प्रांत मंत्री गणेश खांकरी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए और मांग की कि जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाए और नई मूर्ती स्थापित की जाए! हलांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कालपी सी ओ डा. देवेंद्र पचौरी ने सभी से वार्ता कर हकीकत को जाना और तत्काल टीम गठित कर अराजकता फैलाने वालों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिये ।

# बेटी ने पिता के रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

**उरई,** जालौन। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर में किन्ही कारणों के चलते इंटर की छात्रा ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

शहर के मोहल्ला शांति नगर निवासी भाजपा नगर उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा उर्फ कल्लू पहलवान की पुत्री साक्षी शर्मा उर्फनिक्की 18 वर्ष इंटर की छात्रा थी। किसने रविवार रात को मकान की तीसरी मंजिल में स्थित अपने स्टडी रूम में पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से सिर में गोली मार ली। घटना के समय मकान के नीचे वाले हिस्से में छात्रा की मां मीरा, दादी व छोटा भाई शिवम थे। जिन्हें इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। देर रात को जब पिता राजेंद्र शर्मा घर लौटे और बेटी निक्की को खाना खाने के लिए बुलाने गए तो अंदर से उसका स्टडी रूम बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला। तब मौके पर पुलिस को बुलाया गया, और कुंडी तोड़कर परिवार के लोग अंदर गए। तो वहां का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। जहां छात्रा खून में लथपथ पड़ी हुई थी और पास में ही पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर पड़ी हुई थी। पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिंदा लोगों को मृत दिखाने के मामले में जिलाधिकारी ने की कड़ी कार्रवाई

● बीडीओ, एडीओ समाज कल्याण, ग्राम विकास सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि

● वृद्धावस्था पेंशन पा रहे 9 लोगों को मृत दिखाकर बंद की थी पेंशन

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**वृद्धावस्था** पेंशन पा रहे 9 लोगों को मृत दिखाकर उनकी पेंशन बंद करने के मामले का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी जालौन सहित संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया है कि वह मृत दिखाकर पेंशन रोकने के मामले को समाज कल्याण विभाग लखनऊ से संपर्क कर फिर से पेंशन शुरू कराने के प्रयास करें।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जालौन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सहाव के वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों ने जिलाधिकारी जालौन चांदनी सिंह के समक्ष पेश होकर अपने को जिंदा साबित करने के साथ ही पेंशन दिलाने की मांग की थी ग्रामीणों का आरोप था कि गांव के 9 लोगों को खंड विकास अधिकारी, एडीओ समाज कल्याण और ग्राम पंचायत सचिव ने मृत दिखाकर उनकी पेंशन को रोक दिया था जबकि सभी लोग जिंदा हैं।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह मामला बहुत गंभीर है और जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया है ऐसा लगता है कि ग्राम विकास सचिव के द्वारा एक जगह बैठकर वेरिफिकेशन कर लिया गया जबकि किसी भी पेंशनर से मिलने की जहमत नहीं उठाई जिसके चलते वृद्धावस्था पेंशन पा रहे 9 लोगों को मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी गई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यम मिश्रा की लापरवाही भी इस मामले में क्षम्य नहीं कही जा सकती क्योंकि फरवरी माह में ही समाज कल्याण अधिकारी के पास ग्राम सहाब के पेंशनरों की शिकायत आई थी लेकिन उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया जिसके कारण इस मामले को लेकर मई माह में शोर-शराबा हुआ अगर समाज कल्याण अधिकारी मामले के संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई करते तो शायद यह मामला जिला एवं लखनऊ तक न गूंजता।

जालौन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा बुजुर्ग कि मुला पत्नी स्व. रामनाथ को 1 साल से पेंशन नहीं मिली।

# सभी वर्गो के सहयोग से रामजी गुप्ता के चुनाव ने पकड़ी मजबूती



**रूरा,** कानपुर देहात। भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता के चुनाव अभियान में समाज के सभी वर्गो के सहयोग से उनके चुनाव ने निर्णायक मजबूती प्राप्त कर ली है। कोरोना बीमारी का शिकार हुये भाजपा प्रत्याशी के छोटे भाई घनश्याम ओमर के यादगार विकास परक कार्यकाल व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष के रूप रामजी गुप्ता ने विकास के जो ऐतिहासिक कार्य किये हैं उससे लोगों का भरोसा उन पर बढ़ा है। भाजपा प्रत्याशी ने जनसमस्याओं के निदान के लिये जो रोड मैप अपने घोषणा पत्र में प्रस्तुत किया है उस पर जनता मुहर लगाती नजर आ रही है। रामजी गुप्ता पार्टी से पिछले 35 वर्षों से जुड़े हुये हैं तथा संगठन में जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कई बार सेवायें प्रदान कर चुके हैं, वर्तमान में वह भाजपा के जिला महामंत्री हैं, पार्टी ने समाजवादी पार्टी के मजबूत गढ में कद्दावर भाजपा नेता को टिकट देकर हर हाल में सीट पार्टी की झोली में डालने का बड़ा दांव खेला है। पार्टी प्रत्याशी के लिये राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी जगह-जगह नुक्कड़ सभायें कर लोगों के घरों में दस्तक दे चुके हैं। किदवईनगर विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, पूर्व विधायक व पूर्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष केके सचान, जिलाध्यक्ष अविनाश जमीन पर उतरकर जिताने की अपील के साथ जी तोड मेहनत कर रहे हैं।

# नोन नदी को वास्तविक रूप प्रदान करने की पहल शुरू

● डीएम ने मनरेगा व जन सहभागिता से कार्य योजना बनाने के दिये निर्देश

**संवाददाता।** फतेहपुर

**बिंदकी** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत यमुना नदी की सहायक नदी के रूप में बहने वाली नोन नदी को वास्तविक रूप प्रदान करने की पहल शुरू हो गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि मनरेगा व जन सहभागिता से कार्य योजना बनाई जाये। जिससे यह नदी अपने वास्तविक रूप में आ सके और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में बताया गया कि जनपद के तहसील बिन्दकी के विकास खंड अमौली से यमुना नदी की सहायक नदी के रूप में बहने वाली नोन नदी 23 किमी (8-12 मी0 चौड़ाई) तक बहती है। जिसमें नौ ग्राम पंचायतों भरसा, मानेपुर, कहिंजरा, सरहन बुजुर्ग, सहरन खुर्द, सिकन्दरपुर, औरा-मिस्सी, गौरी-औरा, चांदपुर शामिल है। डीएम ने कहा कि नोन नदी को वास्तविक रूप प्रदान करने के लिए मनरेगा व जन सहभागिता से खुदाई/सिल्ट सफाई का कार्य करने के लिये कार्य योजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि नदी में पड़ने वाले चेक डेमो (11), ड्रेनो का सर्वे कर यदि मरम्मत/सफाई करने योग्य हो तो कार्य योजना बनाकर ड्रेन/चेक डैमो को वास्तविक रूप दिया जाये।

## अवैध शराब की 60 पेटी सहित तस्कर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** निकाय चुनाव से दो दिन पूर्व पुलिस ने अबैध शराब का जखीरा बरामद किया है। एक आरोपी को भी पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल अनिल कुमार चौबे के साथ एसएसआई मो अकरम ने फोर्स के साथ जनपद मैनपुरी के अग्रवाल मोहल्ला निवासी अंतर्राजीय शराब तस्कर राजेश राठौर पुत्र श्रीचंद्र राठौर को नीब करोरी स्टेशन सेमोहम्मदाबाद तिराहे की तरफ से जाने वाले मार्ग पर 50 कदम दूर ग्राम शेखपुर खजुरी से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास 60 पेटी अवैध शराब कुल 528 लीटर 480 एमएल बरामद की। जिसकी अंतर्राजीय बाजार में कीमत 3 लाख 50 हजार रुपये बतायी गयी। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी राजेश हरियाणा पंजाब से सस्ती शराब लाकर यूपी व बिहार राज्य में सप्लाई करता था।

## नगर में रोड शो करेंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

**फर्रुखाबाद।** भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में ब्राह्मण मतदाताओं को एक जुट करने के लिये डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नगर में एक घंटे रोड शो करेंगे। जिसके बाद वह लखनऊ के लिये रवाना होंगे। दरअसल आगामी 11 मई को नगर निकाय के चुनाव होने है । जिसके चलते सभी पार्टियां अपने-अपने तरीके से प्रत्याशियों का माहौल बनाने में लगी है। लिहाजा सत्ताधारी भाजपा भी अपने प्रत्याशियों को जीत दिलानें के लिये पूरी ताकत झोंक रही है। उसी के तहत सूबे के उप मुख्यमंत्री आगामी 9 मई को नगर के गुरुगांव देवी मन्दिर से लेकर लाल दरवाजे तक भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनायेंगे ।

# रेलवे व लोहाई रोड में सपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी एकता सिंह ने अविनाश सिंह एवं हाजी अहमद अंसारी व महिला टीम के साथ अपना जनसंपर्क अभियान धुआधार रूप से जारी रखा। प्रत्याशी एकता सिंह ने रेलवे रोड और लोहाइ रोड के घने बाजार व आबादी में चुनाव के अंतिम चरण में वोट व जनसमर्थन मांगा और अविनाश सिंह विक्की ने बुजुर्गो के पैर छूकर 11मई को अपने वोट का आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। सभी दुकानदारों व जनता ने समाजवादी प्रत्याशी को जिताने का वादा किया। प्रत्याशी व टीम का कई दुकानों व घरों में माल्यार्पण कर जलपान कराया गया,खोया बाजार में विजय वर्मा के परिवारीजनो ने आवास पर प्रत्याशी व उसकी महिला एवम पुरुष टीम का माल्यार्पण कर जलपान कराकर स्वागत किया जिससे ऐसा लगा सपा प्रत्याशी सभी प्रत्याशियों से आगे चल रहा है। इसके अलावा अविनाश सिंह सिक्की ने भी अपनी टीम के साथ अपना धुआधार जनसंपर्क जारी रखा।

# प्रेम सिंह हत्याकांड के आरोपी तीन सगे भाईयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या किए जाने के सनसनीखेज मामले में थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या करने वाले तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त अवैध असलहा भी बरामद किया। जबकि अभी भी दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिरसी मजरे भलेवा गांव निवासी प्रेम सिंह लोधी (46) का लगभग नौ सालों से पड़ोसी धनंजय लोधी, कल्लू उर्फ विद्यासागर, रणधीर, अनिल व संजय सहित पांचों भाइयों का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर मवेशी बांधने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इस बीच एक पक्ष ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घटना में प्रेम सिंह की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बीच बचाओ कर रहे मृतक के भाई चंद्र किशोर और राम बहादुर भी घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में परिजनों ने उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने में हत्या किए जाने की तहरीर दी थी।

## अभय प्रताप बने पंचायत एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव



**फतेहपुर।** जनपद के ख्यातिलब्ध राजनीतिज्ञ एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप उर्फपप्पू सिंह को जिला पंचायत एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सिंह जनपद की बड़ी राजनैतिक हस्ती रहे स्व. ठाकुर युगराज सिंह के छोटे पुत्र हैं और उनके बड़े भाई उदय प्रताप उर्फमुन्ना सिंह कई दशक तक जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन रह चुके हैं। अभय प्रताप को राष्ट्रीय सचिव बनाए जानें पर जिला पंचायत सदस्यों व भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शिवपाल यादव ने रोड शो कर सपा प्रत्याशी के लिये मांगे वोट

**रूरा,** कानपुर देहात। सपा महासचिव व पूर्व काबीना मंत्री शिवपाल यादव ने पार्टी प्रत्याशी रमा देवी के लिये डेरापुर रोड से सिन्धी भट्ठा, मुख्य तिराहा, केबिन तिराहा, गांधीनगर, मेन रोड होते हुये नहर पुल तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रूरा की राजनीति में दिवंगत मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर का दबदबा रहा है, सिर्फ दो मौकों को छोड़कर पूर्व मंत्री के समर्थित प्रत्याशी ही जीत दर्ज करते रहे हैं। अपनी राजनैतिक विरासत को उन्होंने अपने जीवनकाल में अपने पौत्र नीरज सिंह को सौंप दिया था, नीरज ने भी अपने बाबा के विश्वास पर हर समय खरे उतरे, अपनी मॉ रमा देवी को रूरा नगर पॅचायत का अध्यक्ष का चुनाव जितवाने के बाद विपक्ष में रहते हुये मैथा ब्लाक प्रमुख के चुनाव में अपनी पत्नी अनुपमा सिंह को विजयश्री दिलाकर दोबारा कब्जा किया।



## कांग्रेस प्रत्याशी ने भारी जुलूस निकाल दिखाई ताकत

**रूरा, कानपुर देहात।** कांग्रेस प्रत्याशी रजोल शुक्ला ने भारी संख्या में लोगों के साथ जुलूस निकाल अपनी ताकत का अहसास करवाया। चुनाव के नामांकन से पूर्व भाजपा के जमीनी चेहरा रहे कॉग्रेस प्रत्याशी ने टिकट न मिलने पर बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे है, अपनी कर्मठता, जुझारूपन व उपलब्धता के चलते भाजपा से टिकट न मिलने पर उनके प्रति कस्बाईयों की सहानुभूति देखी जा रही है, सोमवार को चुनावी कार्यालय से मेन रोड होते हुये नहर पुल उसके बाद रामनगर, शिवाजीनगर, बजरॅगनगर, शास्त्रीनगर वार्डो से होते हुये उनका जुलूस वापस कार्यालय पहुंचा।

# पेज एक का शेष

## ईसी ने...

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को जारी अपने नोटिस में कहा कि विरोधी दलों की नीति और शासन की आलोचना संविधान में निहित एक गारंटीकृत अधिकार है और साथ ही भारत की चुनावी प्रक्रिया के तहत विभिन्न राजनीतिक नेताओं का एक आवश्यक कार्य है। आयोग ने कहा, हालांकि, इस अधिकार का प्रयोग करते हुए और इस आवश्यक कार्य को करते हुए, विभिन्न राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि वे सार्वजनिक विमर्श के उच्च मानकों को बनाए रखें और आदर्श आचार संहिता और प्रासंगिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों का पालन करें। इससे पहले भाजपा ने निर्वाचन आयोग का रुख कर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई करने और चुनाव प्रचार के दौरान कर्नाटक के लिए संप्रभुता शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर उनकी पार्टी की मान्यता रद्द करने की मांग की। पार्टी ने संप्रभुता शब्द के इस्तेमाल के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मुद्दे पर आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपा। पार्टी ने कहा, कर्नाटक भारत संघ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य राज्य है और भारत संघ के सदस्य राज्य की संप्रभुता की रक्षा करने का कोई भी आह्वान अलगाव के आह्वान के समान है और यह खतरनाक और घातक परिणामों से भरा हुआ है। संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी नेता तरुण चुघ ने जनप्रतिनिधित्व कानून का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की मान्यता रद्द कर दी जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता अनिल बलूनी और ओम पाठक भी शामिल थे। भाजपा ने इस मुद्दे पर गांधी के उस बयान की एक प्रति भी सौंपी, जिसे कांग्रेस ने ट्वीट किया था। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने भी बेंगलुरु में आयोग के समक्ष इस मामले में एक शिकायत दर्ज कराई। इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए कि परिभाषा के अनुसार संप्रभु एक स्वतंत्र राष्ट्र है, भाजपा ने शिकायत में कहा, जब कोई देश स्वतंत्र हो जाता है, तो उस देश को संप्रभु देश कहा जाता है। भारत एक संप्रभु देश है और कर्नाटक राज्य इसका एक गौरवशाली हिस्सा है। आज तक किसी ने भी राष्ट्र की संप्रभुता के साथ कन्नड़ लोगों की अखंडता के बारे में कोई सवाल नहीं उठाया। उधर, भाजपा के हमले पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्तारूढ़ पार्टी की हताशा को दिखाता है, जो किसी भी तरह चुनावी विमर्श को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत हैं। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा का आरोप फर्जी और झूठा है और उसने कर्नाटक के स्वाभिमान पर आघात किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की हताशा स्पष्ट है, क्योंकि वे कर्नाटक के विमर्श को अपने पक्ष में करने के लिए तिनके का सहारा लेने की कोशिश में हैं। हम प्रधानमंत्री की ओर से आगे बढ़ाए जा रहे इस फर्जीवाड़े और झूठ को खारिज करते हैं। प्रधानमंत्री इस सवाल का जवाब नहीं दे पाए कि भाजपा कर्नाटक के स्वाभिमान पर चोट क्यों कर रही है।

## मिग-21...

उन्होंने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार रत्ती राम का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और पास के घर को भी नुकसान पहुंचा है। मृतक महिलाओं की पहचान लीला देवी पत्नी रामप्रताप, बंतो कौर पत्नी लाल सिंह और बाशो कौर पत्नी रत्ती राम के रूप में हुई है। बहलोलनगर के एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि उसने तेज आवाज सुनी और पैराशूट नीचे आते देखा। उसने बताया कि चंद ही सेकंड में विमान रत्ती राम के घर पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके बाद घर में रखी लकड़ियों में आग लग गई। उसने घटनास्थल पर मौजूद मीडिया को बताया, 'स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी और रेत से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। दमकल और पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया।' घटना के तुरंत बाद वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर खेद जताते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने ट्वीट किया, सूरतगढ़ में भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मृत्यु होना दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत जनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना करता हूं। मृतकों के परिजनों को चिरंजीवी बीमा से नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी। हनुमानगढ़ की जिलाा कलेक्टर रुक्मणि रियार ने कहा कि प्रभावित परिवारों को 5-5 लाख रुपए (चिरंजीवी बीमा के तहत) का मुआवजा दिया जाएगा।

## पश्चिम बंगाल...

इस कदम से विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। भाजपा ने राज्य सरकार पर अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करने का आरोप लगाया, जबकि टीएमसी ने भाजपा पर 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले देशभर में सांप्रदायिक विमर्श बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## अमेरिका में...

वे सदमे में हैं। उन्हें बताया गया है कि ऐश्वर्या के शव को बुधवार तक (यहां भेजने के) प्रयास किए जा रहे हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने खबर दी है कि ऐश्वर्या अपने एक दोस्त के साथ खरीदारी कर रही थी, तभी डलास में एलन प्रीमियम आउटलेट में उन्हें गोली मार दी गई। गोलीबारी की घटना शनिवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे हुई थी, जब मॉल लोगों से भरा हुआ था। खबर के मुताबिक, 33 वर्षीय शूटर को पुलिस के एक अधिकारी ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## केरल नौका...

तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। केरल पुलिस का एक विशेष जांच दल मामले में जांच करेगा। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूर्व में पर्यटक नौकाओं के लिए सुरक्षा नियम बनाए थे और घटना के संबंध में इस बात की जांच की जाएगी कि इन नियमों का पालन किया जा रहा था या नहीं। उन्होंन यह भी सूचित किया कि अस्पताल में भर्ती 10 में से दो मरीजों को छुट्टी दे दी गई है और आठ का इलाज हो रहा है। नौका थूवलथीरम तट के निकट तानुर में शाम करीब साढ़े सात बजे डूब गई थी। राज्य सरकार ने सोमवार को एक दिवसीय शोक की घोषणा की है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

## स्वर्ण मंदिर...

जिससे एक धागा बाहर निकला हुआ था। अधिकारी ने कहा कि हो सकता है कि किसी राहगीर ने गलती से धागा खींच दिया हो और उपकरण गिर गया हो, जिससे विस्फोट हो गया हो। यादव ने दोनों घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, इस समय, हम किसी भी चीज से इनकार नहीं कर रहे हैं... यह किसी की शरारत हो सकती है, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगा कि यह शरारत है या इसमें कोई आतंकी पहलू है। उन्होंने कहा कि किसी शरारती तत्व का उद्देश्य राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ना भी हो सकता है, लेकिन इन सब बातों की जांच की जा रही है। डीजीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा, मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सब कुछ सामान्य है और हम शांति एवं सद्भाव बनाए रखेंगे। लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। पंजाब पुलिस राज्य की सुरक्षा को लेकर चौकस है। यादव ने लोगों से राज्य पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल देखने और अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया। अमृतसर के पुलिस आयुक्त नौनिहाल सिंह ने कहा कि करीब 30 घंटे के भीतर हुए दो विस्फोटों के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा, हमने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और जिस स्थान पर विस्फोट हुआ है, उसकी घेराबंदी कर दी गई है। पंजाब पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, सच्चाई का पता लगाने के लिए वह अमृतसर विस्फोट मामले की वैज्ञानिक और फॉरेंसिक जांच कर रही है। राज्य में कानून व्यवस्था, शांति और सद्भाव बनाए रखा जाएगा तथा शरारत करने वालों और अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। स्वर्ण मंदिर में पिछले 20 साल से रोजाना आने वाले जसबीर सिंह पट्टी ने कहा कि विस्फोटों ने श्रद्धालुओं में दहशत पैदा कर दी है और पुलिस को इन घटनाओं की गहन जांच करनी चाहिए। गत शनिवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया था और कुछ इमारतों की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे।

# भारत के साथ जुड़ कर सुरक्षित बनें

## ● अमेरिका के एनएसए ने भारत, यूएई के अपने समकक्षों, सऊदी के प्रिंस से मुलाकात की

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने सऊदी के क्राउन प्रिंस से और भारत तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्षों से सऊदी अरब में मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों तथा भारत और दुनिया के साथ जुड़े हुए समृद्ध एवं अधिक सुरक्षित पश्चिम एशिया के साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के मुद्दे पर बातचीत की। व्हाइट हाउस ने बताया कि बैठक रविवार को जेद्दा में हुई। व्हाइट हाउस ने रविवार को बैठक का ब्योरा बताते हुए कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारत एवं दुनिया के साथ जुड़े हुए समृद्ध एवं अधिक सुरक्षित पश्चिम एशिया के साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के मद्देनजर सऊदी अरब में सात मई को सऊदी के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन जायद अल नहयान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। व्हाइट हाउस ने कहा, सुलिवन ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा करने के लिए क्राउन प्रिंस, शेख तहनून और डोभाल के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर डोभाल के साथ और विचार विमर्श करने के लिए आशान्वित हैं। जनवरी में यहां महत्वाकांक्षी इंडिया यूएस आईसीईटी (इनीशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी) संवाद शुरू करने के बाद डोभाल और सुलिवन के बीच यह पहली बैठक है। सुलिवन फिलहाल सऊदी अरब की यात्रा पर हैं। क्राउन प्रिंस मोहम्मद के साथ बैठक के दौरान सुलिवन ने यमन में 15 महीने से जारी संघर्ष विराम में महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की और कई मुद्दों समेत युद्ध को खत्म करने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में जारी प्रयासों की सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा, सुलिवन ने सूडान से अमेरिकी नागरिकों को निकालने में सऊदी अरब के सहयोग के लिए क्राउन प्रिंस को धन्यवाद दिया। चारों प्रतिनिधि नियमित रूप से विचार विमर्श करते रहने और दिन भर हुई चर्चा में शामिल मुद्दों पर आगे की कार्वाई करने पर सहमत हुए। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने जेक सुलिवन और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच जेद्दा में बैठक की पुष्टि की। सरकारी समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया है कि दोनों नेताओं ने बैठक में साझा हित से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विकास सहित सऊदी-अमेरिकी रणनीतिक संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें कैसे बढ़ावा दिया जाए, इस पर चर्चा की।

# अमेरिका में गोलीबारी में भारतीय इंजीनियर सहित नौ लोगों की मौत

**भाषा।** ह्यूस्टन

**अमेरिकी** प्रांत टेक्सास के डलास में भीड़भाड़ वाले एक मॉल में एक बंदूकधारी द्वारा की गई गोलीबारी में एक भारतीय इंजीनियर समेत नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी की यह घटना शनिवार को एलेन प्रीमियम आउटलेट्स में अपराह्न करीब 03:30 बजे हुई। न्यूयॉर्क पोस्ट समाचार पत्र के अनुसार मैकिन्नी निवासी ऐश्वर्या थाटिकोंडा एक मित्र के साथ खरीदारी कर रही थीं, जब बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया ने गोलीबारी की। इस घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने 33 वर्षीय हमलावर गार्सिया को गोली मार दी। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिला अदालत में एक जिला न्यायाधीश की पुत्री ऐश्वर्या परफेक्ट जनरल कॉन्ट्रैक्टर्स कंपनी में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में काम कर रही थीं। उनके परिवार के एक प्रतिनिधि ने डब्ल्यूएफएए टेलीविजन स्टेशन से पुष्टि की कि इस हिंसा के पीड़ितों में ऐश्वर्या भी शामिल हैं। पीड़िता के पिता के एक मित्र के अनुसार, ऐश्वर्या ने शनिवार को घटना से पहले अपने परिवार से बात की थी और गोलीबारी की घटना के बाद उनके परिवार ने उन्हें फोन किया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। ऐश्वर्या के पिता के मित्र ने कहा, परिवार को मृत्यु की खबर रविवार को मिली। वे लोग सदमे में हैं। उन्हें बताया गया है कि ऐश्वर्या के शव को बुधवार तक (यहां भेजने के) प्रयास किए जा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### टेक्सास में बस अड्डे पर वाहन चालक ने भीड़ को रौंदा, आठ लोगों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में शरणार्थी शिविर के बाहर बस अड्डे पर बस का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर एक चालक ने अपना वाहन चढ़ा दिया जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्राउन्सविले पुलिस के जांचकर्ता लेफ्टिनेंट मार्टिन संडोवाल ने बताया कि यह घटना रविवार को शरणार्थी शिविर ओजानम सेंटर के पास स्थित बस अड्डे पर हुई। ब्राउन्सविले पुलिस ने आठ लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने बाद में दम तोड़ा। संडोवाल ने बताया कि वे लोग एक बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे थे तभी कार चालक ने उन्हें कुचल दिया गया। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकांश शरणार्थी थे और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। ओजानम सेंटर के निदेशक विक्टर माल्डोनाडो ने कहा, "यह बहुत भयावह था। हमने ऐसा कभी नहीं देखा" वहीं, ब्राउन्सविले पुलिस का कहना है कि चालक, एक हिस्पैनिक पुरुष है और वह ब्राउन्सविले का ही रहने वाला है, जो अब जेल में है।

### क्या कोरिया में पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियां पतन की ओर हैं?

**मांट्रियल।** कोरिया में परिवार संचालित कंपनी समूहों ने दशकों तक जिस विशेषाधिकार का आनंद उठाया है, अब शायद उसकी समाप्ति हो सकती है सैमसंग के उत्तराधिकारी और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ली जे-यंग को धोखाधड़ी, गबन और कोरिया के तत्कालीन राष्ट्रपति को रिश्वत देने के आरोप में पांच साल जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उन्हें अगस्त 2022 में सजा के बीच में ही राष्ट्रपति की ओर से विशेष माफी दे दी गई। ली को तत्कालीन राष्ट्रपति पार्क गियुन-हे के एक मित्र की बेटी के लिए आठ लाख डॉलर का घोड़ा खरीदने के वास्ते कंपनी के कोष में गबन समेत अन्य अपराधों के लिए 2018 में जेल की सजा सुनाई गई थी। सरकार ने यह दावा करके उन्हें माफी देने के फैसले को उचित ठहराया था कि कोरिया की सबसे प्रतिष्ठित कंपनी को कामकाज बढ़ाने के लिए उनकी जरूरत है। ली को जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद कंपनी की जिम्मेदारी दे दी गई। सैमसंग, ह्युंदै और एलजी समूह जैसी इन परिवार संचालित कंपनियों ने 1961 से 1997 के बीच कोरिया की बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दिया और कोरिया की घरेलू अर्थव्यवस्था में लंबे समय तक अधिपत्य रखा। हालांकि इस तरह के समूहों (चैबल) के प्रति जनता का नजरिया साफ नहीं है।

### अमेरिका : मियामी बीच नाइटक्लब में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, दो महिलाएं घायल

**मियामी बीच (अमेरिका)।** अमेरिका के मियामी बीच नाइटक्लब में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मियामी बीच पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अधिकारियों को शहर के साउथ बीच इलाके में स्थित गाला नाइट क्लब में सुबह चार बजे से पहले गोली चलने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने गोलीबारी में घायल हुए एक व्यक्ति और दो महिलाओं को मियामी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां घायल व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि फिलहाल महिलाओं के ठीक होने की उम्मीद है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी है और ना ही किसी संदिग्ध की पहचान या गोली चलाने के मकसद के बारे में कुछ बताया है। मियामी बीच पर हाल के महीनों में सप्ताहांत में गोलीबारी की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

### यूक्रेन ने कीव के ऊपर 35 ड्रोन मार गिराए, रूसी हमलों में चार की मौत



**भाषा।** कीव

**यूक्रेन** ने कीव के ऊपर ईरान में निर्मित 35 ड्रोन मार गिराए। दूसरी ओर यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में रूस के हमलों में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेर्ही पोपको के मुताबिक, ड्रोन का मलबा गिरने से राजधानी में पांच लोग घायल हो गए। रात के दौरान तीन घंटे से अधिक समय तक हवाई हमले का अलार्म बजता रहा। कीव के मेयर विताली क्लित्सको ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि ड्रोन का मलबा कीव के पश्चिमी सिवातोशिन्स्की जिले में दो मंजिला इमारत पर गिरा, जबकि शेष मलबा पास में खड़ी एक कार पर गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में 127 ठिकानों पर रूसी गोलाबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि रूस के लंबी दूरी के बमवर्षकों ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में आठ क्रूज मिसाइलें दागीं। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए।

### नेपाल पुलिस ने 10 भारतीयों को पकड़ा

**काठमांडू।** काठमांडू में फर्जी दस्तावेज दिखाकर गैरकानूनी तरीके से नेपाल की नागरिकता हासिल करने के आरोप मे तीन महिलाओ समेत 10 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक रवींद्र रेगमी ने बताया कि काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय के दल ने शनिवार को काठमांडू के विभिन्न हिस्सो से भारतीय नागरिकों को पकड़ा। ए सभी बिहार के रहने वाले है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें से सात पुरुष और तीन महिलाएं है। काठमांडू घाटी पुलिस कार्यालय ने रविवार को अपने कार्यालय मे एक संवाददाता सम्मेलन मे उनकी पहचान उजागर की।

### आसियान सम्मेलन आज से इंडोनेशिया के लाबुआन बाजो में

**लाबुआन बाजो (इंडोनेशिया)।** विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशो के नेता इस बार किसी प्रसिद्ध स्थान के बदले एक छोटे लेकिन सुरम्य पर्यटन स्थल मे बैठक करेंगे। बैठक का एजेंडा जितना गंभीर है, आयोजन स्थल उतना ही नयनाभिराम है। आसियान सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो रहा है। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो ने विवादास्पद मुद्दो पर चर्चा के लिए दूर-दराज के बंदरगाह शहर लाबुआन बाजो को चुना है।

### पाकिस्तान, टीटीपी बातचीत के लिए एक साथ बैठे

**इस्लामाबाद।** अफ्गानिस्तान की अंतरिम तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने हाल के महीनो मे पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर घातक हमलों में वृद्धि के बीच पाकिस्तान तथा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से बातचीत के लिए एक साथ बैठने को कहा है। जियो न्यूज ने बताया कि द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय संवाद मे भाग लेने के लिए पाकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर आए मुत्ताकी ने सोमवार को इस्लामाबाद मे एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान तथा टीटीपी से संवाद के लिए एक साथ बैठने का अनुरोध किया जाता है।

### सीरिया में आईएस की महिलाओं को रकम भेजने के लिए आरोपित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य वर्जीनिया मे 33 वर्षीय एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) की महिलाओं को सीरियाई शरणार्थी शिविर से बाहर निकालने के लिए हजारों डॉलर स्थानांतरित करने का आरोप लगाया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। वाशिंगटन पोस्ट समाचार-पत्र की हाल ही मे प्रकाशित एक खबर मे बताया गया है कि मोहम्मद अजहरुद्दीन छीपा ने सीरिया मे अल-होल शरणार्थी शिविर मे रह रही आईएस महिलाओ के लिए धन जुटाने के वास्ते सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया तथा हिंसक जिहाद के लिए ऑनलाइन समर्थन दिया।

### जामिल ने यू के ऑडिशन से अपना नाम वापस लिया

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री-मॉडल जमीला जामिल ने खुलासा किया है कि उन्होने यू के चौथे संस्करण के ऑडिशन से अपना नाम वापस ले लिया है क्योकि वह अंतरंग दृश्यो को अभिनीत करने मे सहज महसूस नही करती है। द गुड प्लेस की अभिनेत्री ने पॉडक्रड पॉडकास्ट पर अपने विचार साझा किए जिसकी मेजबानी यू के कलाकारो पेन बैजली, नवा कावेलिन और सोफिया अंसारी ने की थी। जामिल ने कहा, अपराध की पृष्ठभूमि पर आधारित इस सीरीज के हालिया सीजन के लिए पहले मै ऑडिशन देने वाली थी लेकिन जब मुझे पता चला कि मेरा किरदार थोड़ा बहुत कामुकता से प्रेरित होने वाला है तो मैने ऑडिशन से अपने हाथ खीच लिए क्योकि मै बहुत शर्मीली हूं और इस तरह के किरदार को करने मे मुझे शर्म आती है।

# संबंधों में आई गिरावट पर अमेरिका गहराई से विचार करे : चीन

**भाष।** बीजिंग



**चीन के** विदेश मंत्री छिन कांग ने सोमवार को अमेरिकी राजदूत से कहा कि दोनों देशों के संबंधों में आई गिरावट के लिए अमेरिका जिम्मेदार है और उसे इस बारे में गहराई से विचार करना चाहिए ताकि संबंध वापस पटरी पर लौट सकें। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांग की टिप्पणी दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर गंभीर बातचीत के स्थगित होने के बाद आई है। इन मुद्दों में शुल्कों को लेकर मतभेद, अमेरिका द्वारा चीन को अत्याधुनिक तकनीक से वंचित करने का प्रयास और ताइवान एवं दक्षिण और पूर्वी चीन सागर के बड़े हिस्से पर चीन के दावे आदि शामिल हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार कांग ने राजदूत निकोलस बर्न्स से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी नेता शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक के बाद "अमेरिका के गलत शब्दों और कदमों की श्रृंखलो ने दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कांग के हवाले से कहा,अमेरिकी पक्ष को गहराई से विचार करना चाहिए... चीन-अमेरिका संबंधों को मुश्किल दौर से बाहर निकाल कर वापस पटरी पर लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका को "चीन के बारे में अपनी समझ को दुरुस्त करना चाहिए और वास्तविकता की ओर लौटना चाहिए। कांग ने एक बार फिर अपने पहले के आरोपों को दोहराया कि अमेरिका चीन को दबाने और नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है।

### चैटजीपीटी का दुरुपयोग कर ट्रेन दुर्घटना की फर्जी खबर गढ़ने और प्रसारित करने के आरोप में चीन में पहली गिरफ्तारी

**बीजिंग।** चीन की पुलिस ने कथित तौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर ट्रेन दुर्घटना की फर्जी खबर गढ़ने और विभिन्न सोशल मीडिया खातो के माध्यम से प्रसारित करने के आरोप मे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि चीन मे चैटजीपीटी के दुरुपयोग के मामले मे यह पहली गिरफ्तारी है। उत्तरी पश्चिमी गासू प्रांत की पुलिस ने रविवार को जारी एक बयान मे कहा कि हांग उपनाम वाले संदिग्ध को कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर फर्जी और झूठी सूचना गढ़ने के आरोप मे हिरासत मे लिया गया है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार मे सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, काउंटी पुलिस ब्यूरो के साइबर प्रकोष्ठ का सबसे पहले ध्यान इस खबर पर गया, जिसमे दावा किया गया था कि 25 अप्रैल को लोकल ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ लोगों की मौत हो गई।

### चीन के विदेश मंत्री की अमेरिकी राजदूत के साथ बैठक के बाद द्विपक्षीय वार्ता बहाल होने की अटकलें

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने सोमवार को अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स से यहां मुलाकात की, जिस दौरान उन्होंने (कांग ने) बीजिंग के प्रति अमेरिका की नीतियों की कड़ी आलोचना की। हालांकि, चीन के मंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को स्थिरता देने की अपील करते हुए कहा कि यह एक शीर्ष प्राथमिकता है। कांग पहले अमेरिका में चीन के राजदूत थे और उसके बाद उन्हें विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। विदेश मंत्री बनने के बाद कांग की बर्न्स के साथ यह पहली बैठक थी। इस बैठक से इन अटकलों ने जोर पकड़ा है कि दोनों देश इस साल फरवरी से अटकी अपनी वार्ता फिर शुरू करने के नजदीक हैं। एक चीनी जासूसी गुब्बारे को अमेरिका द्वारा मार गिराए जाने के बाद यह वार्ता रूक गई थी। गुब्बारे से जुड़ी घटना के बाद, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपनी बीजिंग यात्रा स्थगित कर दी थी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि यह बैठक एक सामान्य कूटनीतिक व्यवस्था थी। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार कांग ने बर्न्स से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक के बाद अमेरिका के श्रृंखलाबद्ध गलत शब्दों और कदमों ने दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कांग के हवाले से कहा, अमेरिकी पक्ष को गहराई से विचार करना चाहिए... चीन-अमेरिका संबंधों को मुश्किल दौर से बाहर निकाल कर वापस पटरी पर लाना चाहिए।

# ईरान में ईशनिंदा के मामले में दो लोगों को फांसी दी गई

**भाषा।** दुबई

**ईरान में** ईशनिंदा के मामले में सोमवार को दो लोगों को फांसी दे दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। ईरान दुनियाभर में सबसे अधिक फांसी देने वाले देशों में शामिल है। ऑस्लो में स्थित समूह ईरान ह्यूमन राइट्स के अनुसार इस साल की शुरुआत से अब तक कम से कम 203 कैदियों को फांसी दी जा चुकी है। हालांकि ईशनिंदा के मामलों में फांसी दिया जाना दुर्लभ रहा है। पिछले मामलों में देखा गया है कि अधिकारियों ने ईशनिंदा के मामलों में सजा कम कर दी थी। अमेरिका अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, सोमवार को मध्य ईरान की अराक जेल में यूसुफ मेहराद और सदरउल्ला को फांसी दी गई। उन्हें टेलीग्राम ऐप पर अंधविश्वास और धर्म के आलोचक शीर्षक वाले संदेश में शामिल होने के आरोप में मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था। आयोग ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को एकान्त कारावास में रखा गया था और परिवार वाले उनसे संपर्क नहीं कर सकते थे। ईरान की न्यायपालिका की मीजान समाचार एजेंसी ने पैगंबर मुहम्मद पर सवाल उठाने, उनका अपमान करने और नास्तिकता को बढ़ावा देने के आरोप में दोनों व्यक्तियों को फांसी की सजा देने की पुष्टि की।

# कराची में भारतीय कैदी की मौत

## ● पाक 12 को 199 भारतीय मछुआरों को रिहा करेगा

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तानी** प्रशासन द्वारा एक सद्भावनापूर्ण कदम उठाते हुए, अपने जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 199 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा करने की उम्मीद की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान एक अन्य भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जिसे 199 मछुआरों के साथ प्रत्यावर्तित किया जाना था। सिंध में जेल और सुधार विभाग के एक शीर्ष पुलिस अधिकारी काजी नजीर ने कहा कि उन्हें संबंधित सरकारी मंत्रालयों द्वारा 199 मछुआरों को शुक्रवार को रिहा करने और उन्हें उनके देश भेजने की तैयारी करने के लिए कहा गया है। इन मछुआरों को लाहौर भेजा जाएगा और वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। ए मछुआरे फिलहाल यहां लांधी जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक जुल्फिकार की बीमारी के कारण शनिवार को कराची के एक अस्पताल में मौत हो गई। जुल्फिकार को भी मछुआरों के साथ रिहा किया जाना था। उन्होंने कहा, लांधी जेल के अधिकारियों के मुताबिक भारतीय कैदी ने तेज बुखार और सीने में तकलीफ की शिकायत की थी और पिछले हफ्ते उसकी हालत बिगड़ गई थी। उसे अस्पताल भेजा गया, जहां फेफड़ों में संक्रमण के कारण उसकी मौत हो गई। इन भारतीय मछुआरों को लाहौर तक पहुंचाने और जेलों में उन्हें अन्य सहायता मुहैया कराने वाले एधी कल्याण ट्रस्ट के एक अधिकारी ने जुल्फिकार की मौत के संदर्भ में बताया कि लांधी और मलीर जेल में पर्याप्त व्यवस्था और सुविधाएं नहीं हैं तथा बीमार कैदियों को नियमित रूप से तथा समुचित इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ता है। अधिकारी ने बताया जेल के डॉक्टर तथा अस्पताल में गंभीर बीमारियों के मरीजों के इलाज के लिए समुचित सुविधाएं और उपकरण नहीं हैं और वे मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की सिफारिश करते हैं लेकिन कई बार बहुत देर हो चुकी होती है। पाकिस्तान इंडिया पीपल्स फोरम फॉर पीस एंड डेमोक्रेसी के अनुसार, वर्तमान में 631 भारतीय मछुआरे और एक अन्य कैदी जेल की सजा पूरी करने के बावजूद कराची की लांधी और मलीर जेल में बंद हैं।

### सूडान चिकित्सकः सशस्त्र लड़ाकों की झड़पों में कम से कम सौ लोग मारे गए

**काहिरा।** सूडान के अशांत इलाके दार्फुर में सशस्त्र लड़ाकों के बीच झड़पों में पिछले माह कम से कम सौ लोग मारे गए थे। सूडान के डाक्टर्स सिंडिकेट ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों के संगठन ने रविवार देर रात अपने आधिकारिक फेसबुक पेज में एक बयान में कहा कि दार्फुर के जेनेना शहर में अस्पताल काम नहीं कर रहे हैं, घायलों की वास्तविक संख्या के बारे में बता पाना मुश्किल है। जेनेना में हिंसा उस वक्त हुई जब दो प्रतिद्वंद्वी जनरलों ने राजधानी खार्तुम में एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस लड़ाई से यह भी संकेत मिलता है कि राजधानी के अलावा पूरे देश में हिंसा की घटनाएं हो सकती हैं। चिकित्सकों के संगठन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जनरल अब्देल फताह बुरहान नीत सेना तथा जनरल मोहम्मद हमदान दालगो नीत रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच हिंसा हुई थी।

# पेरू में सोने की खदान में आग, 27 की मौत : अधिकारी



**भाषा।** लीमा

**दक्षिणी पेरू में** सोने की एक खदान में भीषण आग लगने से रात्रि पाली के दौरान वहां काम कर रहे कम से कम 27 मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खदान कंपनी यानाक्विहुआ ने एक बयान में कहा कि शनिवार तड़के दुर्घटना के बाद कुल 175 मजदूरों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला गया। बयान में कहा गया है कि जान गंवाने वाले 27 मजदूर एक ठेकेदार के लिए काम करते थे, जो खनन प्रक्रिया का प्रशिक्षण देता है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मीडिया में आई कुछ खबरों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि सतह से लगभग 100 मीटर नीचे स्थित खदान के एक हिस्से में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट हुआ। लोक मंत्रालय ने कहा है कि जांचकर्ता घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# लोगों पर बुध के वक्री होने का होगा असर

## ● शिकायत कर रहे है, क्या है इसका मतलब

**भाषा।** सिडनी

**बुध सूर्य के** सबसे निकट का ग्रह है, जो पृथ्वी के 365.25 दिनों की तुलना में हर 88 दिनों में हमारे तारे के चारों ओर घूमता है। जब सूर्य लगभग 5 अरब वर्षों में लाल महाकाय बनने के लिए फैलेगा, तो सबसे पहले नष्ट होने वाला ग्रह भी बुध ही होगा। इसलिए यह थोड़ा अटपटा लगता है कि हम अपनी सभी समस्याओं के लिए वर्ष में तीन से चार बार बुध को दोष देते हैं जब वह प्रतिगामी होता है। लेकिन इसका क्या मतलब है जब हम कहते हैं कि बुध प्रतिगामी है?कक्षाओं का मामला: प्रतिगामी गति का अर्थ है कि कोई ग्रह सूर्य के चारों ओर सामान्य से विपरीत दिशा में घूम रहा है। हालाँकि, ग्रह वास्तव में कभी भी दिशा नहीं बदलते हैं। हम जिस बारे में बात कर रहे हैं वह स्पष्ट प्रतिगामी गति है, जब पृथ्वी पर हमें ऐसा लगता है कि कोई ग्रह आकाश में अपनी सामान्य गति के विपरीत दिशा में घूम रहा है। बुध चूंकि सूर्य के सबसे निकट है और इसकी सबसे तेज़ कक्षा है, यह किसी भी अन्य ग्रह की तुलना में आकाश में अधिक बार पीछे की ओर चलता हुआ प्रतीत होता है।आइए मेरे कुत्ते एस्ट्रो का उपयोग यह समझाने में मदद करने के लिए करें कि क्या होता है जब हम किसी ग्रह को वक्री अवस्था में देखते हैं। अगर मैं एस्ट्रो को अपने स्थानीय क्रिकेट मैदाान पर दौड़ने के लिए ले जाता हूं, तो वह अंदर की तरफ तेज रफ्तार से दौड़ता है, जबकि मैं बाहर बहुत धीमी गति से दौड़ता हूं।अगर हम दोनों क्रिकेट पिच के चारों ओर घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में दौड़ रहे हैं, तो जब एस्ट्रो मेरे लिए अंडाकार परिधि की विपरीत दिशा में होता है तो ऐसा लगता है कि वह बाईं ओर जा रहा है जबकि मैं दाईं ओर जॉगिंग कर रहा हूं। लेकिन जब वह मेरी तरफ अंडाकार परिधि के एक ही तरफ पहुंच जाता है, तो अचानक ऐसा लगता है कि वह बाएं (प्रतिगामी) के बजाय दाएं भाग रहा है।ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एस्ट्रो मुझसे बहुत तेज चल रहा है, और अंडाकार परिधि की मेरी कक्षा के अंदर है।बुध की कक्षा चूंकि पृथ्वी की कक्षा के अंदर है, इसे अपने ग्रह से देखना मेरे लिए एस्ट्रो रन देखने जैसा है। लेकिन ऐसा करने वाला बुध अकेला ग्रह नहीं है। शुक्र भी सूर्य की हमारी कक्षा के भीतर परिक्रमा करता है, हर 224.7 दिनों में एक बार चक्कर लगाता है। इसका मतलब है कि शुक्र हर तीन साल में दो बार वक्री होता है। कोन-कौन से प्रतिगामीः यह दूसरे तरीके से भी काम करता है। हमारी कक्षा के बाहर के ग्रह (मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून) भी वक्री हो जाते हैं। इसे समझने के लिए, हमें अपने परिप्रेक्ष्य को बदलने की जरूरत है। एस्ट्रो निश्चित रूप से एक गहन विचारक नहीं है, लेकिन आइए एक पल के लिए कल्पना करें कि वह है और सोचें कि वह अंडाकार के चारों ओर दौड़ते हुए क्या देखता है।

### अधिकांश समय प्रतिगामी होता है

यदि हम पृथ्वी के अलावा सात ग्रहो पर विचार करें, तो कम से कम एक ग्रह 2023 के 244 दिनों के लिए प्रतिगामी होता है - यह वर्ष का लगभग दो-तिहाई है।यदि हम बौने ग्रहो प्लूटो और सेरेस (और सौर मंडल में अन्य सात बौने ग्रहो को छोड़कर) को शामिल करते है, तो कम से कम एक ग्रह या बौना ग्रह 2023 के 354 दिनों के लिए प्रतिगामी है, बिना किसी प्रतिगामी गति के केवल 11 दिन छोड़कर। मुझे लगता है कि पृथ्वी पर ग्रहों का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि हर बार जब हम रात के आकाश की ओर अपनी आँखे (और अपनी दूरबीन) घुमाते है तो आश्चर्य और खुशी महसूस करते है। दूसरी ओर, एस्ट्रो तब तक खुश रहता है जब तक वह अंडाकार परिधि के चारो ओर दौड़ता है और पॉसम पर भौंकता है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to all general public that my Client **Smt. Sheela (UID No 759314851340) W/o Late Gyan Chand R/o H.No.57,Bharat Nagar,New Friends Colony,New Delhi 110025,** has disowned her Daughters **(1) Lalita Tomar (UID No. 509888508644) (2) Sonia Sharma (UID No. 462158438670) (3) Nisha Sharma (UID No. 593892693631)** from all their immoveable and moveable properties as he is not under our control. If anybody deals with **Ms. Lalita Tomar, Ms, Sonia Sharma & Ms. Nisha Sharma** in any manner then she/he himself would be responsible and liable for that dealing and We will not be responsible and liable for that dealing in any manner.

**Advocate: Devendra Kumar**
**Ch. 89, Patiala House Courts**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, **I, Munindra Dvivedi, S/o Shri Ashok Dvivedi,R/o House No.365, Street No.13,Block-D,Laxmi Nagar,Delhi-110092, acting and on behalf of Mrs. Shehla Moonis,** who is the co-owner and in physical possession of Flat No.65, on Second Floor, in Pocket-2,Category-III,SFS Flats,situated at Katwaria Sarai Residential Scheme, Katwaria Sarai,New Delhi,which has been allotted by **DDA vide File No.F.99(36)1983/SFS/ KS/III** and applied for conversion from lease hold into free hold of said flat in D.D.A. The original Allotment/Allocation Letter, Fifth and Final Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water and Electric connection, and all original Bank Challans and other related documents of said flat have been lost. An F.I.R. to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9958097420 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this flat can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I, D Block 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

# जी20 को जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर नजर रखनी चाहिए : कांग्रेस

## ● आयोजन से साबित होता है कि कश्मीर अब एक शांतिपूर्ण गंतव्य : भाजपा

**भाषा।** श्रीनगर

**विपक्षी** दलों कांग्रेस और पीडीपी ने सोमवार को कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर में जी-20 कार्यक्रम आयोजित कर स्थिति को सामान्य दिखाना चाहती है, जबकि केंद्रशासित प्रदेश में आपातकाल जैसी स्थिति है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए कहा कि जी20 कार्यक्रम के आयोजन से साबित होता है कि कश्मीर अब एक शांतिपूर्ण गंतव्य है। जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष वकार रसूल वानी ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा, जी20 देशों को भी आंतरिक रूप से जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर नजर रखनी चाहिए। यहां लोकतंत्र का सफाया हो गया है, भाजपा ने आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहर की सड़कों को नष्ट कर दिया है और अब जी20 प्रतिनिधियों को प्रभावित करने के लिए वह होर्डिंग लगा रही है। वानी ने कहा, वे जी20 को सड़कें दिखा रहे हैं, सड़कों को नष्ट कर दिया गया है, अब केवल तस्वीरें लगाई जा रही हैं ... जी20 को जम्मू-कश्मीर में आंतरिक स्थिति, लोकतंत्र की कमी, एक (निर्वाचित) विधानसभा की अनुपस्थिति, राज्य का दर्जा छीने जाने और राज्य के विभाजन के बारे में भी पता होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उन्हें घाटी में जनसभाएं करने की अनुमति नहीं दी गई लेकिन भाजपा के समान विचारधारा वाले दलों को लगातार ऐसा करने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने बारामूला, बडगाम, कुपवाड़ा और किश्तवाड़ में रैलियां करने की अनुमति के लिए आवेदन



किया था, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। अपनी पार्टी और डीपीएपी जैसे अन्य दलों को लगातार अनुमति मिल रही है।

वानी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सरकार जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करने का दावा किया है। लेकिन लक्षित हत्याओं में कोई कमी नहीं आई है। एक महीने में, हमने राजौरी में 10 सैनिकों को खो दिया है। भाजपा केवल चुनाव प्रचार के लिए कश्मीर का उपयोग करती है। वहीं, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के महासचिव गुलाम नबी लोन हंजूरा ने कहा कि हालांकि कश्मीर में जी20 कार्यसमूह की बैठक आयोजित करने से घाटी में पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है, लेकिन सरकार का मुख्य उद्देश्य केंद्रशासित प्रदेश में स्थिति को गलत तरीके से सामान्य दिखाने का है।

हंजूरा ने यहां संवाददाताओं से कहा, जी20 कार्यक्रम आयोजित करना अच्छा है और इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हालांकि, जमीनी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है, खासकर अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद। मुझे लगता है कि यहां कश्मीर में जी20 कार्यक्रम आयोजित करके, वे विश्व स्तर पर एक संदेश देना चाहते हैं कि कश्मीर में सबकुछ ठीक है। पीडीपी नेता ने कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति अच्छी नहीं है, क्योंकि राजौरी और पुंछ में आतंकवाद से जुड़ी हिंसा की दो घटनाएं हुई हैं। सबसे पहले, मैं इन घटनाओं की कड़ी निंदा करता हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि पीडीपी का मानना है कि बंदूकें समाधान नहीं हैं। मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा सरकार इसे नहीं मान पा रही है। वे बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं। यहां तक कि, उदाहरण के लिए, यदि युद्ध 100 वर्षों तक चलता है, तो भी समाधान अंततः बातचीत के माध्यम से ही होता है। हंजूरा ने कहा कि कश्मीर के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अधिकारियों ने जी20 बैठक से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पाकिस्तान पर एक और सर्जिकल स्ट्राइक की मांग पर उन्होंने कहा, पहले सर्जिकल स्ट्राइक के बाद स्थिति जस की तस है।

# कर्नाटक में पीएम ने 3,000 लोगों से किया संवाद

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पिछले सात दिनों में डेढ़ दर्जन जनसभाओं को संबोधित किया और आधा दर्जन के करीब रोड शो किए, लेकिन उनके इस चुनाव प्रचार एक कम ज्ञात पहलू यह रहा कि उन्होंने इस दौरान लगभग 3,000 लोगों के साथ मुलाकात भी की, जिनमें पार्टी के पुराने व नए कार्यकर्ताओं के साथ समाज के प्रबुद्ध लोग भी शामिल थे।

सूत्रों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अपने प्रचार अभियान के अंतिम दिन लगभग 430 लोगों से मुलाकात की, जबकि एक दिन पहले उन्होंने लगभग 450 लोगों के साथ संवाद किया था।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रैलियों और उड़ान यात्राओं से पहले और बाद में लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलने का कार्यक्रम बनाया। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने 5 मई को 300 से अधिक लोगों के साथ संवाद किया।कुल मिलाकर, मोदी ने दक्षिणी



राज्य में 18 रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने 27 अप्रैल को डिजिटल माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया था।प्रधानमंत्री ने छह रोड शो का भी नेतृत्व किया, जिसमें तीन बेंगलुरु में और एक-एक मैसूर, कलबुर्गी और तुमकुरु में हुए।सूत्रों ने कहा कि प्रचार के दौरान उनसे मिलने वाले लोगों का चयन पार्टी कार्यकर्ताओं, पेशेवरों और शहर के प्रमुख नागरिकों के अच्छे मिश्रण को सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक किया गया था। उन्होंने अपनी एक ऐसी ही बातचीत के दौरान पद्म पुरस्कार विजेताओं से भी मुलाकात की थी।उन्होंने कहा, ए बातचीत काफी निजी होती है। पार्टी के सदस्यों के साथ उनकी बातचीत भी बहुत महत्वपूर्ण है। बहुत से लोग उन्हें उनके साथ अपनी पिछली बातचीत के बारे में बताते हैं। कुछ लोग उन्हें बताते हैं कि उनके पिता उनके साथ काम करते थे। अगर कोई पुराना सदस्य है, जिसे प्रधानमंत्री पहचानते हैं, तो उन्होंने उसके परिवारों के बारे में पूछताछ भी की। सूत्रों ने कहा कि जब अनुभवी कार्यकर्ता मोदी के साथ अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हैं, तो इससे पार्टी के साथ उनके बंधन को और मजबूत करने में भी मदद मिलती है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलने वाले लोगों की तस्वीरें उस शहर में अक्सर वायरल होती रहती हैं।मोदी ने भाजपा के प्रचार अभियान का नेतृत्व किया है, क्योंकि वह राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। कर्नाटक में 1985 के बाद से कोई सत्ताधारी पार्टी सत्ता में वापसी करने में विफल रही है।

## डीजीसीए ने गो फर्स्ट को टिकट बुकिंग रोकने को कहा, नोटिस भी जारी

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट को अपनी उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग फौरन रोकने का सोमवार को निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन को सुरक्षित, दक्ष एवं विश्वसनीय ढंग से परिचालन कर पाने में नाकाम रहने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। गो फर्स्ट ने पहले से ही 15 मई तक टिकटों की रोक दी है। इसके साथ ही 12 मई तक एयरलाइन ने अपनी उड़ानें निरस्त की हुई है। पिछले सप्ताह एयरलाइन ने इंजन आपूर्ति समय पर न होने से पैदा हुए वित्तीय संकट का हवाला देते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष स्वैच्छिक दिवाला समाधान अर्जी भी लगा दी। इस याचिका पर सुनवाई हो चुकी है और फैसला अभी सुरक्षित रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, गो फर्स्ट में संकट गहराने के बाद डीजीसीए ने उसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली टिकट बुकिंग अगले आदेश तक फौरन रोकने को कहा है। इसके अलावा 15 दिन के भीतर विमान परिचालन नहीं कर पाने पर जवाब देने को भी कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि गो फर्स्ट से मिलने वाले जवाब के आधार पर ही उसे दिए गए विमान परिचालन प्रमाणपत्र (एओसी) को जारी रखने के बारे में कोई फैसला लिया जाएगा।

## मानुषी छिल्लर बनी ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** एस्टी लॉडर ने उभरती बॉलीवुड स्टार एवं पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को अपने नवीनतम ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित किया है। इससे पहले मानुषी ने एस्टी लॉडर इंडिया के एडवांस्ड नाइट रिपेयर कैंपेन फॉल 2022 के चेहरे के रूप में काम किया था और अब भारत के डबल वियर स्टे-इन-प्लेस मेकअप के अपकमिंग कैंपेन में दिखाई देंगी, जो कि इस महीने के अंत में शुरू होगा। इसके अलावा मानुषी अब इमान हम्माम, अदुत अकेच, एना डी अरामस, अमांडा गोर्मन, बियांका ब्रैंडोलिनी डीआड्डा, कैरोलिन मर्फी, ग्रेस एलिजाबेथ, कार्ली क्लॉस, कोकी एवं यांग मी सहित एस्टी लॉडर के ग्लोबल टैलेंट के वर्तमान रोस्टर में शामिल हो गई हैं। एस्टी लॉडर एंड एरिन ब्यूटी के ग्लोबल ब्रांड प्रेसिडेंट जस्टिन बॉक्सफोर्ड ने कहा, एस्टी लॉडर परिवार में मानुषी का स्वागत करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं। उनकी बढ़ती लोकप्रियता के अलावा, मानुषी का भारत एवं उसके बाहर पॉजिटिव सोशल चेंज (सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन) लाने के लिए डेडिकेटेड प्लेटफार्म का उपयोग हमें दुनिया भर में महिलाओं की उन्नति के लिए अपने ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सक्षम करेगा। एस्टी लॉडर इंडिया की ब्रांड मैनेजर दीक्षिता शुक्ला ने कहा, भारत भर की युवा महिलाओं के लिए एक इंस्पिरेशन के रूप में, मानुषी हमारी ब्रांड फिलॉसफी, ब्यूटी विद अ पर्प का प्रतीक हैं।

# आरएसएस का 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

**भाषा।** नागपुर




**भारत** के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 682 स्वयंसेवक महाराष्ट्र के हेडगेवार स्मृति मंदिर में सोमवार को शुरू हुए 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। स्मृति मंदिर रेशमबाग क्षेत्र में स्थित एक स्मारक है जो के. बी. हेडगेवार और एम. एस. गोलवलकर को समर्पित है। हेडगेवार आरएसएस के पहले जबकि गोलवलकर दूसरे सरसंघचालक थे। संघ के अखिल भारतीय संयुक्त महासचिव रामदत्त ने संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के कामकाज में प्रशिक्षण की महती भूमिका होती है। उन्होंने कहा, कष्ट के समय भी आनंद की अनुभूति साधना कहलाती है और संघ शिक्षा प्रशिक्षण वह साधना है। जैसे किसान बीज बोता है, वैसे ही संघ शिक्षा वर्ग के दौरान स्वयंसेवकों में संस्कारों के बीज बोए जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को न केवल समाज के समक्ष प्रश्नों पर चर्चा करनी चाहिए, बल्कि उन्हें इन प्रश्नों के समाधान का भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि आरएसएस जल्द ही वर्ष साल का हो जाएगा, ऐसे में प्रशिक्षुओं को संघ के विस्तार में अपनी भूमिका के बारे में सोचना चाहिए। पच्चीस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जून को संपन्न होगा।

# जितेन्द्र सिंह ने की विज्ञान मीडिया संचार की समीक्षा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री जितेन्द्र सिंह ने पारदर्शिता लाने के लिए वैज्ञानिकों को दिए जाने वाले पुरस्कारों को युक्तिसंगत बनाने तथा विज्ञान मीडिया संचार प्रकोष्ठ (एसएमसीसी) की स्थापना की स्थिति की सोमवार को समीक्षा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बयान के अनुसार, सिंह ने कहा कि एक बार विज्ञान मीडिया संचार प्रकोष्ठ स्थापित होने पर भारत के वैज्ञानिक कौशल के बारे में सभी हितधारकों के बीच सामान्य जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विज्ञान से संबंधित सभी विभागों की सफलता की कहानियों को संकलित करके उन्हें आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

मंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को क्षेत्रीय भाषाओं में सूचना का प्रसार करने के लिए मिलकर काम करने, रचनात्मक विषय सामग्री का सृजन करने और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित दैनिक समाचार बुलेटिन तैयार करने का निर्देश दिया।वहीं, अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों को दिए जाने वाले 200 पुरस्कारों को युक्तिसंगत बनाने की योजना बनाई है, ताकि दोहरीकरण से बचा जा सके और पारदर्शिता लाई जा सके। बैठक में सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक सुधारों के कारण भारत में पिछले 9 वर्षों के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस विकास चालकों के रूप में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के प्रयासों को मान्यता देने का एक उपयुक्त अवसर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने 11 मई को आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की तैयारियों की समीक्षा भी की।

## भारत के लिए निर्मित सी295 विमान की पहली उड़ान रही सफल

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के बेड़े में परिवहन विमान के तौर पर शामिल होने जा रहे एयरबस सी295 श्रेणी के पहले विमान की स्पेन के शहर सेविले में पहली उड़ान सफल रही है। एयरबस ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भारत के साथ समझौते के तहत तैयार पहले सी295 विमान ने सेविले में पांच मई को दिन में 11 बजकर 45 मिनट पर उड़ान भरी थी और करीब तीन घंटे की उड़ान के बाद यह दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर सफलतापूर्वक उतर गया। भारत ने सितंबर, 2021 में एयरबस के साथ परिवहन विमान के रूप में इस्तेमाल करने के लिए सी295 विमानों की खरीद का 21,000 करोड़ रुपए का करार किया था।

इस सौदे के तहत कुल 56 विमानों की आपूर्ति एयरबस भारत को करेगी, जिनमें से 16 विमान पूरी तरह तैयार अवस्था में 2025 तक सौंपे जाएंगे। बाकी 40 विमानों का भारत में ही विनिर्माण एवं असेंबलिंग टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) करेगी। एयरबस की तरफ से पहला सी295 विमान भारत को इस साल की दूसरी छमाही में सौंपा जाएगा। इस लिहाज से पहले विमान की पहली उड़ान की सफलता को काफी अहम माना जा रहा है।

# राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ में वायुसेना विरासत केंद्र का उद्घाटन किया

**भाषा।** चंडीगढ़

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां अपनी तरह के पहले वायुसेना विरासत केंद्र का उद्घाटन किया।सिंह ने कहा कि यह बल में सेवा करने वाले सभी लोगों के साहस और समर्पण का प्रमाण है और राष्ट्र की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाता है।उन्होंने आगे कहा कि यह पहल भारतीय वायुसेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी और युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायु सेना ने पिछले साल एक सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे जिसके तहत यह केंद्र स्थापित किया गया है।उद्घाटन समारोह में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर उपस्थित थीं। इस मौके पर रक्षामंत्री सिंह केंद्र में प्रदर्शन के लिए रखे मिग-21 विमान में बैठे। वह फ्लाइंग सिमुलेटर में भी बैठे। अधिकारियों ने कहा कि यह विरासत केंद्र 17,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि यह विरासत केंद्र भावी पीढ़ियों के



लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और भारतीय वायुसेना की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेगा। सिंह ने ट्वीट किया, यह केंद्र उन सभी लोगों के साहस और समर्पण का प्रमाण है, जिन्होंने भारतीय वायुसेना में सेवा दी है और यह राष्ट्र की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा, यह पहला ऐसा केंद्र है जो 1965, 1971 के युद्धों और करगिल युद्ध तथा बालाकोट हवाई हमले सहित विभिन्न युद्धों में निभाई गई वायुसेना की भूमिका को भित्तिचित्रों और स्मृति चिह्नों के जरिए बयां करता है। यह केंद्र न केवल चंडीगढ़ के लोगों के लिए बल्कि अन्य राज्यों में रहने वाले लोगों के लिए भी एक बड़ा आकर्षण होगा। सिंह ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि यह अद्भुत पहल भारतीय वायुसेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी और युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। मंत्री ने सेंटर फॉर साइबर ऑपरेशन एंड सिक्योरिटी (सीईएनसीओपीएस) के लिए एक पट्टिका का भी अनावरण किया।

बाद में एयर चीफ मार्शल चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए हेरिटेज सेंटर के उद्घाटन पर कहा, "यह हमारे लिए गर्व का क्षण है" उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि एक बार यहां आने के बाद यह बहुत सारे युवाओं को भारतीय वायुसेना में शामिल होने के लिए आकर्षित करेगा। विभिन्न वर्गों में विभाजित, विरासत केंद्र में कई आकर्षण हैं जैसे कि विमान के मॉडल, एयरो इंजन और हथियार।

केंद्र में फ्लाइंग सिमुलेटर भी हैं जो आगंतुकों को उड़ान का अनुभव प्रदान करेंगे। विरासत केंद्र के आकर्षणों में पांच पुराने विमान और एसएएम-तीन पिकोरा मिसाइल भी शामिल हैं। केंद्र में एक हिंदुस्तान पिस्टन ट्रेनर-32 प्राथमिक उड़ान प्रशिक्षण विमान प्रदर्शित किया गया है। भारतीय वायुसेना में इसके संचालन की अवधि 1977 से 2009 तक थी। एक मिग 21 एकल सीट लड़ाकू विमान को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा एयर वाइस मार्शल हरजिंदर सिंह द्वारा 1958 में बनाए गए एयरफोर्स कानपुर। को प्रदर्शित किया गया है। एक जीएनएटी विमान (सेब्रे स्लेयर) 1971 भी यहां प्रदर्शित है।

केंद्र में एक विशेष खंड भी है जो भारतीय वायुसेना में महिला अधिकारियों को राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान के लिए समर्पित है। केंद्र में नेत्र विमान, प्रचंड हेलीकॉप्टर, एमआई-26, मिग 29, स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान, सी-130 जे हरक्यूलिस, एमकेआई एरियल रिफ्यूलर, सुखोई एसयू-30 एमकेआई, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर-ध्रुव और एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली वर्कस्टेशन के छोटे मॉडल भी यह केंद्र भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास को भित्तिचित्रों की मदद से प्रदर्शित करता है।

## क्विक न्यूज

### मध्यप्रदेश में भंडारगृहों से गेहूं, चना और सरसों बाहर निकालने पर रोक, कारोबारी भड़के

**इंदौर।** मध्यप्रदेश सरकार ने भंडारगृहो (वेयरहाउस) में गेहूं, चने और सरसो के स्टॉक के दस्तावेज को जांचने का फैसला किया है और जांच पूरी होने तक इस माल को बाहर निकाले जाने से रोकने के लिए व्यापारियों पर अस्थाई रोक लगा दी है। उधर, दलहन कारोबारियों के एक अग्रणी संगठन ने इस रोक को तुगलकी फरमान करार देते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि इसे जल्द वापस लिया जाए। नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से 28 अप्रैल को जारी आदेश में राजस्व महकमे के अनुविभागीय अधिकारियों को भंडारगृहों में गेहूं, चने और सरसों के स्टॉक के दस्तावेज जांचने के लिए अधिकृत किया गया है। आदेश में कहा गया है कि जांच पूरी होने तक तीनो जिंसो को भंडारगृहो से बाहर निकाले जाने पर रोक रहेगी। हालांकि, बहुत जरूरी होने पर जिलाधिकारी या उसके अधिकृत अफसर की जांच के बाद स्टॉक को बाहर निकाला जा सकेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह रोक किसानो के भंडारित गेहूं, चने और सरसो पर लागू नही होगी। कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक शासकीय तंत्र को आशंका है कि गेहूं, चने और सरसों की सरकारी खरीद के दौरान कुछ लोग किसानों के रूप में फर्जी पंजीयन कराकर भंडारगृहों में जमा जिंसो को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार को बेचकर अनुचित लाभ कमा सकते है। उधर, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने भंडारगृहों से गेहूं, चने और सरसों को बाहर निकालने पर सरकारी रोक को तुगलकी फरमान बताया और कहा कि इस अव्यावहारिक कदम से तीनो जिसो का कारोबार बर्बाद हो जाएगा।

### धीरेंद्र शास्त्री का पटना में भव्य स्वागत होगा: मनोज तिवारी

**पटना।** भोजपुरी अभिनेता-गायक से राजनेता बने मनोज तिवारी ने सोमवार को दो-टूक अंदाज में कहा कि धीरेंद्र शास्त्री का पटना में भव्य स्वागत किया जाएगा और उनकी यात्रा का विरोध करने वाले मानवता के विरुद्ध हैं। मनोज तिवारी के बयान के बाद बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के पटना आने को लेकर बिहार की सत्तारूढ़ महागठबंधन सरकार के नेताओ और विपक्षी पार्टी भाजपा के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई है। तिवारी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, जो लोग बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जी के बिहार दौरे का विरोध कर रहे है, वे मानवता के विरुद्ध है... केवल भारत मे ही नही बल्कि देश के बाहर भी। उन्होने कहा कि पटना मे बाबा का भव्य स्वागत किया जाएगा और लोगो को धीरेंद्र शास्त्री जी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी करने से बचना चाहिए, वह एक महान संत हैं। तिवारी ने कहा कि जो लोग हिंदू संतो या हमारे सनातन धर्म को बदनाम करने की कोशिश करेंगे, उन्हे परिणाम भुगतना होगा। धीरेंद्र शास्त्री जी हाल ही मे लंदन गए थे और अब प्रवचन के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने की तैयारी कर रहे है। शास्त्री पटना जिले में नौबतपुर के पास पांच दिवसीय हनुमत कथा शुरू करेंगे और उनके 13 मई को पटना पहुंचने की उम्मीद है। शास्त्री मध्य प्रदेश के तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम के पीठाधीश है। बिहार भाजपा के नेता पटना यात्रा से पहले ही धीरेंद्र शास्त्री को बदनाम करने की कोशिश करने वालों के चेहरे पर कालिख पोतने की धमकी दे चुके हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा था कि अगर कोई शास्त्री के कार्यक्रम का विरोध करता है तो वे चुप नही बैठेंगे।

### भाजपा विधायक ने हिमालय और गंगा के वैज्ञानिक प्रबंधन का आग्रह किया

**देहरादून।** उत्तराखंड मे टिहरी के भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय ने सोमवार को सांसदो की समिति से जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव से बचने के लिए हिमालय एवं गंगा का वैज्ञानिक प्रबंधन किए जाने का आग्रह किया। केंद्र की विभिन्न योजनाओ की समीक्षा के लिए उत्तराखंड का दौरा कर रही 30 सांसदो की समिति के टिहरी पहुंचने पर उसे सौपे गए एक ज्ञापन मे उपाध्याय ने कहा कि प्राणवायु के बाद जल और अन्न मानव जीवन की सुरक्षा और निरंतरता के मुख्य कारक है, लेकिन विश्व जलवायु नियंता हिमालय और सनातन धर्म की रक्षक गंगा संकट मे है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिको का हवाला देते हुए उपाध्याय ने कहा कि यदि हिमालय का प्रबंधन ठीक नही किया गया तो अगले 50 साल मे हिमालय पर एक बूंद बर्फ नही बचेगी और इसका वैश्विक असर होगा। उन्होने कहा कि वैज्ञानिको के अनुसार आधी दुनिया जल के भीतर होगी और विकसित देश सबसे अधिक प्रभावित होगे। उन्होंने कहा कि बहुत से देशो का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और भारत भी इससे बच नही पाएगा तथा सबसे बड़ा संकट भारत की राजधानी दिल्ली को झेलना पड़ेगा। भाजपा विधायक ने समिति से संसद को इन भावनाओ से अवगत कराने का आग्रह करते हुए कहा, अगर आप अनुमति प्रदान करें तो मै हिमालय व गंगा की सुरक्षा के संबंध मे समिति तथा संसद के सम्मुख तथ्यो के साथ विश्व पर मंडराते संकट से अवगत करा सकता हूं तथा इस संकट से कैसे मुक्ति मिलेगी, उसकी रूप रेखा प्रस्तुत कर सकता हूं। उन्होंने इस संबंध मे हिमालय मे स्थित टिहरी बांध का भी जिक्र किया और कहा कि यह जहां एक ओर राष्ट्र को विद्युत के माध्यम से प्रकाश प्रदान कर रहा है, वही दूसरी ओर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाखो निवासियो को पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ लगभग पूरे उत्तर भारत को सिंचाई एवं पेयजल उपलब्ध करा रहा है।

### द्रमुक सरकार ने तमिलनाडु में द केरला स्टोरी को सुनियोजित तरीके से सिनेमाघरों से हटाया : भाजपा

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दावा किया कि तमिलनाडु मे सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने द केरला स्टोरी फिल्म को राज्य मे सुनियोजित तरीके से सिनेमाघरो से हटा दिया है और सरकार पर आरोप लगाया कि वह सच्चाई को छिपाने के लिए शक्तियो का दुरुपयोग कर रही है।भाजपा की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने कहा कि यदि कट्टरपंथी ताकतो ने फिल्म प्रदर्शित करने के खिलाफ धमकी दी थी, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि सिनेमाघरो से इस फिल्म को हटाना न सिर्फ कायराना है, बल्कि खतरनाक भी है। उन्होने यहां एक बयान मे दावा किया कि राज्य सरकार ने सुनियोजित तरीके से फिल्म को सिनेमाघरो से हटा दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि द्रमुक सरकार ने सच्चाई को छिपाने के लिए शक्तियों का दुरुपयोग किया है। उल्लेखनीय है कि सात मई को तमिलनाडु थिएटर एंड मल्टीप्लेक्स ओनर्स एसोसिएशन के प्रमुख एम सुब्रमण्यम ने कहा था कि कुछ सिनेमाघरो ने यह फिल्म हटाने का फैसला किया है।

### छात्रों को मिलेगा 160 करोड़ की छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने छात्रों की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए अपने स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (एसएटी) के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है। पीडब्ल्यू एसएटी 8वीं से 12वीं कक्षा के मेधावी जेईई/नीट उम्मीदवारों और ड्रॉपर्स के लिए 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका देता है, जिससे वे विद्यापीठ सेंटर्स में अनुभवी फैकल्टी सदस्यों से उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। पीडब्ल्यू एसएटी का आगामी चरण 2023 में प्रतिदिन 14 मई तक ऑनलाइन और 7 व14 मई को ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा। छात्र पीडब्ल्यू ऐप या वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और निकटतम विद्यापीठ सेंटर्स में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। फिजिक्स वाला के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने कहा, हमारी पीडब्ल्यू एसएटी पहल पूरे भारत में योग्य छात्रों को स्कॉलरशिप और मेंटरशिप के माध्यम से विशेष शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए फिजिक्स वाला की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# चक्रवात मोर्चा के बांग्लादेश-म्यांमा तटीय क्षेत्र की ओर बढ़ने के आसार

**भाषा।** नई दिल्ली-भुवनेश्वरा-कोलकाता

**दक्षिण** पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर सोमवार को कम दबाव का क्षेत्र बना जिसके चक्रवात में बदलने और इस सप्ताह के अंत में बांग्लादेश-म्यांमा तटीय क्षेत्र की ओर बढ़ने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने इसकी पुष्टि की।

उन्होंने मछुआरों,नौका तथा छोटी नौकाओं को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में नहीं जाने साथ का सुझाव दिया है। इस चक्रवात का नाम मोचा (मोखा) होगा। यह नाम यमन ने दिया है। महापात्रा ने एक बयान में कहा, यह चक्रवात शुरू में 11 मई तक उत्तर-उत्तर पश्चिम से पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर तथा उसके



बाद फिर उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में बांग्लादेश-म्यांमा तटों की ओर बढ़ सकता है।

उन्होंने कहा कि मौसम के प्रभाव के कारण अंडमान और निकोबार द्वीपसमूहों में मंगलवार को भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर में जो लोग हैं उन्हें सुरक्षित स्थानों पर लौटने की सलाह दी जाती है, वहीं मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर अंडमान सागर के लोगों को नौ मई से पहले लौटने की सलाह दी जाती है। उसने 8 मई से 12 मई तक अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पास पर्यटन, तटीय गतिविधियों पर नजर रखने का सुझाव दिया है।

कोलकाता में मौसमविज्ञानी ने कहा कि अगले 24 घंटे में चक्रवात मोचा के आगे बढ़ने का मार्ग स्पष्ट हो जाएगा। मौसम विभाग से जुड़े अधिकारी ने कहा कि चक्रवातीय परिस्थितियों के प्रभाव के कारण सोमवार को कोलकाता में मौसम गर्म और परेशान करने वाला रहा। इसी प्रकार के मौसम जारी रहने और अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के क्रमशः 39 तथा 29 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस तथा सापेक्ष आर्द्रता 88 प्रतिशत रही। वहीं न्यूनतम तापमान 28.7 तथा न्यूनतम सापेक्ष आर्द्रता 34 प्रतिशत रही।

# उत्तराखंड में अवैध धार्मिक निर्माण पर बुलडोजर का कहर जारी

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** में सरकारी भूमि पर अवैध धार्मिक निर्माण के ध्वस्तीकरण की जारी कार्वाई के तहत सोमवार को पौड़ी जिले के कोटद्वार में पिछले दो दशक से अधिक पुरानी कथित अवैध मजार को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। कोटद्वार के उपजिला अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि गिवाई स्रोत में वन भूमि पर बनी बाबा गयासुउद्दीन औला-ए-करीम शाह की अवैध मजार पर किसी के द्वारा कोई दावा प्रस्तुत नहीं किए जाने के बाद वन विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा इसे ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले प्रशासन की ओर से मजार पर एक सार्वजनिक नोटिस चिपकाकर इस भूमि और मजार पर 15 दिनों के भीतर दावा प्रस्तुत करने को कहा गया था। कुमार ने कहा, दावा प्रस्तुत नहीं करने का मतलब है कि यह मजार अवैध रूप से वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण करके बनाई गई थी। आज इस अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर सरकार की भूमि को मुक्त करा दिया गया। अधिकारी ने बताया कि यह मजार दो बीघे से अधिक भूमि को कब्जा करके बनाई गई थी। एक दिन पहले पौड़ी जिले के सतपुली क्षेत्र में भी सतपुली-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर घोड़ा कोड़ी में प्रशासन ने कथित तौर पर सड़क से सटी सरकारी भूमि पर कब्जा करके बनाई गई सालों पुरानी एक अवैध मजार को हटा दिया गया था।

